seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

नवरात्रि ५ दिन
माँ स्कंदमाता
सीमा संदेश संग
मातृत्व का वंदन

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 282 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, गुरुवार, 15 अक्टूबर, 2026 seema-sandesh.com

LOVED IN 100 COUNTRIES

BAJAJ THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

नया 125
5" TFT कंसोल गूगल मैप्स के साथ | 3 राइड मोड्स | मोनोशॉक सस्पेन्शन

इस उत्सव सिर्फ pulsar
₹12 000/- की बचत
कैश ऑफर | NIL प्रोसेसिंग शुल्क | 5 फ्री सर्विसेस

नया N160 SS
इंटेलिजेंट थ्रॉटल | 5" TFT कंसोल गूगल मैप्स के साथ | 4 राइड मोड्स

	125	NS 125	N160 S/SS	N250	NS 400
एक्स-शोरूम कीमत	₹94 199/-	₹1 02 548/-	₹1 21 988/-	₹1 45 459/-	₹1 86 806/-
कैश ऑफर	₹2 500/-	₹2 500/-	₹3 000/-	₹3 000/-	₹5 000/-
PF सेविंग्स + 5 फ्री सर्विसेस	₹3 500/-	₹3 700/-	₹4 500/-	₹4 900/-	₹7 000/-
कुल बचत	₹6 000/-	₹6 200/-	₹7 500/-	₹7 900/-	₹12 000/-

pulsar
DEFINITELY DARING

Flipkart amazon.in पर भी उपलब्ध*
10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE
72198 21111
SHRIRAM Finance | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत केवल सीमित समय तक लागू. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैश ऑफर से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फीस और 5 फ्री सर्विसेस (2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). शून्य पीएफ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती है. फ़ायनान्सर उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. लागू होने वाले ऑफर अलग-अलग मॉडल या क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग हो सकते हैं. बताई गई एक्स-शोरूम कीमतें संबंधित मॉडल के बेस वैरिएंट की हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Sriganganagar: SHREE AMBA BAJAJ 9413385023 • Hanumangarh GANPATI BAJAJ 9462207055. Bikaner: GANPATI BAJAJ 8094444525, 0151-2945514.

सीमा सन्देश
श्रीगंगानगर, गुरुवार, 15 अक्टूबर, 2026

पैकिंग नई, सामान पुराना

एक्सपायरी खाद्य पदार्थों से भरे गोदामों पर छापेमारी, दो ट्रॉली सामान नष्ट किया



स्वास्थ्य विभाग की मार्ट सहित अन्य जगह बड़ी कार्यवाही, रिपैकिंग कर बेचते पुराना सामान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

लोगों की सेहत से खिलवाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। हनुमानगढ़ रोड से चिपती कॉलोनी में स्थित वैशाली चौक के पास करणी कृपा मार्ट पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारकर भारी मात्रा में अवधिपार खाद्य सामग्री बरामद की। चौंकाने वाली बात यह रही कि एक्सपायरी सामान को दोबारा पैक कर बाजार में बेचने की तैयारी की जा रही थी। दुकान और गोदाम से बरामद सामग्री को नष्ट करवाया गया, जबकि पारस प्लाजा स्थित गोदाम को सील कर दिया गया। करीब दो ट्रॉलियों में भरकर सामग्री को नष्ट करवाया गया। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देश और सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला के मार्गदर्शन में कार्यवाही की गई। यहां करणी कृपा मार्ट की दुकान और एक गोदाम में भारी मात्रा में अवधिपार खाद्य सामग्री मिली। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले एक अन्य मार्ट पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्यवाही की थी।

यहां शिकायत करने पर होगी कार्रवाई : सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आमजन स्वास्थ्य विभाग के व्हाट्स एप नंबर 9351504313 पर शिकायत भेज सकते हैं। आमजन का नाम पूरी तरह से गुप्त रखते हुए संबंधित संस्थान के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



इससे पहले भी यहां हो चुकी कार्यवाही...इसी फर्म से संबंधित अन्य स्थान पर भी पहुंची खाद्य सुरक्षा टीम, गोदाम सील किया: कार्रवाई में एफएसओ रेणु चौधरी, मंजूबाला, नित्या शर्मा, उर्मिला भादू, सीओआईईसी विनोद बिश्नोई, संदीप वर्मा एवं यशपाल आदि शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि करणी कृपा मार्ट पर इससे पहले भी कार्रवाई के दौरान अवधिपार खाद्य सामग्री मिली थी। इसके बावजूद दोबारा इस प्रकार की सामग्री मिलने पर विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। इसी फर्म से संबंधित एक अन्य गोदाम पर भी टीम ने दबिश दी, जहां भारी मात्रा में लाखों रुपए की अवधिपार खाद्य सामग्री मिली। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पारस प्लाजा में दुकान नंबर 09 स्थित गोदाम पर भी कार्रवाई करते हुए सील कर दिया।



यहां भी जांच...
जोधपुर स्वीट कॉर्नर पर रसगुल्ले और मावे के सैंपल लिये

एफएसओ रेणु चौधरी एवं उर्मिला भादू ने जैन कॉलेज के पास स्थित जोधपुर स्वीट कॉर्नर पर निरीक्षण किया। यहां से मावे एवं रसगुल्ले का सैंपल लिया गया। इसी तरह एफएसओ मंजूबाला एवं नित्या शर्मा ने मीरा चौक स्थित जोधपुर स्वीट होम का निरीक्षण किया, जहां मिठाइयों में चींटियां एवं अन्य मक्खियां आदि मिलने पर संस्थान प्रबंधक को सफाई व्यवस्था के लिए पाबंद किया और लड्डू एवं मिल्क केक का सैंपल लिया।

विभिन्न देशों के लिए मिलेगा मार्गदर्शन

विदेश घूमने के लिए टूरिस्ट, विज़िटर वीजा की सुविधा



श्रीगंगानगर।

विदेश घूमने या अपने परिवार और दोस्तों से मिलने जाने की योजना बना रहे लोगों के लिए वीजा मास्टर्स इंडिया द्वारा विभिन्न देशों के टूरिस्ट और विज़िटर वीजा के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। अब आप कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूके, अमेरिका, इटली, शेंगेन देशों और यूरोप के अन्य देशों सहित कई देशों के वीजा के लिए संपर्क कर सकते हैं।

वीजा मास्टर्स इंडिया में आवेदकों को वीजा आवेदन की प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेजों और अन्य आवश्यक जानकारी के लिए मार्गदर्शन दिया जाता है। चाहे आप छुट्टियां बिताने, घूमने या अपने परिवार और दोस्तों से मिलने विदेश जाना चाहते हों, आप अपनी यात्रा के अनुसार वीजा संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। हर देश के वीजा के नियम और दस्तावेज अलग-अलग होते हैं। इसलिए आवेदन करने से पहले अपनी प्रोफाइल और संबंधित देश की जरूरतों के अनुसार जानकारी लेना जरूरी है। विदेश यात्रा के लिए टूरिस्ट या विज़िटर वीजा संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए आज ही संपर्क करें।

सम्पर्क करें :
वीजा मास्टर्स इंडिया
6 पी-ब्लॉक, शू बैंक के ऊपर,
फर्स्ट फ्लोर, राधेश्याम रोड,
श्रीगंगानगर
+91 93511-88888

केंद्रीय विद्यालय में पुरस्कार समारोह हुआ

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। साधुवाली छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार जांगिड़ द्वारा हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसी दौरान विद्यालय में आयोजित विभिन्न रचनात्मक अधिगम गतिविधियों के प्रतिभागियों एवं एनसीसी कैडेट्स को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य अजय कुमार जांगिड़ ने कहा की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेना बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। यह जरूरी नहीं है की हर बच्चा कोई स्थान अर्जित करे बल्कि किसी गतिविधि में भाग लेना भी अपने आप में एक उपलब्धि होती है। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

श्रीगंगानगर में रात को बारिश से मौसम ठंडा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शहर सहित आसपास के एरिया में बुधवार रात को मौसम बदल गया। श्रीगंगानगर शहरी क्षेत्र में रात को हल्की बारिश हुई। समाचार लिखे जाने तक बिजली गरज रही थी। मौसम विभाग ने दो दिन बादलवाही, हल्की बारिश का अनुमान जताया है। वहीं, खाजूवाला क्षेत्र के कुछ गांवों में ओलावृष्टि का समाचार है। वहां शाम को बारिश हुई। बारिश के बीच हवाओं से मौसम ठंडा हो गया।

स्ट्रीट लाइट सुधारते समय हादसा, कर्मचारी को लगा करंट: सूरतगढ़। शहर में बुधवार दोपहर बेदी आइस फैक्टरी के पास स्ट्रीट लाइट ठीक करते समय नगर पालिका का ठेका कार्मिक शिवा (31) करंट की चपेट में आ गया। दूरसंचार पोल को छूने से उसे तेज झटका लगा और वह नीचे गिरकर झुलस गया। घटना में उसका एक कान, हाथ और सीना प्रभावित हुआ। उप जिला चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर पहुँचाया गया, जहाँ से एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र राठौड़ और विद्युत कर्मियों ने अस्पताल पहुँचकर घायल के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

जागो किसान जागो पूरा हिसाब
सीमा सन्देश की
किसान-जागरूकता शृंखला
सीजन-2
एपिसोड 1
15 अक्टूबर
सीमा सन्देश
ट्रैक्टर खरीदो, ठगी नहीं

ट्रैक्टर आपकी शान या कर्ज़ का बोझ? खरीदने से पहले ठहरिये, जरूरत और बजट पर गौर कीजिए

बड़े टायर और ज्यादा हॉर्सपावर की होड़ में किसान भूल रहे हिसाब-किताब, रु. 8 से 10 लाख के ट्रैक्टर के लिए नवरात्रि ऑफर कितना फायदेमंद? ट्रैक्टर सिर्फ खेती की मशीन नहीं, किसान की पहचान है। नया मॉडल, बड़े टायर और ऊंचा हॉर्सपावर — गांव में यही शान का पैमाना बन गया है। ट्रैक्टर कंपनियां और डीलर यह बात अच्छी तरह जानते हैं। इसलिए नवरात्रि आते ही शोरूमों पर 'पुराना दो, नया लो' के ऑफर इसी शान को निशाना बनाते हैं।

ट्रैक्टर की उम्र कितनी

विशेषज्ञों के अनुसार सही रख-रखाव में एक ट्रैक्टर 15 से 20 साल तक आराम से चलता है। क्षेत्र के कई गांवों में आज भी 1980 के दशक के ट्रैक्टर खेत जोत रहे हैं। कंपनियां खुद नए ट्रैक्टर पर 3 से 4 साल तक की वारंटी देती हैं। इसके बावजूद कई किसान हर दो-चार साल में ट्रैक्टर बदल देते हैं।

अगर किसान अपने ट्रैक्टर की सही तरीके से देखभाल करे, समय-समय पर सर्विसिंग करवाता रहे और उसकी नियमित मेंटेनेंस पर ध्यान दे, तो एक ट्रैक्टर आसानी से 10 से 15 साल तक साथ निभा सकता है। अगर खर्च की बात करें, तो 10 बीघा जमीन में इस्तेमाल होने वाले ट्रैक्टर के लिए किसान को सालाना कम से कम 15 से 20 हजार रुपये मेंटेनेंस के लिए रखने चाहिए। इससे ट्रैक्टर के सभी पार्ट्स की स्थिति अच्छी बनी रहती है, मशीन की परफॉर्मेंस बेहतर रहती है और बीच-बीच में आने वाली बड़ी खराबियों से भी बचा जा सकता है। ट्रैक्टर की उम्र और उसकी कार्यक्षमता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करती है कि किसान उसकी देखभाल कितनी अच्छी तरह करता है।



विकास सुथार, *विश्वकर्मा ट्रेक्टर स्पेयर पार्ट एंड वर्कशॉप, दौलतपुरा, श्रीगंगानगर*

शान का असली खर्च

हर दो-चार साल में ट्रैक्टर बदलना जरूरी नहीं, खरीद से पहले जरूरत, हॉर्सपावर और ईएमआई का हिसाब समझना जरूरी। कई किसान हर दो से चार साल में ट्रैक्टर बदल लेते हैं, जबकि ऐसा करना हमेशा जरूरी नहीं। पुराने ट्रैक्टर की सही देखभाल और समय पर मरम्मत से काम चल सकता है।

एक्सचेंज में पुराने ट्रैक्टर की कीमत भी नए ट्रैक्टर के मुकाबले काफी कम मिलती है , और यह घाटा किसान को उठाना पड़ता है। वहीं हर नई बिक्री डीलर के लिए मुनाफे का सौदा है – ट्रैक्टर के साथ फाइनेंस, बीमा और आरसी के कामों में भी कमाई जुड़ी होती है।

खरीद से पहले तीन सवाल

- नया ट्रैक्टर लेने से पहले किसान देखें कि पुराने की मरम्मत से काम चल सकता है या नहीं।
- दूसरी बात, ईएमआई किसान की आमदनी और खेती के खर्च के मुताबिक होनी चाहिए।
- तीसरा, क्या वास्तव में ज्यादा हॉर्सपावर की जरूरत है या खरीद केवल दिखावे के लिए हो रही है?

बड़ी जोत और भारी कृषि कार्यों के लिए नया ट्रैक्टर जरूरी हो सकता है। लेकिन फैसला ऑफर या शान देखकर नहीं, जरूरत और बजट देखकर लेना ही समझदारी है।

किसानों की जुबानी- हमारा ट्रेक्टर, हमारी शान



1952 का ऐतिहासिक फर्ग्यूसन ट्रैक्टर 6600 रुपये में आया था बुर्जवाला, 29 मुरब्बा जमीन पर आज भी दर्ज है इसकी विरासत श्रीगंगानगर जिले की तहसील श्रीकरणपुर के गांव बुर्जवाला के किसान ***जितेन्द्रपाल सिंह उर्फ काका बराड़*** आज भी विरासत को सम्भाले हुये है। साल 1952 में खरीदा गया यह 24 हॉर्सपावर (एचपी) का ट्रैक्टर न केवल क्षेत्र के कृषि इतिहास का गवाह है, बल्कि संयुक्त परिवार और खेती की साझी विरासत का प्रतीक भी है। इस 24 एचपी क्षमता वाले फर्ग्यूसन ट्रैक्टर से परिवार की लगभग 29 मुरब्बा जमीन की जुताई की गई थी। उस समय जब कृषि में मशीनीकरण की शुरूआत ही हो रही थी, तब इस ट्रैक्टर ने खेती के तौर-तरीकों को बदलने में अहम भूमिका निभाई थी।



हनुमानगढ़ टाउन के गुड़ मंडी के पास निवासी दिनेश स्वामी के पास 1965 मॉडल का एक रूसी (रसियन) बेलारूस ट्रैक्टर है, जो आज भी तीन पीढ़ियों से खेती और माल ढुलाई के काम आ रहा है। आज भी स्वामी परिवार अपनी करीब डेढ़ सौ बीघा जमीन की बिजाई और अन्य कृषि कार्य इसी ट्रैक्टर से करते हैं। इसकी मरम्मत और सर्विस की परंपरा भी तीन पीढ़ियों से एक ही जगह पर चल रही है।



श्रीगंगानगर जिले के किसान प्रेम शर्मा भी 1962 से टैफे मैसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर चला रहे हैं। इन्होंने कहना है कि इस ट्रैक्टर में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आई है। समय पर सर्विस करवाने से ट्रैक्टर लम्बे समय तक चलता है। साथ ही, रख-रखाव बेहतर होना चाहिए। सर्विस यदि लेट करवाते हैं तब कई बार दिक्कत हो सकती है, लेकिन हमने हमेशा ट्रैक्टर की सर्विस समय पर करवाई और उसका सही ढंग से संचालन किया।



श्रीगंगानगर जिले के गांव 4 एच निवासी राजेन्द्र सिंह देओल के मुताबिक उनका परिवार 1964 से टैफे मैसी फर्ग्यूसन के ट्रैक्टर से जुड़ा हुआ है। उनका कहना है कि मजबूती, माइलेज के दम पर उक्त कंपनी के ट्रैक्टर किसानों के बीच अपनी पहचान बनाए हुए हैं। खेतों में ऐसा ट्रैक्टर चाहिए, जिस पर रोज के कृषि कार्यों के लिए भरोसा किया जा सके। उन्होंने कहा कि बदलते युग में हमने नया ट्रैक्टर भी लिया है, लेकिन इसके साथ-साथ हम पुराना ट्रैक्टर भी इस्तेमाल कर रहे हैं। अगली पीढ़ी को भी हम ट्रैक्टर के रख-रखाव की जानकारी देते हैं।

असली शान चमचमाता नया ट्रैक्टर नहीं - कर्ज़ मुक्त खेत और भरा हुआ घर है

कल · 16 अक्टूबर
"एक्सचेंज का जाल"
आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं
बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।
स्कैन करें या संदेश भेजें
93528 93528
किसान की बात, किसान के साथ — यही है सीमा सन्देश की पहचान
1951 से

जिला कलक्टर ने दिये निर्देश, 25 को मैराथन व अन्य गतिविधियां

श्रीगंगानगर का 100वां स्थापना दिवस; कार्यक्रमों के लिए सौंपी जिम्मेदारियां

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

जिले के 100वें स्थापना दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि स्थापना दिवस कार्यक्रमों के तहत 25 अक्टूबर को मैराथन गंगानगर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी विभाग के अधिकारी-कार्मिक अधिकाधिक पंजीकरण करवाएं और मैराथन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अधिकाधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

पुलिस लाइन खेल मैदान में होगी रंगोली व चित्रकला प्रति. :



बैठक में पर्यटन विभाग के अधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि स्थापना दिवस के तहत बताया कि 25 अक्टूबर 2026 मैराथन गंगानगर के पश्चात शिक्षा विभाग द्वारा पुलिस लाईन खेल मैदान में बच्चों की रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता, फन रन और विभिन्न प्रकार की गतिविधियां प्रस्तावित हैं।

स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और 26 अक्टूबर को गंगासिंह चौक पर जिले के संस्थापक महाराजा गंगासिंह को श्रद्धापूर्वक नमन कर पुष्पाजंलि दी जायेगी। इसके पश्चात शिवपुर हैड पर सर्वधर्म पूजा अर्चना, हवन कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग, नगर परिषद, यूआईटी सहित संबंधित विभागों को कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारियां सौंपते हुए आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) सुभाष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विन के. पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा, शुगर मिल महाप्रबंधक स्वाति गुप्ता, नगर परिषद आयुक्त मिलख राज, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम चौहान, विजय कुमार, देवानंद, डॉ. अरविंद मित्तल, अरविंदर सिंह, प्रीति गर्ग, अमिता बिश्नोई, ममता बिश्नोई, सुश्री याशिका सहित अन्य उपस्थित रहे।

श्रीकरणपुर : त्यौहारों को लेकर विशेष सफाई अभियान चलेगा



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

दीपावली सहित अन्य त्यौहारों को देखते हुए शहरी क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा एवं अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई ने कार्यप्रारूप तैयार किया है। ईओ ने बताया कि प्रत्येक दिन तीन वार्डों में सफाई कार्य किया जाएगा। सफाई सेवकों के साथ जेसीबी मशीन, लोडर, ट्रैक्टर- ट्रॉलियों का उपयोग किया जाएगा। प्रतिदिन तीन वार्डों में सड़कों, नाले - नालियों की सफाई के साथ झाड़-झंखड़ को भी हटाया जाएगा। शहरी क्षेत्र में कई खाली प्लॉट हैं, जिनकी चारदीवारी नहीं है और वहां मलबा पड़ा है। इन प्लॉटों के मालिक स्वयं मलबा हटाकर वहां सफाई करवाएं, अन्यथा पालिका टीम नियमानुसार कार्यवाही करेगी। पालिकाध्यक्ष विनय तनेजा के साथ अधिशासी अधिकारी ने राउमा विद्यालय के खेल मैदान का निरीक्षण किया गया। सफाई, लाइट व्यवस्था व सुविधाएं उपलब्ध कराने पर मंथन किया गया।

seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

नवरात्रि ५ दिन
माँ स्कंदमाता
सीमा संदेश संग
मातृत्व का वंदन

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 282 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, गुरुवार, 15 अक्टूबर, 2026 seema-sandesh.com

न्यूज इन ब्रीफ

थोक महंगाई 11.39% के रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली। विनिर्मित उत्पादों, ईंधन और खाद्य पदार्थों के दामों में तेज उछाल से सितंबर 2026 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर रिकॉर्ड 11.39 प्रतिशत पर पहुंच गई। 2022-23 आधार वर्ष की नई सीरीज में थोक महंगाई पहली बार दहाई अंक में आई है। अगस्त में यह 9.92% थी।

रिलायंस की 2032 करोड़ की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फेमा के तहत अनिल अंबानी समूह की रिलायंस पावर की 2,032.81 करोड़ की संपत्तियां जब्त की हैं। जांच के अनुसार, 2006 में जुटाए गए फंड से सिंगापुर और बीवीआई की मुखौटा कंपनियों के जरिए धन की हेराफेरी की गई। रिलायंस पावर ने आरोपों को निराधार बताया है।

ईडी ने 130 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। तिरुपति मंदिर (टीटीडी) के लड्डू प्रसादम में 234.5 करोड़ का मिलावटी घी आपूर्ति करने के मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 'भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरीमिल्क' और संबंधित संस्थाओं की 129.85 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की हैं। पाम ऑयल व केमिकल्स से नकली घी तैयार कर कमीशन आधारित फ्रंट डेयरियों के जरिए सप्लाई किया गया था।

करंट से 2 प्रवासी मजदूरों की मौत

बरनाला। तपा अनाज मंडी में बुधवार को बिजली का तार जोड़ते समय सीढ़ी हाईटेंशन लाइन से छू जाने से तीन मजदूर करंट की चपेट में आ गए। हादसे में खगड़िया (बिहार) निवासी सचिन पासवान (15) और रुदन पासवान की मौत हो गई, जबकि रजित राव गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कांग्रेस नेता के भाई के कब्जे से जमीन मुक्त

कोटा। सुल्तानपुर में प्रशासन ने कांग्रेस नेता अमीन पठान के भाई रफीक पठान द्वारा कब्जाई गई करीब 14 बीघा (2.19 हेक्टेयर) बेशकीमती सरकारी भूमि को मुक्त कराया। चार घंटे चली कार्रवाई में बुलडोजर चलाकर सिवायचक व वन विभाग की जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया। मौके पर नगरपालिका का बोर्ड लगाकर सरकारी स्वामित्व दर्ज किया गया।

429 करोड़ की जीएसटी धोखाधड़ी

चंडीगढ़। पंजाब के कर विभाग ने 429.30 करोड़ के जीएसटी फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि जांच में 62 आपस में जुड़ी फर्जी फर्में सामने आई हैं, जिनमें 25 पंजाब में सक्रिय हैं। यह गिरोह ई-वे बिल और जाली दस्तावेजों से माल ढुलाई दिखाकर अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट ले रहा था। मामले की आपराधिक जांच पुलिस को सौंपते हुए लुधियाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

डूबने से भाई-बहन की दर्दनाक मौत

सवाई माधोपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के डेकवा-नया गांव के पास एनीकट में डूबने से 9 वर्षीय प्रियंका और उसके 6 वर्षीय भाई टोनी की मौत हो गई। दोनों नहाते और पानी भरते समय गहरे पानी में चले गए थे।

हाईजैक अलर्ट से इमरजेंसी लैंडिंग

जयपुर/नई दिल्ली। फ्रैंकफर्ट से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट को बम की धमकी और पायलट द्वारा गलती से 'हाईजैक कोड 7500' दबने के बाद बुधवार को जयपुर में आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। सभी 250 यात्री सुरक्षित हैं।

खुशखबरी ● 3 पेंशन योजनाओं से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम हटा; केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी विस्तृत जानकारी

11.40 लाख रेलवे कार्मिकों को 78 दिन का बोनस: दिव्यांगों को अब जन्म से पेंशन

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले रेलवे के करीब 11.40 लाख कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस देने की मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक, इस पर करीब 2,009 करोड़ खर्च होंगे। बुधवार को कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके अलावा, सरकार ने तीन पेंशन योजनाओं से इंदिरा गांधी का नाम हटाकर उनमें प्रधानमंत्री शब्द जोड़ने का फैसला किया है। दिव्यांगों की पेंशन नियमों में भी बदलाव को मंजूरी दी गई है। इसके तहत अब दिव्यांगों को 18 साल की बजाय जन्म से पेंशन मिलेगी। कैबिनेट ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को अगले पांच साल तक जारी रखने का फैसला भी लिया है।

17,951 तक बोनस

रेलवे कर्मचारियों को मिलने वाले प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस (पीएलबी) की गणना के लिए अधिकतम मासिक वेतन सीमा 7,000 तय की गई है। इस आधार पर 78 दिन के बोनस की अधिकतम रकम 17,951 बनती है।

दिव्यांगता की पात्रता सीमा 80% से घटाकर 40%

नई व्यवस्था में पेंशन के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की सीमा 80% से घटाकर 40% कर दी गई है। इससे पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले अधिक दिव्यांग लोग योजना के दायरे में आ सकेंगे।



पेंशन की दरें इस तरह होंगी

- 0 से 79 साल की उम्र: 375 प्रति माह।
- 80 साल या उससे अधिक उम्र: 625 प्रति माह।

नए नियमों के तहत पात्रता, लाभार्थियों की संख्या और पेंशन की रकम से जुड़ी जानकारी सरकार दिशानिर्देश जारी होने के तीन महीने के भीतर लागू करेगी। दिव्यांगों की पात्रता में यह बदलाव दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार किया गया है। इस कानून के तहत 40% या उससे ज्यादा दिव्यांगता वाले व्यक्ति को बेंचमार्क दिव्यांगता की श्रेणी में रखा जाता है। नियमों के मुताबिक, दिव्यांगों को मिलने वाली सहायता राशि समान श्रेणी की दूसरी योजनाओं के मुकाबले कम से कम 25% ज्यादा रखने का प्रावधान भी है।

सामाजिक सहायता कार्यक्रम पर 53,428 करोड़ खर्च होंगे

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी गई है। इस दौरान योजना पर 53,428 करोड़ खर्च होंगे। इससे देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 3.20 करोड़ लाभार्थियों को मदद मिलेगी।

इसके तहत बुजुर्गों और विधवाओं को पेंशन, दिव्यांगों को आर्थिक सहायता और परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य की मौत होने पर पात्र परिवार को मदद दी जाती है। ठरअढ की शुरूआत 15 अगस्त 1995 को गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता देने के लिए हुई थी।

यह संविधान के अनुच्छेद 41 में दिए गए नीति-निर्देशक सिद्धांतों से जुड़ा है और इसका पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाती है। सरकार के मुताबिक, बुजुर्गों और विधवाओं की पेंशन योजनाएं और राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना पहले की तरह जारी रहेंगी। वहीं, अन्नपूर्णा योजना के तहत ऐसे पात्र बुजुर्गों को अनाज दिया जाता है, जिन्हें वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिलता।

खुशखबरी ● स्कूल, कॉलेज बंद रहेंगे, हाईवे जाम का ऐलान, आरोपी राजस्थान से काबू

परमिंदर झोटा हत्याकांड के विरोध में आज पंजाब बंद

मानसा।

मानसा में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परमिंदर झोटा की हत्या के विरोध में 15 अक्टूबर को पंजाब बंद रहेगा। इसके लिए सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक का टाइम तय किया गया है। झोटा को इंसाफ दिलाने के लिए बनी एक्शन कमेटी के मुताबिक सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटीज को बंद रखने के लिए कहा गया है। इस अपील के बाद प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने सभी स्कूल प्रबंधकों को कहा है कि वह अपने यहां की स्थिति के हिसाब से फैसला करें। किसानों की तरफ से जालंधर में दिल्ली-अमृतसर हाईवे जाम करने का ऐलान कर दिया गया है। यहां सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवाजाही बिल्कुल ठप रहेगी। सभी दुकानें और बाजार समेत सभी व्यापारिक संस्थान बंद करने की अपील की गई है। व्यापारियों को बंद में सहयोग के लिए कहा गया है। इसके अलावा सभी हाईवेज पर टोल भी फ्री किए जाएंगे। इस बारे में टोल कर्मचारियों की यूनियन ने ऐलान कर दिया है।



आरोपी के घर-दुकान पर चला बुलडोजर, भीड़ ने आग लगाई

एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परमिंदर सिंह झोटा (45) की गोली मारकर हत्या के बाद पंजाब में भारी आक्रोश है। प्रशासन ने मानसा में आरोपी के घर और मेडिकल स्टोर को बुलडोजर से ढहा दिया, जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने दुकान में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पिता भीम सिंह ने सीएम और डीजीपी के इस्तीफे तथा सीबीआई जांच की मांग करते हुए कार्रवाई तक शव लेने से इनकार कर दिया है। इमरजेंसी सेवाएं बंद से मुक्त रहेंगी।

13 अक्टूबर को झोटा की हत्या की गई थी : परमिंदर झोटा का 13 अक्टूबर को मानसा में नशा बेचने का विरोध करने पर फेसबुक लाइव के दौरान मेडिकल स्टोर मालिक अश्विनी कुमार ने गोलियां मारकर कत्ल कर दिया था। अश्विनी को पुलिस राजस्थान के सालासर से गिरफ्तार कर चुकी है। उसका घर ओर मेडिकल स्टोर भी बुलडोजर से तोड़ दिया गया। झोटा के पिता भीमसैन ने डेडबॉडी लेने से इनकार कर दिया है।

बेवजह घर से बाहर न निकलने की अपील

एक्शन कमेटी ने अपील की है कि लोग कल बेवजह घर से बाहर न निकलें। किसी को भी आवाजाही में छूट नहीं दी जाएगी। अमृतसर में भी किसान मजदूर मोर्चा की तरफ से गोल्डन गेट पर प्रदर्शन किया जाएगा। बंद से सिर्फ अस्पताल, मेडिकल स्टोर, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस जैसी इमरजेंसी सेवाओं को छूट रहेगी। इसके अलावा इमरजेंसी सेवाओं की कैटेगरी में आने पर पेट्रोल पंपों को भी बंद करने का ऐलान नहीं किया गया है। परविंदर झोटा के पिता भीम सैन ने अपील की कि कल लोग गाड़ियां लेकर सड़कों पर न निकलें। इस बंद को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अकाली दल, कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल-वारिस पंजाब दे के साथ किसान संगठनों ने भी समर्थन दिया है।



नीला ड्रम हत्याकांड: मेरठ में मुस्कान व साहिल को मृत्युदंड

मेरठ। जिले के चर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड (नीला ड्रम केस) में जिला अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मुख्य अभियुक्त पत्नी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत ने अपराध की वीभत्सता और क्रूरता को देखते हुए इसे 'दुर्लभ से दुर्लभतम' (रेयर ऑफ द रेयरेस्ट) श्रेणी का माना।

फैसला-अदालत की कार्यवाही

फैसला सुनाने से पहले अदालत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दोनों से उनका पक्ष पूछा। मुस्कान ने अपनी दो मासूम बेटियों का हवाला देकर कम सजा की गुहार लगाई, वहीं साहिल भी रहम मांगता नजर आया। अभियोजन पक्ष ने शव को टुकड़े कर ड्रम में सीमेंट से दबाने की क्रूरता के आधार पर फांसी की मांग की। अदालत ने दोनों दलीलों को सुनने के बाद दोनों को मृत्युदंड सुनाया, जिसके बाद दोनों दोषी रो पड़े।

अदालत ने अपराध की वीभत्सता को देखते हुए इसे 'दुर्लभ से दुर्लभतम' श्रेणी का माना



केस का पूरा घटनाक्रम

- **24 फरवरी 2025:** सौरभ राजपूत लंदन में नौकरी छोड़कर मेरठ स्थित अपने घर लौटा।
- **3 मार्च 2025:** मुस्कान ने कथित तौर पर मां के घर से लाए कोफ्ते की सब्जी में नशीली दवा मिलाकर सौरभ को बेहोश किया। साहिल को बुलाकर हत्या की गई और वॉशरूम में शव के टुकड़े किए गए।
- **4 मार्च 2025:** शव के टुकड़ों को एक नीले प्लास्टिक ड्रम में भरकर सीमेंट और कंक्रीट के घोल से ढक दिया गया।
- **18-19 मार्च 2025:** सौरभ के भाई बबलू की गुमशुदगी रिपोर्ट के बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया। निशानदेही पर घर से नीला ड्रम काटकर शव बरामद हुआ।
- **30 सितंबर 2026:** वैज्ञानिक, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों व सीसीटीवी के आधार पर अदालत ने दोनों को दोषी ठहराया।
- **14 अक्टूबर 2026:** अदालत ने दोनों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई।

छात्रों ने पुलिस पर लगाए बर्बरता के आरोप, राहुल बोले- सबूत संभाल कर रखें

नई दिल्ली। चुनाव आयोग और सरकार के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्र-युवा आंदोलनकारियों ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। इसके बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में छात्रों ने हिरासत के दौरान दिल्ली पुलिस पर गंभीर ज्यादती और अमानवीय व्यवहार के आरोप लगाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में छात्रों व कार्यकर्ताओं ने अपनी आपबीती साझा की। दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा अदिरा ने दावा किया कि महिला पुलिस की गैर-मौजूदगी पर सवाल उठाने पर पुलिसकर्मियों ने उनके चेहरे पर मुक्के मारे, जिससे उनके एक कान से सुनने की क्षमता चली गई। एक अन्य छात्रा ने प्राइवेट पार्ट पर लात मारने और चेहरे को खरोंचने के आरोप लगाए। कंटेंट क्रिएटर रमित ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कुछ राजनीतिक कार्यकर्ताओं के इशारे पर डंडों से बेरहमी से पीटा। राहुल गांधी ने छात्रों को ढांढस बंधाते हुए सभी घटनाओं के वीडियो व साक्ष्य सुरक्षित रखने को कहा। उन्होंने कहा कि समय आने पर इन सबूतों के आधार पर पुलिसकर्मियों से लेकर शीर्ष अधिकारियों तक की जवाबदेही तय कर सजा दिलाई जाएगी।

आंदोलनकारियों के साथ राहुल की पीसी



भारतीय संस्कृति को मिल रही नई पहचान: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारतीय संगीत, नृत्य, सिनेमा और खानपान दुनिया भर के लोगों को भारत से जोड़ने का काम कर रहे हैं और देश की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर निरंतर सम्मान व पहचान मिल रही है।



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन बृहत्तर भारत: दुनिया भर में भारत के सांस्कृतिक संबंध में भेजे अपने लिखित संदेश में प्रधानमंत्री ने ये विचार व्यक्त किए। केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने प्रधानमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया, जबकि उद्घाटन सत्र में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित रहे। यह सम्मेलन 'बृहत्तर भारत सोसाइटी' की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय के अधीन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि सरकार ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण के साथ प्राचीन पांडुलिपियों को सहेजने के लिए ज्ञान भारतम पहल पर तेजी से काम कर रही है। साथ ही, विदेशों में मौजूद भारत की प्राचीन धरोहरों और कलाकृतियों को स्वदेश वापस लाने के प्रयासों को भी नई गति दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट की ईसीआई को फटकार, कहा- बहाने नहीं चलेंगे

नईदिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कर्नाटक की श्रींगेरी विधानसभा सीट पर 2023 में हुई वोटों की गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं मिलने पर चुनाव आयोग को फटकार लगाई। जस्टिस संजय कुमार और संजीव सचदेवा की बेंच ने ईसीआई से कहा कि चुनाव आयोग यह कैसे कह सकता है कि उसका रिकॉर्ड खो गया? आपका काम चुनाव कराना है और आपके पास दस्तावेज होना चाहिए। यह कहने का सवाल ही नहीं है कि आप उसे ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के बहाने नहीं चलेंगे। यह मामला कांग्रेस नेता टीडी राजेगौड़ा की याचिका से जुड़ा है।

13.3 करोड़ नागरिकों को घुसपैठिया बताना देश का अपमान : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची से हटाए गए 13.3 करोड़ भारतीयों को 'घुसपैठिया' कहे जाने पर कड़ा ऐतराज जताते हुए इसे देशवासियों का घोर अपमान बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल से हटाना विरोध के अधिकार की चोरी और भाजपा की तानाशाही का प्रमाण है। वहीं कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सवाल दागा कि गृह मंत्री बताएं कि एसआईआर में वास्तव में कितने घुसपैठिये पकड़े और निर्वासित किए गए।

राजनीति ● मोदी के 25 वर्ष पूरे होने पर अभिनंदन प्रस्ताव पारित, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा

भजनलाल कैबिनेट के बड़े फैसले: 35 लाख करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारने की तैयारी

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने पर सर्वसम्मति से अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राजस्थान के विकास को नई गति मिली है और प्रदेश 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। सीएम ने कहा कि केंद्र और राज्य के मजबूत समन्वय से दशकों से लंबित यमुना जल समझौता, नर्मदा जल समझौता और पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) जैसे अहम मुद्दों का समाधान हुआ है।



मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य की विकास परियोजनाओं का ब्योरा देते हुए कहा-

- **निवेश और रोजगार:** 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के तहत हस्ताक्षरित करीब 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है, जिससे रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों में व्यापक बढ़ोतरी होगी।
- **सड़क और रिफाइनरी:** प्रदेश में 27,750 किलोमीटर से अधिक लंबाई के ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे विकसित किए जा रहे हैं। वहीं पचपदरा रिफाइनरी परियोजना राज्य की आर्थिकी को बड़ा संबल देगी।
- **ऊर्जा क्षेत्र:** वर्तमान कार्यकाल में सौर ऊर्जा क्षमता में 28 गीगावाट की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे राज्य हरित व आत्मनिर्भर ऊर्जा का केंद्र बनेगा।

पारदर्शी भर्तियां और किसानों को दिन में बिजली

युवाओं और किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सीएम ने स्पष्ट किया कि राज्य में भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। बिना किसी पेपर लीक के 410 से अधिक परीक्षाएं आयोजित कराई जा चुकी हैं और एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। कृषि क्षेत्र में राहत देते हुए प्रदेश के 26 जिलों में किसानों को दिन के समय निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में काम चल रहा है। पर्यावरण संरक्षण के तहत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में प्रदेश भर में 30 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं।

'वन स्टेट, वन इलेक्शन' और ग्राम विकास संकल्प पत्र

पंचायत चुनावों को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप राजस्थान 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की अवधारणा पर काम कर रहा है। सभी पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव एक साथ होने से प्रशासनिक व्यवस्था व्यवस्थित होगी और विकास कार्यों में रुकावट नहीं आएगी। गांवों की वास्तविक जरूरतों को योजनाओं से जोड़ने के लिए 'ग्राम विकास संकल्प पत्र' तैयार किया गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु 'सेवा संकल्प रथ' संचालित किए जा रहे हैं। सीएम ने मतदाताओं से विकास व पारदर्शिता को प्राथमिकता देने वाले जनप्रतिनिधियों को चुनने की अपील की।

मानव-हृदय पर संगीत का प्रभाव इतना प्रबल पड़ता है कि यह क्षण-भर में चित्त की एकाग्रता ला देता है। - स्वामी विवेकानंद

संपादकीय

राजनीति में गिरता स्तर

राजनीति लोकतंत्र का वह पवित्र मंदिर मानी जाती है, जहाँ से देश की दिशा और दशा तय होती है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार, गरिमा और संस्कारों का पतन हुआ है, वह हर उस नागरिक के लिए गहरी चिंता का विषय है जो देश के भविष्य को लेकर संवेदनशील है। आज स्थिति यह हो गई है कि आम जनता वैचारिक विरोध, व्यक्तिगत अपमान और अनर्गल प्रलाप की सीमाओं को लांघ चुका है। राजनीतिक मंचों से लेकर सोशल मीडिया और मुख्यधारा के मीडिया तक, भाषा का यूं स्तरहीन होना हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है।

आजादी के शुरूआती तीन-चार दशकों में भारतीय राजनीति में मतभेद भले ही तीखे रहे हों, लेकिन विरोधियों के प्रति एक शालीनता और न्यूनतम मयार्दा का पालन अवश्य किया जाता था। दिग्गज नेता वैचारिक रूप से एक-दूसरे के धुर विरोधी होने के बावजूद व्यक्तिगत जीवन में आदर और शिष्टाचार बनाए रखते थे। इसके विपरीत, आज का दृश्य पूरी तरह बदला हुआ है। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों ही खेमों में – विशेषकर कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के कई छोटे-बड़े नेताओं से लेकर सत्तारूढ़ दल के आलोचकों तक – एक-दूसरे पर अमर्यादित टिप्पणियां करने की जैसे होड़ सी मच गई है। कम उम्र, अनुभवहीनता और सामान्य शिष्टाचार से परे लोग अपने से वरिष्ठ, योग्य और उच्च पदों पर बैठे नेताओं के साथ 'तू-तड़ाक' की भाषा में बात करने में संकोच नहीं करते।

संस्कारों का संकट और मयार्दाहीन होती सार्वजनिक भाषा

इस गिरावट के पीछे एक बड़ा कारण प्रचार की भूख और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की प्रवृत्ति है। आज के दौर में यह मान लिया गया है कि जितनी भद्दी, ऊल-जलूल और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया जाएगा, मीडिया का कैमरा और सुर्खियां उतनी ही तेजी से आकर्षित होंगी। विडंबना यह है कि मुख्यधारा का मीडिया भी इस टीआरपी की अंधी दौड़ में शामिल हो चुका है। ऐसे कुपात्र और गैर-जिम्मेदार बयानवीरों को खबरों के केंद्र में लाकर मीडिया अनजाने में इस नकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है। मिर्च-मसाला लगाकर ऐसी खबरों को परोसने से उन लोगों का मनोबल बढ़ता है जो केवल सस्ती लोकप्रियता के भूखे हैं।

एक सजग प्रबुद्धजन के रूप में इस स्थिति को देखना और महसूस करना बेहद पीड़ादायक है। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार और आलोचना का स्थान सर्वोपरि है, परंतु आलोचना जब गालियों और व्यक्तिगत आक्षेपों में बदल जाती है, तो वह संवाद न रहकर समाज में जहर घोलने का काम करती है। यह केवल नेताओं का नहीं, बल्कि हमारी संपूर्ण सामाजिक संस्कृति का अवमूल्यन है। जब नई पीढ़ी राजनीतिज्ञों के ऐसे रूप को देखती है, तो उनके मन में सार्वजनिक जीवन के प्रति अनादर और निराशा का भाव पैदा होता है।

अब समय आ गया है कि देश का सजग नागरिक और राजनीतिक दल खुद आत्ममंथन करें। विरोध नीति, नीयत और विचारधारा का होना चाहिए, न कि व्यक्ति के सम्मान और संस्कारों का। मीडिया को भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का अहसास करते हुए ऐसी अमर्यादित भाषा और तुच्छ बयानों को तवज्जो देना बंद करना होगा। जब तक राजनीति और सार्वजनिक मंचों पर फिर से संवाद की गरिमा और संस्कारों की बहाली नहीं होगी, तब तक स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना अधूरी ही रहेगी।

अंतर महाविद्यालय हॉकी प्रति. में रिकॉर्ड 10 टीमों के 180 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

एमडी कॉलेज, थालड़का को 3-0 से हराकर एसजीएन खालसा कॉलेज बना हॉकी चैंपियन



श्रीगंगानगर। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के तत्वावधान में स्थानीय एस.जी.एन. खालसा पीजी कॉलेज, श्रीगंगानगर में आयोजित अंतर महाविद्यालय हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता 2026-27 का खिताब मेजबान एस.जी.एन. खालसा पीजी कॉलेज ने अपने नाम कर लिया है। बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में खालसा कॉलेज की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एमडी कॉलेज, थालड़का (हनुमानगढ़) को 3-0 से पराजित कर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

आयोजन सचिव गुरजीत सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार हॉकी प्रतियोगिता में रिकॉर्ड 10 टीमों ने भाग लिया। इस पूरे टूर्नामेंट में 180 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन सुबह दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहले सेमीफाइनल में एमडी कॉलेज, थालड़का ने फ्रैंकलिन कॉलेज, थालड़का को 8-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान एस.जी.एन. खालसा पीजी कॉलेज ने भगत सिंह कॉलेज, नौर को 9-1 के बड़े अंतर से हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। समापन समारोह में खालसा प्रबंधन समिति के सचिव सरदार अवतार सिंह सिद्धू एवं प्राचार्या डॉ. अनुप्रिया जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में सरदार गुरबचन सिंह कंग, सरदार परमिंदर सिंह कंग, पूर्व खेल अधिकारी सुरजीत सिंह, हरविंदर सिंह (पूर्व हॉकी खिलाड़ी), बलविंदर सिंह (शारीरिक शिक्षक, खालसा स्कूल) तथा बलतेज सिंह (सेवानिवृत्त सीटीआई) शामिल रहे। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

पर्यवेक्षक एवं निर्णायक मंडल की भूमिका प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड की ओर से पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) का दायित्व डॉ. जितेंद्र कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा संकाय, टांटिया यूनिवर्सिटी, श्रीगंगानगर) ने निभाया।

अनूपगढ़; प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदान के लिए किया प्रेरित



अनूपगढ़। राजकीय कन्या महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब एवं सांस्कृतिक-साहित्यिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में गायन और नृत्य प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम समिति प्रभारी मीना देवी ने बताया कि निर्णायक मंडल में निखिलेश शर्मा और हेमलता जांगिड़ शामिल रहे। आयोजन में डॉ. कुसुमलता शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश धामू, बलजीत सिंह, रामचंद्र लिंबा और कुलविंदर सिंह ने सहयोग किया। निर्वाचन साक्षरता क्लब की गायन प्रतियोगिता में सहजप्रीत कौर ने प्रथम, रमनदीप कौर ने द्वितीय और कमलजीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक-साहित्यिक समिति की गायन प्रतियोगिता में रमनदीप ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय और दिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में कमलजीत कौर और सहजप्रीत कौर ने प्रथम तथा किंजल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं को मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

परिष्कार कॉलेज के 1000 विद्यार्थी-अभिनेताओं ने किया 'आजादी' का संघर्ष



सीमा सन्देश # जयपुर।

परिष्कार कॉलेज के 500-500 लड़के-लड़कियों ने दो दिनों तक डॉ. राघव प्रकाश द्वारा लिखित और सविता पाईवाल द्वारा संयोजित 'आजादी' नाटक का अभिनय करके एक ही नाटक में अधिकतम कलाकारों के अभिनय का अपना ही विश्व कीर्तिमान कायम रखा है। इस नाटक में 1857 का विद्रोह, लक्ष्मी बाई का संघर्ष, महात्मा गाँधी के 'सविनय अवज्ञा', 'असहयोग' और 'भारत छोड़ो' आंदोलन, जलियावाला नरसंहार, दांडी यात्रा, सुभाषचन्द्र बोस की आजाद हिंद फौज की लड़ाई, भारत-विभाजन आदि के विराट् दृश्यों को कलाकारों ने ऐसे अभिनीत किया जैसे कि वे खुद उस लड़ाई के स्वतंत्रता सेनानी रहे हों और देश को उन्होंने ही आजादी दिलाई हो।

'आजादी' की इस लड़ाई के 32 दृश्यों में कलाकारों की गर्जना से सभागार लगातार थर्राता रहा और दर्शकों की जोश भरी, और आँसुओं से भीगी आँखों के सामने, अंग्रेजी राज के विरुद्ध भारतीय जनता के संघर्ष का साक्षात दृश्य प्रस्तुत होता रहा। नौ निर्देशकों सूफियान खान, कुलदीप शर्मा, आसिफ खान, अभिषेक झाँकल, चंचल शर्मा, राजदीप वर्मा, उमेश पंत, विनोद जोशी एवं मधु देवासी ने इस नाटक का निर्देशन किया।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय के डीन प्रो. रामावतार शर्मा, प्रो. अनुराग शर्मा, प्रो. भवानीशंकर शर्मा एवं प्रो. वंदना कल्ला, श्री जगरूप सिंह यादव, पूर्व जिला कलेक्टर, प्रो. राधाकृष्ण गुप्ता, पूर्व प्राचार्य रहे।

घड़साना : करणी माता मंदिर में आज सजेगा डांडिया रास

घड़साना। नगर के करणी माता मंदिर प्रांगण में गुरुवार शाम 6 बजे शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य डांडिया एवं गरबा नाइट का आयोजन किया जाएगा। इस रंगारंग कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति डूंगर राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। आयोजन समिति के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान विशेष प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें सर्वश्रेष्ठ डांडिया नृत्य प्रस्तुत करने वाली प्रतिभागी को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, सबसे सुंदर और आकर्षक पारंपरिक पोशाक पहनने वाली प्रतियोगी को भी आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। उपस्थित सभी महिलाओं और युवतियों के लिए लक्की ड्रा के माध्यम से विशेष उपहार जीतने का भी सुनहरा अवसर रहेगा।

पंचायती राज चुनाव : विद्यालयों में स्वीप गतिविधियों का आयोजन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

जिले में आगामी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय व निजी विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्वीप गतिविधियों में भाग लिया। नोडल अधिकारी अभिषेक जैन ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शत-प्रतिशत नैतिक मतदान हेतु शैक्षणिक संस्थानों के लिए विस्तृत कार्य योजना जारी की गई है, जिसकी मॉनीटरिंग सीबीईओ द्वारा की जा रही है। जिला स्वीप समन्वयक रमन कुमार असीजा ने बताया कि विभिन्न विभागों के सहयोग से साप्ताहिक थीम आधारित कैलेण्डर तैयार किया गया है, जिससे जन-जागरूकता अभियान सतत जारी रहेगा। इस अभियान के तहत श्रीगंगानगर ब्लॉक से 111, सादुलशहर से 71, करणपुर से 63, पदमपुर से 80, रायसिंहनगर से 79, सूरतगढ़ से 115, श्रीविजयनगर से 61, अनूपगढ़ से 74 और घड़साना ब्लॉक से 66 विद्यालयों में ईएलसी प्रभारियों के निर्देशन में गतिविधियां आयोजित की गईं।

महाविद्यालय में चित्रकला-निबंध प्रतियोगिता



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

स्थानीय चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता करवाई गई। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया ने छात्राओं को लोकतंत्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी के बारे में बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण में महिलाओं की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। ईएलसी क्लब प्रभारी प्रो. आशाराम भार्गव ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता का विषय मतदाता साक्षरता एवं नैतिक निर्वाचन का महत्त्व और चित्रकला प्रतियोगिता का विषय लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु मतदान में महिलाओं की भागीदारी था। इस मौके पर ईएलसी क्लब सदस्य धापू, हर्षिता स्वामी, भैरुसिंह शेखावत, टीकमदान के साथ संकाय सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रही।

रामलीला में राम वनवास का भावपूर्ण मंचन

सीमा सन्देश # गजसिंहपुर।

श्री महावीर ड्रामेटिक क्लब, गजसिंहपुर द्वारा आयोजित श्री रामलीला में मंगलवार को राम वनवास के मार्मिक प्रसंगों का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वन गमन, अयोध्यावासियों द्वारा उन्हें रोकने के प्रयास, गुह निषाद से भेंट, केवट-राम के भावपूर्ण संवाद तथा राजा दशरथ के स्वर्गवास के दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। लीला के आरंभ में भगवान श्रीकृष्ण जी की आरती की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित व्यवसायी नरेश कुमार जाजू तथा जसपाल सोनी उपस्थित रहे। क्लब की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। केवट और भगवान श्रीराम के बीच हुए भावपूर्ण संवाद ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।



रामलीला में राजा दशरथ की भूमिका मंगत राम शर्मा, कैकई की शिवचरण, भगवान श्रीराम की बालकिशन गिरधर, गुह निषाद की ललित काठपाल, भरत की दीपांशु काठपाल, शत्रुघ्न की राकेश मेव, केवट की संजय जुनेजा तथा सौमित्र की भूमिका तन्मय वधवा ने निभाई।

इलेक्ट्रॉनिक्स-मोबाइल प्रतिष्ठानों की जांच



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार सूरतगढ़ में इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल सेक्टर में उपभोक्ता हितों के संरक्षण एवं विधिक माप विज्ञान नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए विशेष निरीक्षण किया गया। विधिक माप विज्ञान अधिकारी अमित चौधरी के नेतृत्व में साहिल इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल जंक्शन और एकता मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सभी प्रतिष्ठानों पर नियम व विभागीय निर्देश संतोषजनक पाए गए और कोई अनियमितता सामने नहीं आई। अधिकारी ने बताया कि मंत्री के निदेशों पर चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक पारदर्शिता बनाए रखना और उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना है। विभाग ने व्यापारियों से नियमों का पालन करने की अपील करते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नियो लर्निंग स्कूल में तीन वंडर जोन का हुआ शुभारंभ



सीमा सन्देश # पदमपुर।

स्थानीय नियो लर्निंग स्कूल में गैलेक्सी एडवेंचर, रेनबो लैगून और टाइनी टाउन नामक तीन आकर्षक वंडर जोन का उद्घाटन किया गया। मां भगवती की आराधना के साथ आयोजित इस समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह संधू, भाजपा नेता समनदीप बडि, एसडीएम राजेंद्र कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी, तहसीलदार सूर्यकांत स्वामी, निदेशक गोकर्ण गर्ग व गौरव गर्ग सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रबंधन समिति ने निर्मल मांगट, अमृतपाल लाली, राकेश भठेजा, आशीष तनेजा और डॉ. राजपाल जोईया का स्वागत किया। इस दौरान राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड के आवासीय शिविर के तहत सीईओ मोनिका, गुरुदत्त, रुचि गोयल और डॉ. राजपाल जोईया की उपस्थिति में अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्काउट एवं गाइड से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। संचालक गोकर्ण गर्ग ने बताया कि इन विशेष रूप से सजाए गए थीम आधारित कमरों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से आनंदमय वातावरण में सर्वांगीण विकास के नए अवसर प्रदान करना है।

सूरतगढ़ में महाराजा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास से संपन्न



सूरतगढ़। अग्रवाल समाज समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती अग्रसेन भवन में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना, महालक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसमें समाज के कई गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे। महिला समिति के नेतृत्व में रखे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समूह नृत्य, फैंसी ड्रेस, डांडिया और बारह महीनों के त्योहारों की सजीव झांकियों ने भारतीय संस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस दौरान समाज की उल्लेखनीय प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। अध्यक्ष राजेश सरावगी ने भवन निर्माण कार्यों की जानकारी दी और कोषाध्यक्ष विकास मित्तल ने वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कॉमेडियन हर्ष गोयल की हास्य प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सफल आयोजन का संचालन मनस्वी गुप्ता, यशिका गोयल, पुनीत गुप्ता व साक्षी गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

बालाजी किशन पितरजी धाम में संकीर्तन दरबार आज

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर के वार्ड नं. 6 स्थित श्री बालाजी श्री किशन पित्तरजी धाम में शुक्रवार को आसोज शुक्ल पक्ष की छठ पर शारदीय नवरात्रा आनंद महोत्सव व विराट भजन संकीर्तन दरबार सजेगा। धाम की मुखिया प्रेमा बाई के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन में सुबह सवा 11 बजे ज्योत प्रज्वलन व आरती होगी। महोत्सव में नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की सजीव झांकी मुख्य आकर्षण रहेगी। सालासर धाम के देवकीनंदन पुजारी, ओमप्रकाश राठी, शिव ओझा व नीरू राणा आदि भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में भंडारे की व्यवस्था और शाम की आरती के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा।

अमरचंद ने निभाया विश्वामित्र का किरदार



श्रीविजयनगर। आरसीपी कॉलोनी में महावीर रामलीला युवा क्लब की ओर से आयोजित रामलीला में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया जा रहा है। रामलीला के दौरान महर्षि विश्वामित्र के प्रसंग में अमरचंद मेघवाल ने विश्वामित्र की भूमिका निभाई। रामायण के अनुसार, महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ से उनके पुत्र श्रीराम और लक्ष्मण को अपने यज्ञ की रक्षा के लिए साथ ले जाने का आग्रह करते हैं। इसके बाद श्रीराम और लक्ष्मण उनके साथ वन जाते हैं तथा राक्षसों से यज्ञ की रक्षा करते हैं। कलाकारों ने इस प्रसंग को जीवंत किया, जिसे दर्शकों ने रुचि के साथ देखा।

एसकेआईटी में इंडस्ट्री-अकादमिक समिट 2026 आयोजित

सीमा सन्देश # जयपुर।



स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान (एसकेआईटी) में 14 अक्टूबर को 'टेक-प्रवाह' के तहत इंडस्ट्री-अकादमिक समिट का आयोजन किया गया। इस समिट की थीम 'स्किल्स, माइंडसेट्स एंड एआईह्लज रोल्स इन रीशेपिंग वर्क' थी, जिसमें आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस की बढ़ती भूमिका, बदलती तकनीकी आवश्यकताओं, भविष्य के रोजगार अवसरों और उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल विकसित करने पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन एसकेआईटी के डायरेक्टर एकेडमिक्स प्रो. एस. एल. सुराणा, प्रिंसिपल डॉ रमेश कुमार पचार, डीन डॉ आर. के. जैन, कॉर्डिनेटर डॉ. सविता व डॉ. आशीष नैयर और सभी विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में हुआ। दो सत्रों का संचालन डॉ. खुशबू भारद्वाज एवं डॉ. योगेश शर्मा ने किया। समिट में एमएसएमई जयपुर के निदेशक प्रदीप ओझा, सॉफ्टसर्व इंक. के सीईओ मनोज पिपरसानिया, डिजाइन 2 ऑक्यूपेंसी के निदेशक आशु गुप्ता, सीए पियूष बंसल, विजेंद्र सिंह, अरशद हुसैन, डॉ. यशपाल सोनी, हितेश शर्मा, सचिन एम. खंडेलवाल, रोहित शर्मा और आशीष गुप्ता सहित उद्योग जगत के कई प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, पेशेवर दक्षताओं, सकारात्मक कार्य-दृष्टिकोण और निरंतर सीखने के महत्व से अवगत कराया। इस दौरान एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड, राज इन्फोटेक, टेक्सिम्युलेट इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस एलएलपी, बीएसएनएल, लीगलप्रेन्योर स्ट्रैटेजिक लीगल सॉल्यूशंस तथा डैनिक एजुवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए, जिनका उद्देश्य इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और उद्योग-शिक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है। मैनेजमेंट स्टडीज विभाग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम ने शिक्षा और उद्योग के बीच संवाद को मजबूत कर भविष्य की कार्य आवश्यकताओं के अनुरूप प्रतिभा विकास को एक नया मंच प्रदान किया।

जट सिख समाज की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



गुरुद्वारा सिंह सभा में एडवोकेट स. दिलबाग सिंह की अध्यक्षता में जट सिख समाज की बैठक हुई। महासचिव स. हरपाल सिंह सिद्धु ने समाज के विकास, संगठन को मजबूत करने और पंजाबी भाषा के संरक्षण पर चर्चा की। अक्टूबर अंत तक तहसील करणपुर और गजसिंहपुर इकाइयों के निष्पक्ष चुनाव कराने का निर्णय लिया गया, जिसकी जिम्मेदारी स. परमवीर सिंह बराड़ को सौंपी गई। पदमपुर तहसील अध्यक्ष स. राम सिंह द्वारा श्रीगंगानगर में स्थायी निवास के चलते जिम्मेदारी से मुक्त होने पर, पदमपुर कार्यकारिणी के पुनर्गठन का फैसला हुआ। आगामी 27 दिसंबर को जिला स्तरीय समारोह में 10वीं और 12वीं के तीन-तीन टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित करने की जिम्मेदारी खेल अधिकारी स. जसविंदर सिंह को दी गई तथा सैन्य और आरपीएससी-यूपीएससी के चयनित राजपत्रित अधिकारियों का अभिनंदन तय हुआ। शिक्षा संस्थानों में पंजाबी भाषा के अध्यापन और शिक्षकों की अविलंब नियुक्ति की मांग की गई।

मौसम

अधिकतम	न्यूनतम
35.9°	22.3°

आर्द्रता

सुबह	शाम
80%	56%

विंड स्पीड

9-12KM/h

आज का सूर्यास्त

06:04PM

कल का सूर्योदय

06:37AM

आंधी के साथ वर्षा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम)
₹1,46,800
(22 कैरेट/10 ग्राम)
₹1,35,830

चांदी
(प्रति किलो)
₹2,17,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

श्रीदुर्गा मंदिर में चौथे नवरात्र पर भक्तों ने माता कुष्मांडा का किया पूजन

नवरात्र महोत्सव: माता के सभी नौ रूपों का अलौकिक शृंगार

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



विनोबा बस्ती स्थित श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित नवरात्रि महोत्सव के तहत बुधवार को चौथे नवरात्रा पर माँ दुर्गा की चौथी शक्ति कुष्मांडा देवी का पूजन किया गया।

सचिव राजेश वाट्स ने बताया कि पं. मनोज दुबे, पं. ऋषि शर्मा, पं. घनश्याम मिश्रा तथा पं. शेषनारायण उपाध्याय के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने माता कुष्मांडा देवी की श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना करके नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाया तथा माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है तथा माता के सभी 9 रूपों का भव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया है, जो बरबस भक्तों का मन मोह रहा है। माँ कुष्मांडा का नाम उनकी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने वाली शक्ति के कारण पड़ा है। माँ कुष्मांडा की पूजा करने से जीवन में यश-समृद्धि तथा मानसिक सुख की प्राप्ति होती है।

पंच मेवा और फलों का प्रसाद वितरित, 3100 ज्योतों की महाआरती होगी

नवरात्रि महोत्सव में श्रद्धालुओं को फलाहार नारियल, साबूदाने की खीर, पंचमेवा एवं फलों का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्री दुर्गा मंदिर में दुर्गाष्टमी 19 अक्टूबर को 3100 ज्योतों की महाआरती होगी। मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष सुशील मल्होत्रा, उपाध्यक्ष दीपक वाट्स, सचिव राजेश वाट्स, उपसचिव राजू कम्बलवाला, कोषाध्यक्ष दीपक जसूजा, ऑडिटर इन्द्र कुमार गोयल तथा राजेश अरोड़ा सहित समस्त सेवादार एवं श्रद्धालु श्रद्धा भाव से पहले नवरात्रा से ही व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।

सिविल सेवा कबड्डी चयन स्पर्धा 27 को

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राजस्थान राज्य अंतर जिला सिविल सेवा प्रतियोगिता 2026-27 के तहत कबड्डी प्रतियोगिता के चयन के लिये स्पर्धा 27 अक्टूबर को महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में होगी। जिला खेल अधिकारी हरजिन्दर सिंह ने बताया कि 18 से 20 नवम्बर तक प्रस्तावित कबड्डी प्रति. हेतु चयन स्पर्धा 27 अक्टूबर को महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में प्रातः 11 बजे होगी।

टैगोर स्कूल में नशा मुक्ति संकल्प

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत सूरतगढ़ के टैगोर पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विक्रम ज्याणी ने बताया कि नशा केवल एक व्यक्ति को बर्बाद नहीं करता, बल्कि एक परिवार की खुशियां छीन लेता है। माता-पिता के सपनों को तोड़ देता है और देश की सबसे बड़ी ताकत यानी युवा पीढ़ी को कमजोर कर देता है।

सूरतगढ़ में झपट्टामार बदमाशों का आतंक

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर में मोटरसाइकिल सवार बदमाशों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में महिलाओं के पर्स व मोबाइल छीनने की कई वारदातों से सनसनी फैल गई। बुधवार दोपहर वार्ड 30 में पार्षद कृष्ण छींपा के मकान के पास एक महिला का पर्स छीनकर भाग रहे दो में से एक आरोपी को पुलिस ने पीछा कर महाराणा प्रताप चौक पर पकड़ लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया। कार्रवाई के दौरान सिपाही सुरेंद्र के सिर में चोट आई। बैंक ऑफ इंडिया गली से लौट रही शिक्षिका सुमन स्वामी का पर्स लाल टी-शर्ट पहने बदमाश ने छीना था। पुलिस ने कांस्टेबल चौथमल मीणा व स्थानीय लोगों की मदद से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बड़ोपल निवासी दीपांशु को दबोच लिया, जबकि उसका साथी जसप्रीत फरार हो गया।

HDFC BANK
We understand your world

नीलामी बिक्री सूचना

संबंधित ऋणकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध ऋण खातों में सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव है, ये वस्तुएँ उन ऋणकर्ताओं द्वारा प्रतिज्ञा की गई थीं जिन्होंने निष्पादित ऋण समझौतों की शर्तों के अनुसार अपनी देनदारियों का पुनर्भुगतान न कर पाने के बावजूद, HDFC बैंक लिमिटेड ('बैंक') द्वारा उनके बकाया राशि चुकाने के लिए जारी किए गए अनुस्मारकों के बावजूद, अपने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। बैंक ने पहले नोटिस जारी किए, जिसमें ऋणकर्ताओं को उनके संबंधित लोन खातों में पूरी बकाया राशि चुकाने के लिए सात (7) दिनों का समय दिया गया था। चूंकि ऋणकर्ताओं ने अपने खातों को नियमित नहीं किया है, बैंक ने, ऋण समझौते और लागू कानून के तहत संघकर्ता के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, गिरवी को लागू करने और देय राशि वसूलने के लिए गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बिक्री करने का निर्णय लिया है।
नीलामी नीचे उल्लेखित शाखा(ओं) में दोपहर 3:30 बजे से आयोजित की जाएगी। यदि किसी कारणवश कोई भी गिरवी रखी गई सुरक्षा की नीलामी निर्धारित तिथि पर आयोजित या पूरी नहीं की जा सकती है, तो बैंक बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के किसी भी आगामी तिथि और समय पर नीलामी जारी रखने या पुनर्निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्र.सं.	ऋण नंबर	ऋणियों का नाम	ऋण राशि	नीलामी दिनांक	नीलामी स्थान (शाखा पता)
1	4000625188	रविंद्र कुमार	44,000	26-10-2026	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, दुकान नंबर 159, नई अनाज मंडी घड़साना, जिला श्रीगंगानगर-335707

नीलामी को सख्ती से "जैसा है वहाँ है", "जैसा है वह है", और "जो कुछ है वही है" के आधार पर किया जाएगा।
बैंक गिरवी रखे गए सोने के गहनों/आभूषणों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेटेज, वजन, या मूल्यांकन के संबंध में कोई वारंटी और स्पष्ट या निर्धारित प्रतिनिधित्व नहीं देता है। संभावित बोलीदाता नीलामी से पहले पंजीकृत वस्तुओं की स्थिति, शुद्धता, कैरेट, वजन और मूल्यांकन की जांच करने और स्वयं को संतुष्ट करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं। नीलामी से 45 मिनट पहले निरीक्षण की अनुमति पूरी तरह से बोलीदाताओं की लागत, जोखिम और विवेक पर दी जाएगी। नीलामी में भाग लेकर, बोलीदाता यह माना जाएगा कि उन्होंने गिरवी रखी गई वस्तुओं का स्वतंत्र रूप से निरीक्षण किया है और बैंक द्वारा किए गए किसी भी प्रतिनिधित्व पर निर्भर किए बिना सभी संबंधित जोखिमों को स्वीकार करते हैं। बिक्री के बाद किसी भी परिस्थिति में वापसी, विनिमय, रिफंड, मुआवजा, या रद्द करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
सभी बोलियाँ बैंक द्वारा लागू नियामक मानदंडों के अनुसार निर्धारित न्यूनतम आरक्षित मूल्य के अधीन होंगी। नीलामी मूल्य इस पर आधारित होगा कि निम्नलिखित में से कौन सा कम है: (a) पिछले तीस (30) दिनों के लिए सोने का औसत समापन मूल्य या (ख) भारत बुलियन और ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (IBJA) द्वारा जारी पूर्ववर्ती दिन प्रकाशित सोने का अंत मूल्य। बैंक को आरक्षित मूल्य को अंतिम रूप देने और आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी अतिरिक्त शर्तों को लगाने का एकमात्र विवेकाधिकार है।
यदि कोई भी ऋणकर्ता नीलामी शुरू होने से पहले ऋण अनुबंध के अनुसार संपूर्ण बकाया राशि चुका देता है, तो उस खाते के लिए गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहने, बैंक के विवेकानुसार, आगे की सूचना के बिना नीलामी से वापस ले लिए जा सकते हैं।
नीलामी और किसी भी परिणामी बिक्री पर किसी भी आगे के नियम और शर्तें लागू रहेंगी, जिन्हें बैंक, अपनी एकमात्र और पूर्ण विवेक पर, समय-समय पर लागू, संशोधित या निर्धारित कर सकता है। कृपया ध्यान दें कि बैंक के अधोहस्ताक्षरी अधिकृत अधिकारी को नीलामी की कार्यवाही को बिना पूर्व सूचना के स्थगित करने, टालने, संशोधित करने, निलंबित करने या रद्द करने का पूर्ण और असीमित विवेकाधिकार प्राप्त है। अधिकृत अधिकारी किसी भी बोली(यों) को, पूरे या आंशिक रूप से, स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है, और यह निर्णय अंतिम, निर्णायक और सभी प्रतिभागियों पर बाध्यकारी होगा।

हस्ता./- अधिकृत अधिकारी,
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

दिनांक: 15.10.2026, स्थान: श्रीगंगानगर

नगरपरिषद ने जाट धर्मशाला के पास अतिक्रमण हटाया



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। नगर परिषद द्वारा शहर में सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुरानी आबादी स्थित जाट धर्मशाला के पास बलदेव सिंह द्वारा बिना निर्माण स्वीकृति के सार्वजनिक भूमि / थड़े पर किए गए अवैध निर्माण को हटाया गया।

आयुक्त मिल्ख राज चुघ ने बताया कि उक्त प्रकरण में नगर परिषद द्वारा मौके की जांच करवाकर अतिक्रमण हटाने हेतु टीम गठित की गई थी। गठित टीम द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर को प्रातः मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उक्त अवैध अतिक्रमण को हटा दिया गया। नगर परिषद द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का स्थाई / अस्थाई अतिक्रमण नहीं करें। सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विहिप मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी का भव्य शक्ति संचलन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति और नारी सशक्तिकरण की थीम पर भव्य शक्ति संचलन निकाला गया। अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष पर बालाजी स्क्वायर (शिव चौक) से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरे इस संचलन में 600 से अधिक बहनों ने कदमताल मिलाते हुए अनुशासन का परिचय दिया।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय संयोजिका श्रीमती सरोज सोनी दीदी ने महिलाओं को संस्कार व धर्म रक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. सीमा माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि डॉ. भारती बंसल, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान से साध्वी अंबिका भारती व पूजा भारती उपस्थित रहीं। संचलन में मातृशक्ति से रानी पांडेय, मीरा स्वामी, उर्मिला कासनिया, प्रियंका चौधरी, पिंकी कपूर, वंदना कंवर तथा दुर्गा वाहिनी से ज्योति वर्मा, लुभानी गौड़, खुशी स्वामी, रूपा, मुस्कान पटीर, सुनीता जैसल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहीं। समापन सहभोज के साथ हुआ।

प्लास्टिक का उपयोग घटाने और मिशन लाइफ पर जोर



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राउमा विद्यालय मल्टीपर्पज में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड इकाई द्वारा यूथ लेड एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज और मिशन लाइफ के तहत कार्यशाला आयोजित हुई।

रेखा राम ने पीपीटी और वीडियो के जरिए बताया कि सिंगल-यूज प्लास्टिक, बोतलें और थैलियां 500 से 1000 वर्ष तक नष्ट नहीं होतीं, जिससे मिट्टी को गंभीर क्षति पहुंचती है और समुद्री जीवों की मौत का खतरा रहता है। इस दौरान स्काउट्स ने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का कम उपयोग करने और कपड़े के बैग अपनाने का संकल्प लिया। रोवर मनोज और आकाश ने कहा कि स्काउट मितव्ययी और प्रकृति का सच्चा मित्र होता है, जो इसी नियम को चरितार्थ करता है।



वर्ग पहली क्रमांक 7949



दायें से बायें:- 1) दरफ्त, 6) उदास; निम्नवित्त, ज़च्चा; सूतिका, 5) आदत का ग़ुलाम; अभ्यस्त, 7) पैर, 8) बलशाली, 9) व्यसन, 11) कटोरे की शक्ल का बड़ा एवं गहरा बर्तन, 14) बिंदु के आकार का शरीर पर होनेवाला निशान, 16) चिन्ह, 17) विपत्ति; उल्टा अर्थ, 18) तोता, 19) घूरना, 21) दाख़िल, 22) धोबी, 24) होश, 26) प्रेत, 27) असामान्य, 29) काँटा; तुला, 30) विलायती बैगन.

ऊपर से नीचे:- 2) शक्ति, 3) संकट; दुर्भाग्य, 4) एक वाद्य, 5) आम- 10) दर्दभरा, 12) सादृश्य, 13) अनिश्चित, 15) उप-योगी; अव्यर्थ, 17) सीधा खाना, 18) श्रीगणेश, 20) बाज़ू; पहलू, 23) पुत्री, 25) एक धातु, 26) मोमबत्ती, 28) संघ राज्य की इकाई.

(उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

आ	शि	क़	■	प्र	ति	कू	ल	■	हें
त्म	■	स	■	णे	■	च्च	प	लू	स
घा	■	म	ह	ता	ब	■	ट	■	मु
त	ब	■	क़्रि	■	र	सा	■	सु	ख
■	ग	■	क़	■	त	र	ज	ना	■
ज	ला	व	त	र	न	■	हा	र	ना
■	ब	क़	■	वि	■	म	न	■	रि
तं	ग	■	आ	क	■	क	■	ब	क
गी	त	■	धा	र	■	र	ही	म	■

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 15 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं -

1240: दिल्ली सल्तनत पर 1236 ई० से 1240 ई० तक शासन करने वाली रज़िया सुल्तान का निधन।

1542: मुगल बादशाह अकबर का जन्म हुआ।

1918 : शिरडी के साईं बाबा ने शरीर त्यागा।

1931 : पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म।

1932 : टाटा समूह ने पहली एयरलाइन की शुरूआत की। इसका नाम टाटा संस लिमिटेड रखा गया।

1951 : अमेरिकी टेलीविजन के हास्य धारावाहिक आई लव लूसी का प्रसारण शुरू। इसमें लूसील बॉल और उनके पति डेसी एरनाज ने प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। यह धारावाहिक दुनियाभर में खूब देखा और सराहा गया।

1961: कवि, उपान्यासकार, निबंधकार और कहानीकार सूर्यकांत निराला का निधन हुआ।

1969 : सोमालिया के राष्ट्रपति कैब्दीराशिद केली शेरमार्के की हत्या।

1987 : बुर्किना फासो में सैनिक विद्रोह में शासन प्रमुख थामस संकारा का तख्ता पलट करने के बाद उनकी और उनके कुछ समर्थकों की हत्या की।

1988 : उज्जवला पाटिल एक नौका में दुनिया की यात्रा करने वाली पहली एशियाई महिला बनीं।

1993 : नेल्सन मंडेला और एफ डब्ल्यू क्लार्क को रंगभेद को शांतिपूर्ण ढंग से खत्म करने और नये लोकतांत्रिक दक्षिण अफ्रीका की नींव रखने पर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया।

2020 : भारत की प्रथम ऑस्कर विजेता कॉस्ट्यूम डिजाइनर भानु अथैया का निधन।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर (एनएनएस) शुक्रवार द्दद्दअश्विन सुदी षष्ठद्दी को गेहूं, जौ, जई, ढैंचा, सरसों, सूरजमुखी, बिनौला एवं इसके तेल, देशी चना, मटर, मसूर, उड़द, तुवर, मोठ, राजमा चित्रा, काबुली चना, खांडसारी, बड़ी इलायची, काजू, जीरा, हल्दी, बादाम, धनिया, अजवायन, दालचीनी, इमली, जायफल, जावित्री, सौंफ, गुड़-चीनी में लाभ तथा ग्वार-ग्वार गम, बाजरा, मक्की, सोयाबीन, मूंग, शर्मिली, कलौंजी, केसर, अमचूर, लौंग, गोला, रुई, जस्ता, टिन, सूत, कॉपर, पीतल, निकिल, लोहा-इस्पात, देशी घी, दूध पाउडर सोना-चांदी में हानि की संभावना है। भाग्यांक 1-4-5-9 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 10.19 बजे पूर्वाह्नद से पहले यात्रा शुभ होगी।

आज का राशिफल

15 अक्टूबर गुरुवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन शुक्ल पंचमी, नक्षत्र-ज्येष्ठा, योग-सौभाग्य, करण-बव, दिशाशूल-दक्षिण, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : चंद्रमा वृश्चिक राशि में, सूर्य कन्या राशि में (हस्त नक्षत्र में प्रवेश), बुध और शुक्र तुला राशि में तथा गुरु और मंगल कर्क राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष: धन संबंधी मामलों में सफलता मिल सकती है और कारोबार में किस्मत साथ देगी। प्रेम संबंधों में मधुरता रहेगी, नए अवसरों का लाभ उठाएं।

वृषभ: आज कामकाज की व्यस्तता बढ़ सकती है और आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव संभव है। सेहत का ध्यान रखें और लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास जारी रखें।

मिथुन: आज नए अवसरों का लाभ उठाने और अपनी स्किल्स सुधारने का अच्छा समय है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें और सोच-समझकर फैसले लें।

कर्क : आज का दिन मिले-जुले परिणाम देने वाला रहेगा और काम पर ध्यान देना जरूरी होगा। उत्साह बनाए रखें तथा खानपान और सेहत का विशेष ध्यान रखें।

सिंह: मेहनत और समर्पण का अच्छा परिणाम मिल सकता है तथा रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। चुनौतियों का हिम्मत से सामना करें और आगे बढ़ते रहें।

कन्या: प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ाने और रिश्तों में नई ऊर्जा लाने का अवसर मिलेगा। शाम तक परेशानियां कम हो सकती हैं और राहत महसूस करेंगे।

तुला: कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों से बहस करने से बचें, क्योंकि काम का दबाव बढ़ सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रह सकती है और धन संबंधी लाभ के योग हैं।

वृश्चिक: करियर में आगे बढ़ने के लिए दिन अनुकूल रह सकता है, लेकिन आर्थिक मामलों पर ध्यान दें। भावनाओं पर नियंत्रण रखें और स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

धनु: आज आपको अपने सपनों की दिशा में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं और धन संबंधी सफलता मिल सकती है। मां की सेहत का ध्यान रखें और नियमित व्यायाम करें।

मकर: प्रेम संबंधों में संवाद और आपसी समझ से मधुरता बढ़ेगी। मानसिक तनाव से दूर रहें और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

कुंभ: आर्थिक मामलों में पार्टनर की मदद मिल सकती है, लेकिन जीवन में कुछ उतार-चढ़ाव रहेंगे। खर्च करते समय सावधानी बरतें और बजट का ध्यान रखें।

मीन: करियर में व्यस्तता रह सकती है, जबकि शाम प्रेम संबंधों के लिए सुखद रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें और अनावश्यक खर्च से बचें।

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

निर्देश : संवेदनशील बूथों पर बढ़ेगी पुलिस तैनाती

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के लिए मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव और जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य की अध्यक्षता में हुई बैठक में चुनावी सुरक्षा व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान के कारणों की समीक्षा कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। मतदान केन्द्रों पर बाउंड्री वॉल एवं फेंसिंग करवाने, कानून व्यवस्था से जुड़ी संभावित चुनौतियों का समय रहते आकलन करने तथा उनका प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अवैध शराब के भंडारण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस एवं आबकारी विभाग को सघन कार्रवाई करने तथा मतदान के दौरान सूखा दिवस प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। कानून व्यवस्था की निगरानी और त्वरित कार्रवाई के लिए सेक्टर अधिकारियों एवं एरिया मजिस्ट्रेट के दायित्वों पर भी चर्चा हुई।



1168 मतदान केन्द्रों पर होगा मतदान

जिले में पंचायत चुनाव दो चरणों में होंगे। इसके तहत एक जिला परिषद के 37 सदस्यों, 10 पंचायत समितियों के 208 सदस्यों और 325 ग्राम पंचायतों में 3,385 वार्ड पंचों के चुनाव होंगे। इसके लिए कुल 1168 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें नोहर में सर्वाधिक 207 और पल्लू में सबसे कम 79 मतदान केन्द्र हैं। बैठक में एडीएम उम्मेदी लाल मीना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

किया जागरूक

श्रीगंगानगर। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव व एसपी हरिशंकर के नेतृत्व में जारी अभियान के तहत एवरग्रीन डिफेंस एकेडमी, सूरतगढ़ में नशा मुक्ति वर्कशॉप व गंगानगर मैराथन रजिस्ट्रेशन कैंप आयोजित हुआ। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विक्रम ज्याणी ने कहा कि बुरी आदतों में सिंथेटिक नशा सबसे खतरनाक है। ह्नएक बार करके देखनेह्व की सोच जिंदगी की सबसे बड़ी भूल बन जाती है। कोच गुरुप्रीत सिंह मान ने युवाओं को नशे से दूर रहने व मैराथन में भाग लेने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि सच्चा मित्र गलत रास्ते से रोकता है।

हिमांशु और अमन ने जीते गोल्डन और सिल्वर मेडल

सीमा सन्देश# अनूपगढ़। 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जीनियस पब्लिक स्कूल, अनूपगढ़ के हिमांशु और अमन ने गोल्डन और सिल्वर मेडल हासिल किए। अंडर-17 वर्ग में हिमांशु ने पोल वॉल्ट में गोल्डन मेडल जीता, जबकि अंडर-14 वर्ग में अमन ने लंबी कूद में गोल्डन और ऊंची कूद में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। हिमांशु की प्रतियोगिता खालसा स्कूल, श्रीगंगानगर तथा अमन की प्रतियोगिता पीएम श्री राजकीय विद्यालय, विजयनगर में आयोजित हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य लखवीर सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों की तैयारी में मां अनुसुइया देवी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की भूमिका रही है। यहां कोच जगदीप कुमार और कमांडो महावीर बिश्नोई के मार्गदर्शन में खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। दोनों खिलाड़ियों के विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य लखवीर सिंह ने स्वागत किया। विद्यालय के कोच और स्टाफ सदस्यों ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी।



श्रद्धा व उल्लास से मनाया झूलेलाल महोत्सव



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। पूज्य झूलेलाल सेवा समिति के तत्वावधान में अश्विनी चंद्र दर्शन (असू चंड) महोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। सिंधी समाज के अध्यक्ष पार्षद धर्मदास सिंधी की अगुवाई में छतुमल लालवानी, डॉ. अर्जन दास सेवकानी, मोहनलाल आसवानी, जगदीश आसवानी, हाकम मल लोकवाणी, बाबूलाल आसवानी, बिशन दास गंगवानी व रमेश चुग सहित वरिष्ठ नागरिकों ने मंदिर गुंबद पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान अश्विनी आसवानी व रवि सेवकानी, टीकम चंद चुग, रोहित चंदवानी, दीवान आसमानी, रवि सिंधी, योगेश आसवानी, हरीश युग, हरि अनुपानी, दुर्गेश आसवानी, रोहित, पंकज और भारत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों से किया संवाद

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे के तत्वावधान में पटटो क न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा विद्यालयों में विभिन्न विषयों पर जागरूकता शिविर लगाना निश्चित किया है। इसी क्रम में तालुका विधिक सेवा समिति सचिव शुभम कुमार ने बताया कि एडीजे श्याम कुमार व्यास द्वारा एचएस स्कूल में छात्र - छात्राओं से संवाद किया और शिक्षा के अधिकार से अवगत करवाया। स्कूल के भवन का निरीक्षण किया। एसीजेएम महेश्वरी बरोड़ द्वारा पीएम श्री महात्मा गांधी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के अधिकार के बारे में अवगत करवाया एवं महिमा दूगड़ ने 39 एच के उच्च माध्यमिक विद्यालय पर जागरूकता शिविर आयोजित कर बालकों को जागरूक किया गया। अधिकार मित्र प्रवीण कुमार, कृष्ण सिंह व गौरव शर्मा के सहयोग से जागरूकता शिविर पूर्ण किया गया।



रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को किया जागरूक

राजकीय कन्या महाविद्यालय में मतदाता पंजीकरण शिविर

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति और निर्वाचन साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नवीन मतदाता पंजीकरण शिविर व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। अध्यक्षता मॉडल प्राचार्य मंत्री सिंह और निर्देशन हिंदी सहायक आचार्य मीना देवी ने किया। निर्णायक मंडल में मीना देवी, डॉ. ओमप्रकाश धामू व डॉ. कुसुमलता शर्मा शामिल रहे। ईएलसी क्लब की रंगोली प्रतियोगिता में किंजल, खुशबू और संगम ने प्रथम तथा अमनदीप, किरण और प्रीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, साहित्यिक समिति की प्रतियोगिता में अमनदीप, किरण और प्रीत प्रथम और किंजल, खुशबू और संगम द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।



युवाओं को सिखाए आपदा प्रबंधन के गुर

श्रीगंगानगर। माय भारत केंद्र के तत्वावधान में अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में 'अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस' पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिला युवा अधिकारी प्राची चौहान के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन निर्मल जैन व टीम ने आग, भूकंप से बचाव व फर्स्ट एड का लाइव डेमो दिया। मुख्य अतिथि डॉ. ओपी. गुप्ता ने कहा कि आपदाएं बिना बताए आती हैं, अतः युवाओं का प्रशिक्षित होना आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. सरला अग्रवाल ने छात्राओं से समाज रक्षा में भूमिका निभाने का आह्वान किया।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8378-7000 (आ. 254 क्विं.), मूंग 8621-6600 (आ. 1412 क्विं.), ग्वार 7500-4680 (आ. 56 क्विं.), नरमा 8982-8400 (आ. 2525 क्विं.), कपास 8925-8900 (आ. 23 क्विं.), चना 6960 (आ. 15 क्विं.), **श्रीकरणपुर :** सरसों 8009-8056, मूंग 8000-8891, ग्वार 7401-7786, नरमा 8700-9130, धान 3561-3650, चना 7000, नरमा 8850-8991, **रायसिंहनगरः** सरसों 4250-4400, मूंग 8400-8800, नरमा 7900-9020, ग्वार 7500-7600, **गजसिंहपुरः** मूंग 7500-8741, नरमा 8500-9072, गेहूं 2497, चना 6651-7051, ग्वार 7500, **घड़सानाः** मूंग 8950-6800, नरमा 8955-8930, सरसों 8145-8039, ग्वार 7205, **श्रीबिजयनगरः** मूंग 8800-8350, नरमा 8900-8851, ग्वार 7561-7500, बाजरी 2336-2580, **अनूपगढ़ :** नरमा 8950-8800, मूंग 8800-7201, सरसों 8302-6933, ग्वार 7962-7500,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 17000-21000, जीरा 22500-24500, अजवाइन 18500-19500, सौंफ 11000-22500, मेथी 7100, खोपरा 1880, गट गोला 415 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 3000-3100, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 22000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1440, आटा (45 किग्रा.) 1400, सूजी 1500, बेसन 7900, चावल टुकड़ी 3300-3500, चावल डबल छनाई 3500-4000, चावल सेला 3400-3500, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10000, मूंग छिल्का 9700, उड़द धुली 11800-12000, उड़द साबुत 11000-11500, अरहर दाल 11500-12000, दाल मसूर 7700, दाल चना 8150, देशी चना 7300, डालर चना 8000-8600, डबल डालर चना 9200, काला चना 7880

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 6400, गुड़ पेड़ी 5300, गुड़ शिवलिंग 6600, गुड़ बर्फी 6000-6300, चीनी महाराष्ट्र 5900, चीनी एल 6100, चीनी एम 6000, चीनी गंगानगर --

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 160 रु., तेल रिफाइंड 125-130 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 9800-10300 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 550 -650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 9800 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 550 रु., पंजाब किंग : 9400रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 530 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 650 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 590 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: कपास 8675, नरमा 8825, बाजरा 2555, ग्वार 7696, मूंग 8181, सरसों 8385, धान 2250, **डबली राठान :** नरमा 8699, धान 2181, **हनुमानगढ़ टा :** कपास 8775, नरमा 8940, बाजरा 2500, ग्वार 7700, मूंग 8465, धान 2278, **रावतसर :** कपास 8490, नरमा 9000, गेहूं 2690, बाजरा 2490, ग्वार 7740, मूंग 8470, मोठ 8916, सरसों 8373, तिल 19200, मूंगफली 6925, **नोहरः** कपास 8651, गेहूं 2787, बाजरा 2570, ग्वार 7011, चना 7281, मूंग 8300, मोठ 8924, सरसों 8000, अरण्डी 7880, मूंगफली 6750, **भादराः** गेहूं 2825, बाजरा 2501, ग्वार 7601, चना 7000, मूंग 8244, **संगरिया :** नरमा 8868, बाजरा 2551, ग्वार 7755, मूंग 7500, **गोलूवाला :** नरमा 9050, ग्वार 8001, मूंग 8571, सरसों 8131, **पीलीबंगा :** नरमा व्यापारी 8930, गेहूं 2741, बाजरा 2576, ग्वार 7941, मूंग 8499, सरसों 7922, धान 3721

गंगनहर का वरीयताक्रम

15 अक्टूबर 2026, गुरुवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एफ	753 (7)	09 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	17 अक्टूबर प्रात : 6 बजे
एलएनपी	1030 (8)	08 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	16 अक्टूबर सायं 3 बजे
केके	1043 (7)	09 अक्टूबर प्रातः 3 बजे	16 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
ईईए	1103 (7)	09 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	16 अक्टूबर सायं 3 बजे
बीबी	1301 (4)	12 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	20 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
एमके	1399(3)	13 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	21 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
एच	1706(2)	14 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	21 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
वाई	1737		
जैड	1892		
डी-भागसर	1910		
बीआईएफ+जे	1951		
पीएस	2111		
समेजा	2313		
आरबी	2583		
एचएच	2618		
रिडमलसर	2629		
फार्म	2690		
जीजी	2891		
हिरणावाली	2913		
नेतेवाला	2934		
एमएल	2994		
एमएलए	3035		
करणीजी	3365		14 अक्टूबर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में बुधवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1718 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	9634	साहवा	482
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	540
रावतसर	67	बिरधवाल हैड से नीचे	6541
सूरतगढ़	1855		
जोरावरपुरा	50		
खेतेवाली	72		

मंगलवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 14.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.94
पानी की आवक - 10963 क्यूसेक, निकासी- 14146 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1362.46
पानी की आवक- 5825 क्यू., निकासी- 11009 क्यू., बीकानेर - 1873

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

हरिपुरा	37	नाथवाना	1188
दीनगढ़	50	रतनपुरा	1200
सूरतपुरा	59	भाखरांवाली	1205
मोडिया	314	करनीसिंह	1535
लोंगवाला	549	मम्मड़खेड़ा	1730
पीलीबंगा	674	जोड़कियां	1810
अमरपुरा	790	सूरतगढ़	1930
रोड़ांवाली	803	भगतपुरा	1968
नवां-सतीपुरा	814	संगरिया	1974
मोरजण्डा	1027	नगराना	1982
प्रतापपुरा	1157	लीलांवाली	2222

राम वनवास का भावपूर्ण मंचन



गजसिंहपुर। श्री महावीर ड्रामेटिक क्लब, गजसिंहपुर द्वारा आयोजित श्री रामलीला में मंगलवार को राम वनवास के मार्मिक प्रसंगों का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वन गमन, अयोध्यावासियों द्वारा उन्हें रोकने के प्रयास, गुह निषाद से भेंट, केवट-राम के भावपूर्ण संवाद तथा राजा दशरथ के स्वर्गवास के दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। लीला के आरंभ में भगवान श्रीकृष्ण जी की आरती की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित व्यवसायी नरेश कुमार जाजू तथा जसपाल सोनी उपस्थित रहे। क्लब की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। केवट और भगवान श्रीराम के बीच हुए भावपूर्ण संवाद ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। रामलीला में राजा दशरथ की भूमिका मंगत राम शर्मा, कैकई की शिवचरण, भगवान श्रीराम की बालकिशन गिरधर, गुह निषाद की ललित काठपाल, भरत की दीपांशु काठपाल, शत्रुघ्न की राकेश मेव, केवट की संजय जुनेजा तथा सौमित्र की भूमिका तन्मय वधवा ने निभाई।

तारानगर : सरपंच चुनाव विवाद में खूनी संघर्ष

पिता पर बेटे और बहू को बोलेरो से कुचलकर मार देने का आरोप, गांव में शोक की लहर





सीमा सन्देश # तारानगर। तहसील के चंगोई गांव में मंगलवार देर रात सरपंच का चुनाव लड़ने की जिद को लेकर उपजा पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। करीब 60 वर्षीय रामचंद्र जाट ग्राम पंचायत से सरपंच का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था, जबकि उसका 40 वर्षीय इकलौता बेटा रविन्द्र और 35 वर्षीय बहू महेन्द्रा इसका विरोध कर रहे थे। इसी बात को लेकर घर में लगातार विवाद चल रहा था। मंगलवार रात घर पर हुए झगड़े के बाद रविन्द्र और महेन्द्रा धर्मकांटे पर चले गए थे। कुछ देर बाद रामचंद्र अपनी पत्नी धर्मदेवी के साथ वहां पहुंचा, जहां फिर विवाद हुआ। इसके बाद जब दंपती धर्मकांटे से घर लौट रहे थे, तो रास्ते में पीछे से बोलेरो गाड़ी लेकर आए रामचंद्र पर दोनों को कुचलकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगा है। इस दर्दनाक हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को तारानगर राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने आरोपी पिता को डिटेन कर बोलेरो गाड़ी जब्त कर ली है तथा मामले की गहन जांच की जा रही है।

रविन्द्र गांव में ई-मित्र केंद्र चलाता था और उनकी एक 11 वर्षीय बेटी है। इस वीभत्स घटना से आरोपी की पत्नी धर्मदेवी बेसुध हो गई है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। तारानगर क्षेत्र में 16 नवंबर को पंच और सरपंच के चुनाव प्रस्तावित हैं, जिसके चलते इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के उपाय बताए

मिर्जेवाला। पीएमश्री विद्यालयों में आपदा प्रबंधन संबंधी गतिविधि का आयोजन किया जाना है। संस्था प्रधान कुमार लव पुंज ने कहा कि इस गतिविधि के आयोजन से विद्यार्थियों में सहयोग तथा सामुदायिक उत्तरदायित्व के गुण विकसित होंगे।

कार्यालय नगरपालिका श्रीविजयनगर जिला श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :3893-95 दिनांक : 14.10.2026

:- सार्वजनिक सूचना -:

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 69-क के आवेदको द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये है :-

क.सं.	आवेदक का नाम	वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम	साईज
1.	श्री चिनिया सिंह पुत्र श्री चानन राम	आवासीय भूखण्ड सं 25 हरिजन कॉलोनी	20×45
2.	श्री तारा चंद पुत्र श्री लालचंद बदरा	आवासीय भूखण्ड सं 132/8 जी-ब्लॉक	25×37.6
3.	श्री गौरव चुघ पुत्र श्री रामदास चुघ	आवासीय भूखण्ड सं 01 एल-ब्लॉक (उत्तर पूर्व पासा)	24×20
4.	श्री इन्द्र पाल सोनी पुत्र श्री प्यारे लाल सोनी	आवासीय भूखण्ड सं 35,38,47 एफ-ब्लॉक	75×50
5.	श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री रामजस सिंह	आवासीय भूखण्ड सं 99 एल-ब्लॉक	24×45

उक्त प्रकरण राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो यह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेज के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी प्रकार के आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह सूचना हस्ताक्षर और आक्षेप मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका श्रीविजयनगर

जिला स्तर पर परचम फहराने वाली बेटियों का स्वागत

सीमा सन्देश # पदमपुर। पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं ने जिला स्तर पर विशेष उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विभिन्न प्रतियोगिताओं व क्षेत्रों में जिला स्तर पर सम्मानित होकर विद्यालय लौटने पर इन मेधावी छात्राओं का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य पुष्पा पांडे एवं व्याख्याता दौलत सुथार ने बताया कि विकसित भारत जनसेवा अभियान के तहत श्रीगंगानगर में आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 11वीं की होनहार छात्रा विनीता ने प्रथम स्थान, बालिका दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में विद्यालय की उप प्रधानाचार्य दिलदीप कौर को बालिका शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य करने पर व दो छात्राओं को उनकी विशिष्ट प्रतिभा के लिए जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। इनमें छात्रा सुहानी वर्मा को फोटोग्राफी व गीत-संगीत के क्षेत्र में तथा एशमीत कौर को आत्मरक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने पर जिला स्तर पर गौरवमयी पुरस्कार से नवाजा गया। प्रधानाचार्य पुष्पा पांडे ने विजेता छात्राओं के हुनर की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। व्याख्याता निशा कंबोज, रामजस, मनिंदर सिंह, विजयलक्ष्मी, अंजुबाला बिश्नोई, नरेंद्र सिंह, सुमन पूनिया, गीता देवी, सोमा देवी, रवीना शर्मा, रविता सहित समस्त विद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहीं।



बुनियादी समस्याओं के समाधान की मांग

सीमा सन्देश # खाजूवाला। नगरपालिका के वार्ड 13 के पार्षद जगविन्द्र सिंह सिद्धू ने आमजन की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई है।

रायसिंहनगर सहकारी भूमि विकास बैंक लि० रायसिंहनगर

क्रमांक: 227 **भूमि/अन्य सम्पत्ति नीलामी सूचना** दिनांक: 5/10/26

(राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा 99, 100 एवं नियम 2003 के नियम 94 के तहत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रायसिंहनगर सहकारी भूमि विकास बैंक लि0, शाखा अनूपगढ़ के निम्न अवधिपार ऋणी सदस्यों से बार-बार व्यक्तिगत तकाजा किए जाने के बावजूद इनके द्वारा बैंक की अवधिपार बकाया राशि का भुगतान नही किया गया। जिससे बैंक के आर्थिक व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। बैंक द्वारा राजस्थान सहकारी अधिनियम 2001 नियम 2003 के अन्तर्गत आवश्यक नोटिस/पत्र आदि इनको तामिल करवाए जा चुके है। अतः निम्नलिखित अवधिपार ऋणी सदस्यो की कुर्कशुदा कृषि भूमि/अन्य सम्पत्ति की सार्वजनिक नीलामी बैंक के शाखा कार्यालय अनूपगढ़ में की जायेगी। इच्छुक एवं पाक्ता रखने वाले खरीदार नीलामी में उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते है।

क्रम	नाम ऋणी मय वल्दियत	चक (जहां रहन सम्पत्ति स्थित है)	रहन सम्पत्ति का विवरण	अवधिपार राशि	नीलामी दिनांक
1.	श्री दीपक खरबन्दा/देवेन्द्रसिंह खरबन्दा जाति अरोड़ा	रावला मण्डी तहसील रावला	औद्योगिक भूखण्ड सं. जी - 11 औद्योगिक क्षेत्र रावला द्वितीय चरण साईज 1500 वर्गमीटर।	3286710/-	21.10.2026
2.	परमजीत सिंह / सुच्चा सिंह जाति जटसिख	24 एस.एस.सी हाल 3 एस.टी.आर. तहसील घड़साना	ग्राम पंचायत 24 एस.एस.सी(नई मण्डी घड़साना) चक 3 एस.टी.आर वार्ड नं. 02 तह0 घड़साना का आवासीय मकान बुक सं. 20 पट्टा सं. 80 साईज 31 गुणा 45 बराबर 1395 वर्गफुट।	599445/-	26.10.2026
3.	श्रीमति शीलादेवी पत्नि भरतसिंह जाति धानक	2 एस.टी.वाई. तहसील घड़साना	चक 2 एस.टी.वाई मु.न. (109/48 -143) किला न 4ता 7 बराबर 1.012 ह0 14ता 16बराबर .506 व 17- .220 कुल - 1.991 ह0 कमाण्ड	1500920/-	26.10.2026
4.	श्री चरणजीत सिंह पुत्र जसकंतसिंह जाति मजबीसिख	3 एस.टी.आर. तहसील घड़साना	ग्राम पंचायत 3 एस.टी.आर. घड़साना का आवासीय मकान पट्टा सं. 06 बुक सं. 30 साईज 28 गुणा 67 बराबर 1876 वर्गफुट।	1145097/-	27.10.2026
5.	श्री रूपचंद पुत्र हाकमचन्द जाति अरोड़ा	2 के.एल.डी. तह0 रावला	ग्राम पंचायत 2 के.एल.डी. का आवासीय मकान पट्टा सं. 19 बुक सं. 31 साईज 50 गुणा 60 बराबर 3000 वर्गफुट।	1647565/-	28.10.2026
6.	श्री तरुणकुमार पुत्र नन्दलाल जाति अरोड़ा	4 एस.टी.आर. तहसील घड़साना	चक 4 एस.टी.आर. तह0 घड़साना का मु.न.33 प.न.44/35 का किला न. 23 - 0.039, 24 - 0.061 कुल 0.100ह0 रकबा मे भू.स. 09 किला न. 24 साईज 12 गुणा 50 बराबर 600 वर्गफुट।	1607860/-	29.10.2026
7.	श्री प्रेम सिंह पुत्र जगमेल सिंह, कुलदीप कौर पत्नि प्रेम सिंह जाति मजबीसिख	ग्राम पंचायत 10 के.डी. चक 8 के.डी., 9 के.डी.ए	चक 8 के.डी. प.न. 151/15 मु.न. 29 किला नं 1 ता 5, 6/1 ता 10/1 रकबा 2.066 ह0 कमाण्ड व ग्राम पंचायत 10 के.डी. आबादी भूमि 9 के.डी.ए का आवासीय मकान पट्टा सं. 67,69 बुक सं. 42 साईज 22 गुणा 79, 44.25 गुणा 79।	994345/-	30.10.2026
8.	श्रीमति करतार कौर पत्नि सागर सिंह, धर्मपाल सिंह पुत्र सागर सिंह जाति जटसिख	3 एस.टी.आर. तह0 घड़साना	ग्राम पंचायत 24 ए.एस.सी आबादी भूमि चक 3 एस.टी.आर. तह. घड़साना का बुक सं. 51 पट्टा सं. 75 साईज 24 गुणा 70 बराबर 1680 वर्गफुट।	499575/-	30.10.2026
9.	श्री प्रमेश कुमार पुत्र पूर्णराम जाति औड़, श्री कृष्णलाल पुत्र देवाराम जाति नायक	9 जी.डी.-ए, व 6 के.एच.एल. तहसील घड़साना	चक 9 जी.डी.-ए, - के मु.न. 7 प.स. 4/36 का किला न. 16 रकबा 0.021 ह0 (210वर्गमीटर) औद्योगिक भूमि व मु.न. 7 प.स. 16/35 का किला नं. 1 ता 8 , 13 ता 17 व 18 रकबा 3.332 ह0 ।0ब0	1689694/-	31.10.2026
10.	श्री गोविन्द राम पुत्र आदूराम, भौमाराम पुत्र गुलाबाराम जाति कुम्हार	3 एस.टी.आर. तहसील घड़साना	चक 3 एस.टी.आर. तह0 घड़साना का प.न. 64/32 मु.न. 45 किला न. 8 मे से बलाक सं. एच का वाणिज्यिक दुकान सं. 18 साईज 12 गुणा 25 फुट यानि 27.87 वर्गमीटर।	1330960/-	31.10.2026

- नीलामी की शर्तें बैंक के प्रधान कार्यालय रायसिंहनगर दूरभाष नं. 01507-222108 व शाखा अनूपगढ़ दूरभाष नं. 01498-252244 से प्राप्त की जा सकती है।
- ऋणी सदस्यो से भी निवेदन है कि नीलामी से पूर्व अवधिपार राशि जमा करवाकर बैंक का सहयोग करे व अनावश्यक खर्चो से बचें अन्यथा नीलामी में बैंक का सहयोग करें।

सचिव

कार्यालय राजकीय प्राथमिक विद्यालय 5 एलएनपी, चक महाराजका

क्रमांक : 43 दिनांक : 14-10-2026

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्रा.वि. 5 एलएनपी के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक श्रीगंगानगर के आदेश क्रमांक अजिपका/समसा/गंगा/निर्माण शाखा 25-26/339 दिनांक 13.9.2025 की अनुपालना में जर्जर घोषित सम्पूर्ण विद्यालय भवन (5 कमरे मय बरामदा) की नीलामी दिनांक 23.10.2026 वार शुक्रवार को प्रातः 10 बजे की जानी है। इच्छुक जीएसटी बोलीदाता/फर्म नीलामी में भाग लेने के लिए 5000/- रुपये की अग्रिम राशि जमा करवाकर सादर आमंत्रित है। नीलामी की शर्तें एवं जीर्ण-शीर्ण ढांचे का अवलोकन कार्यालय समय में आकर किया जा सकता है। बिना कारण बताए बोली निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता का रहेगा। सम्पर्क सूत्र : 9462265924, 9828088580

प्रधानाध्यापिका, रा.प्रा.वि. **अध्यक्ष/सचिव**
5 एलएनपी, सादुलशहर **एसएमसी**

कार्यालय नगर पालिका रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा. / 2026-27 / 1334 दिनांक :- 10.10.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 17/2026-27

इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित कार्यों हेतु इच्छुक विधुत पंजीकृत सप्लायर्स / सर्वेदको से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 21.10.2026 को मध्याह्न पूर्व / पश्चात् तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इन निविदा विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा के प्रपत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है, सशर्त निविदा मान्य नही हो।

निविदा के UBN No. DLB2627GLOB21853 (total-01work's) है।

अधिशाषी अधिकारी **अध्यक्ष**
राज.संवाद / सी / 26 / 11782 **नगरपालिका रावतसर** **नगरपालिका रावतसर**

कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय

8 एस.एच.पी.डी., तहसील सूरतगढ़, जिला-श्रीगंगानगर (राज.)-335804

क्रमांक : रा.उ.मा.वि./8 एस.एच.पी.डी./764 दिनांक 14/10/2026

-: नीलामी सूचना:-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय राउमावि 8 SHPD एवं इसके अधीन विद्यालय राउप्रावि 3 SHPD, राप्रावि 1SHPD तथा राप्रावि 7SHPD. में उपलब्ध अनुपयोगी/नकारा/अप्रचलित/अधिशेष/सामग्री लोहा/मशीने/प्लास्टिक/ अन्य धातु स्क्रेप आदि की नीलामी सार्वजनिक बोली द्वारा दिनांक 30/10/2026 को प्रातः 10:30 बजे किया जाना है। इच्छुक बोलीदाता/फर्म निर्धारित 1000/- अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते है। उच्चतम बोलीदाता को मौके पर निष्पादन प्रतिभूति स्वरूप कुल अनुमानित का 25 प्रतिशत राशि जमा करवानी होगी। विस्तृत शर्तें, सामग्री की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 8 SHPD, **ब्लॉक-सूरतगढ़**

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड मेडीकल कॉलेज (पी डब्ल्यु डी केम्पस जैकब रोड) जयपुर

क्रमांक :- दिनांक :

निविदा सूचना संख्या :- 25/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विद्युत कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सा.नि.वि., राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में कुल 3 पैकेज/कार्यों, जिनकी कुल लागत राशि रुपए 56.98 लाख है, के लिए ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख एवं समय	13.10.2026 सुबह 11.30 बजे से 21.10.2026 दोपहर 2:00 बजे तक

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp पर एवं निविदा दस्तावेज का विवरण बेबसाईट http://eproc.Rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी।
NIB:- PWD2627A3295, UBN:- PWD2627WSOB14875, PWD2627WSOB14876, PWD2627WSOB14877

अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/17734/2026 **सा.नि.वि. विद्युत खण्ड मेडीकल कॉलेज, जयपुर**

कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर राजस्थान

क्रमांकः नियमन/2026/8957 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांकः 05.10.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजीत कौर पत्नी श्री कुलवंत सिंह निवासी लालचंद की ढाणी, बसंती चौक, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के संबंध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है : -

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 71 किला नं. 09 में माप 19.6 इन्दू 68 फीट भूखण्ड संख्या ए -33 वास्तुदेव नगर, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का पट्टा सं. 8614 दिनांक 10.07.2018 को श्री लालचंद पुत्र श्री नत्थूराम के नाम से न्यास द्वारा जारी किया हुआ है।	श्री लालचंद द्वारा उक्त भूखण्ड को श्रीमती कमलेश रानी को बेचान कर दिया गया। श्रीमती कमलेश रानी द्वारा उक्त भूखण्ड को श्रीमती मंजीत कौर को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 11.07.2025 को बेचान कर दिया गया। श्रीमती मंजीत कौर द्वारा बैयनामा की प्रति एवं अपने स्वामित्व के दस्तावेजों सहित न्यास कार्यालय में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती मंजीत कौर पत्नी श्री कुलवंत सिंह निवासी लालचंद की ढाणी, बसंती चौक, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या : - SGNR/FY26-27/MUT/780 **प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/2026/9006 दिनांक :- 13/10/26

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 39 के किला नं० 19 में माप 39.4½ इन्दू 50 फीट श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 2024 दिनांक 22.03.2003 की श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार के नाम से जारी हुआ है। श्रीमती रितु शर्मा पत्नी श्री योगेश कुमार शर्मा निवासी म.न. वार्ड नं० 44, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 19.8½ इन्दू 50 फीट को जरिये पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 17.08.2026 के द्वारा प्राप्त कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टे एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं० 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

- आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

महिला कुश्ती में महर्षि दयानंद कॉलेज रायसिंहनगर विजेता



सीमा सन्देश # रायसिंहनगर। महर्षि दयानन्द स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, रायसिंहनगर में महिला कुश्ती अन्तरमहाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अजय कुमार वर्मा थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र कुमार गोदारा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. मंगत बादल, प्रेमप्रकाश मनचन्दा तथा विश्वविद्यालय द्वारा मनोनीत खेल के ऑब्जर्वर एवं अमरजीत सिंह अटवाल तथा कुलवन्त सिंह संधु चैयरमैन नॉमिनी एवं खेल विशेषज्ञ अशोक कुमार ने उपस्थिति दर्ज करवाई। महाविद्यालय में महिला कुश्ती में 27 महाविद्यालयों की 40 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. एसएन शर्मा ने बताया कि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के तत्वावधान में महिला कुश्ती अन्तरमहाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। महर्षि दयानन्द स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, रायसिंहनगर विजेता रहा और युक्ता कॉलेज राजगढ़ उपविजेता रहा। शारीरिक शिक्षकों (राजकीय विद्यालय) सोहन लाल एवं नाजम सिंह, विनोद कुमार, अमृतपाल, पतराम सुथार, बलतेज सिंह, दरबारा सिंह, कुलदीप सिंह तथा प्रविन्द्र सिंह निर्णायक मण्डल के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यालय तहसीलदार (भू-अ.) रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक/भू-अ./वसीयत/3892 दिनांक:-09.10.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता श्री महेन्द्रसिंह पुत्र श्री चरणसिंह जाति जटसिख निवासी 83 आरबी तहसील रायसिंहनगर ने अपनी भूमि चक 83 आरबी के मु.नं. 8,24,29,49 कुल रकबा 8.444 हेक्ट. भूमि की वसीयत श्री गुरमेलसिंह पुत्र श्री महेन्द्रसिंह श्रीमति दलजीतकौर पत्नी श्री छिन्दरपालसिंह श्री सर्वजीतसिंह पुत्र श्री गुरमेलसिंह जाति जटसिख निवासी 83 आरबी तहसील रायसिंहनगर के पक्ष में बन्द वसीयत करवाई है उक्त वसीयत जिला उपंपजीयक श्रीगंगानगर द्वारा क्र.सं. 149 दिनांक 04.08.2026 को पंजीबद्ध है। वसीयतकर्ता की मृत्यु, मुताबिक मृत्यु प्रमाण-पत्र दिनांक 08.01.2026 को चुकी है। प्रकरण संख्या /2026 दर्ज रजिस्टर किया है। उक्त वसीयत के अनुसार रिकॉर्ड में अमल दरामद कराने का प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विचाराधीन है। इस वसीयत के अमल-दरामद के विषय में जिस किसी को भी एतराज हो तो सूचना के प्रकाशित होने की दिनांक से 15 दिनों के भीतर कार्यालय समय पर स्वयं या मार्फत वकील उपस्थित आकर अपनी आपत्ति पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उज्र मान्य नही होगा व नियमानुसार एक तरफा कार्यवाही कर प्रकरण के निस्तारण किया जा सकेगा। नोटिस आज दिनांक मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी किया गया।

- तहसीलदार (भू-अ.), रायसिंहनगर

कार्यालय नगरपालिका टिब्बी, जिला-हनुमानगढ़

क्रमांक /नपाटि/भूमि/2026/2539 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.10.2026

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि शहरी सेवा सेतु अभियान-2026 के तहत प्राप्त आवेदनों के नीचे अंकित भूमि में अपने अधिकार पट्टे के लिए पुर्ण स्वामित्व के पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका टिब्बी के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड साईज	आसा-पासा	प्रयोजन का प्रकार
1.	श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री सत्यनारायण जाति जाट निवासी टिब्बी	232.34 वर्गमीटर	उत्तर- जगमोहन, दक्षिण - राजेन्द्र सिंह पूर्व - राजेन्द्र सिंह, आम रास्ता	आवासीय
2.	श्री गुगमुख सिंह पुत्र श्री जखैल सिंह जाति सोनी निवासी टिब्बी	195.16 वर्गमीटर	उत्तर - भनि सिंह खेती भूमि, दक्षिण - राजपाल पूर्व - खेती भूमि, पश्चिम - आम रास्ता	आवासीय
3.	श्री सचिन कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश जाति जाट निवासी वार्ड नं. 08 टिब्बी	34.38 वर्गमीटर	उत्तर - अशोक कुमार सेठी, दक्षिण - सुरेश कुमार पूर्व - अशोक कुमार नागपाल, पश्चिम - मैन रोड भगत सिंह चौक	वाणिज्य
4.	श्रीमती मंजू पत्नी श्री प्रमोद सिंह निवासी वार्ड नं. 03 टिब्बी	181.15 वर्गमीटर	उत्तर- सतराम, दक्षिण - गली पूर्व- गली, पश्चिम - गली	आवासीय
5.	श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री देशराज जाति बाजीगर निवासी टिब्बी	192.31 वर्गमीटर	उत्तर- सीताराम, दक्षिण - आम रास्ता पूर्व - आम रास्ता, पश्चिम - लालचंद	आवासीय
6.	श्री भीमसेन भार्गव पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी वार्ड नं. 03 टिब्बी	115.19 वर्गमीटर	उत्तर- मंडी, दक्षिण - भूखण्ड खाली पूर्व - भूखण्ड खाली, पश्चिम - रोड	आवासीय
7.	श्री जगजीत सिंह पुत्र श्री जगनन्दन सिंह जाति जाट सिख निवासी केहरवाला कलां	638.94 वर्गमीटर	उत्तर - आम रास्ता, दक्षिण - वाणिज्यक दुकान पूर्व - गुरप्रेम सिंह, पश्चिम -आवासीय भूखण्ड	आवासीय
8.	श्रीमती समेस्ता पत्नी श्री मनोज कुमार जाति जाट निवासी टिब्बी	166.72 वर्गमीटर	उत्तर- भूखण्ड सं. 13, दक्षिण - भूखण्ड सं. 11 पूर्व - अन्य भूखण्ड, पश्चिम - आम रास्ता	आवासीय
9.	श्रीमती समेस्ता पत्नी श्री मनोज कुमार जाति जाट निवासी टिब्बी	166.72 वर्गमीटर	उत्तर- भूखण्ड सं. 12, दक्षिण - भूखण्ड सं. 10 पूर्व - अन्य भूखण्ड, पश्चिम - आम रास्ता	आवासीय

यदि किसी व्यक्ति को इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी को कोई आक्षेप है तो वे कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किस आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर द्वारा जारी की गई।

- अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका टिब्बी

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/2026/9012 दिनांक :- 14/10/26

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 4 एम.एल. मुरब्बा नं० 26 के किला नं० 25 में माप 50 गुणा 90 फीट भूखण्ड संख्या 1344 हीलमैण्ड सिटी, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 3629 दिनांक 27.02.2013 को जीएच एस्टेटस प्रा.लि. जरिये डायरेक्टर श्री संजीव मित्तल पुत्र श्री मेघराज मित्तल के नाम से जारी किया गया है। श्री मुकेश महरिया पुत्र श्री भगवाना राम महरिया निवासी म.न. ए-162, कांता कबूरिया कॉलोनी, बीकानेर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैनामा 15.02.2021 के द्वारा क्रय कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टे एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं० 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

- प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/2026/9000 दिनांक :- 12/10/26

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 4 एम.एल. मुरब्बा नं० 26 के किला नं० 25 में माप 50 गुणा 90 फीट भूखण्ड संख्या 1344 हीलमैण्ड सिटी, श्रीगं

न्यूज इन ब्रीफ

महिला की मौत के मामले में ट्रेलर चालक पर केस

रावतसर। मेगा हाइवे पल्लू रोड पर मेघवाल धर्मशाला के पास ट्रेलर की चपेट में आने से महिला की मौत के मामले में बुधवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में मृतक महिला नवनीतकौर पत्नी राजूसिंह के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में मृतका के पति राजूसिंह पुत्र जीतसिंह रायसिख निवासी टालीवाला, फाजिल्का पंजाब ने ट्रेलर आरजे 42जीए 6399 के चालक के खिलाफ तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ज्ञात रहे कि मंगलवार शाम टालीवाला पंजाब निवासी राजू सिंह रायसिख व उसके परिवार के सदस्य दो मोटरसाइकलों पर सवार होकर सालासर जा रहे थे। तभी रावतसर मेघवाल धर्मशाला के पास मोटरसाइकल पर सवार महिला ट्रेलर की चपेट में आ गई। ट्रेलर नवनीतकौर के उपर से निकल गया। जिससे नवनीत कौर की मौके पर ही मौत हो गई।

निर्माणाधीन मकान से 6 लाख की तारें चोरी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन थाना क्षेत्र के सुरेशिया में निमार्णाधीन मकान से करीब 6 लाख रुपए की बिजली फिटिंग की तारें चोरी हो गईं। मकान मालिक प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि 13 अक्टूबर को मकान पर पहुंचने पर तारें कटी हुई और बंडल गायब मिले। पड़ोस की दुकान के सीसीटीवी फुटेज में तीन व्यक्ति कट्टों में तारें ले जाते दिखाई दिए। परिवादी ने अविनाश, मुकेश कुमार और अर्श पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई विजेन्द्र नेहरा को सौंपी है।

भूखंड की दोबारा बिक्री पर धोखाधड़ी का मामला

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन में भूखंड की दोबारा बिक्री के आरोप में न्यायालय के आदेश पर तीन जनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। इन्द्रा कॉलोनी निवासी लोकूराम ने बताया कि उसने 9 जुलाई 2012 को नंदलाल से चक 22 एचएमएच क्षेत्र में 24 गुणा 45 वर्गफुट का भूखंड 51 हजार रुपए में खरीदा था। आरोप है कि कब्जा देने के बावजूद रजिस्टर्ड बैनामा नहीं करवाया गया। बाद में जमीन धर्मवीर सिंह और फिर जगदीश प्रसाद के नाम हस्तांतरित कर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई राजवीर सिंह को सौंपी है।

पूर्व सभापति रणवां की हिस्ट्रीशीट खुली

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पूर्व सभापति और नवनिर्वाचित पार्षद सुमित रणवां की पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोल दी है। पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई के बाद उनकी गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। पुलिस के अनुसार, सुमित रणवां के खिलाफ आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। गौरतलब है कि दो दिन पहले उनकी गिरफ्तारी पर 100 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई पुलिस ने निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के तहत की है।

16 नवंबर तक पंजीकरण

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए खेलो राजस्थान गेम्स-2026 का आयोजन 1 दिसंबर से होगा। प्रतियोगिताओं में 12 खेल शामिल होंगे। मुकाबले पंचायत समिति, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। पहले चरण में वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, तीरंदाजी और रस्साकशी के मुकाबले होंगे। खिलाड़ी जन आधार पोर्टल के माध्यम से 16 नवंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

पूर्व अनुमति से मिलेगा अवकाश

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव ने अवकाश संबंधी निर्देश जारी किए हैं। जिला स्तरीय अधिकारियों को जिला निर्वाचन अधिकारी तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से अवकाश स्वीकृत करवाना होगा। चुनाव ड्यूटी लगाए जाने पर पहले स्वीकृत अवकाश भी निरस्त माना जाएगा। संबंधित कार्मिकों को तत्काल ड्यूटी पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

उन्नत बीज और वैज्ञानिक खेती से बढ़ेगी आमदनी : जुनेजा, श्री खुशाल दास विवि में उन्नत गेहूं बीज वितरण कृषक मेला आयोजित

कृषि वैज्ञानिकों ने गेहूं-सरसों की किस्मों, संतुलित उर्वरक बारे बताया

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीजों और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देकर फसल उत्पादन एवं आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में उन्नत गेहूं बीज वितरण कृषक मेले का आयोजन किया गया। श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा के नेतृत्व में आयोजित मेले में कृषि विशेषज्ञों ने गेहूं व सरसों की उन्नत किस्मों, बीज चयन, संतुलित उर्वरक उपयोग और वैज्ञानिक खेती के तरीकों की जानकारी दी। ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि किसानों और आमजन के हित में कार्य करते हुए उनकी



आमदनी बढ़ाने के प्रयास करना भी है। ऐसे आयोजनों से किसानों को विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलता है और वे नई तकनीकें अपनाकर उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

हनुमानगढ़ के पूर्व उपनिदेशक कृषि विस्तार डॉ. जयनारायण बेनीवाल ने कहा कि किसानों को अपने क्षेत्र और खेत की परिस्थितियों के अनुसार गेहूं व सरसों की किस्मों का चयन करना चाहिए। इसके लिए कृषि विशेषज्ञों की सलाह और गुणवत्तापूर्ण बीज जरूरी हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में बीज उत्पादन इकाई स्थापित करने का सुझाव दिया। श्रीगंगानगर कृषि अनुसंधान केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. लोकेश जैन ने मिट्टी और फसल की जरूरत के अनुसार उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने डीएपी के साथ एसएसपी के उचित उपयोग को भी महत्वपूर्ण बताया।

बुआई में होती है बीज की महत्त्वपूर्ण भूमिका

मुख्य वक्ता एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रामावतार मीणा ने कहा कि फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में बीज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। किसानों को बीज खरीदते समय उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कृषि में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने तथा ग्रामीण विकास के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने की बात कही। सेवानिवृत्त आईजी गिरीश चावला ने कहा कि बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी के कारण फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में उन्नत बीजों और आधुनिक तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रेशम सिंह मानुका ने नकली बीज और खाद की समस्या पर चिंता जताते हुए किसानों को जागरूक करने की जरूरत बताई। सुभाष मक्कासर ने कहा कि मेले से किसानों को विशेषज्ञों से संवाद और नई जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में डॉ. विजय प्रकाश, अश्वनी नारंग, रामचंद बाघला, जाकिर हुसैन सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। आयोजन में डॉ. मंगला राम बजिया, डॉ. राकेश, डॉ. अंकित, विष्णु मूंड, अमृतपाल और सुखवीर सिंह ने सहयोग किया। मंच संचालन मदनलाल शर्मा ने किया।

जांच : कृषि विभाग की सख्त निगरानी

हनुमानगढ़ ब्लॉक में पहले दिन 25 दुकानों की जांच

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। रबी सीजन 2026-27 में किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक पारदर्शी तरीके से उपलब्ध करवाने और खाद की कालाबाजारी व डायवर्जन पर निगरानी रखने के लिए कृषि विभाग ने गुण नियंत्रण अभियान शुरू किया है। कृषि आयुक्तालय के निर्देशानुसार बुधवार से शुरू हुए इस सात दिवसीय अभियान के तहत सभी उर्वरक एवं कृषि आदान विक्रेता फर्मों का निरीक्षण किया जाएगा। कृषि विभाग का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक आसानी से और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध करवाना है। अभियान के जरिए यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि किसानों को खाद खरीदने में किसी प्रकार की धोखाधड़ी या ठगी का सामना नहीं करना पड़े तथा उर्वरकों के स्टॉक और वितरण में पारदर्शिता बनी रहे। हनुमानगढ़ ब्लॉक में अभियान के पहले दिन करीब 25 दुकानों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों के अनुसार, पहले दिन की जांच में किसी दुकान पर अनियमितता नहीं मिली।



मंडीवार लगाई निरीक्षकों की ड्यूटी

सहायक निदेशक डॉ. संदीप कुमार के अनुसार, जिला स्तर से सभी निरीक्षकों की मंडीवार ड्यूटी निर्धारित की गई है। जिले के सभी आठ ब्लॉक स्तर पर गठित टीमों की ओर से अभियान के तहत निरीक्षण किया जा रहा है। सात दिनों में सभी उर्वरक एवं कृषि आदान विक्रेता फर्मों की जांच पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। हनुमानगढ़ ब्लॉक में निरीक्षण करने वाली टीम में सहायक निदेशक डॉ. संदीप कुमार, सहायक निदेशक कृषि विस्तार डॉ. राधेश्याम और कृषि अधिकारी पौध संरक्षण प्रियंका शामिल रहे।

इन्होंने बताया

हनुमानगढ़ ब्लॉक में कुल 1502 लाइसेंस हैं। अभियान के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, गोदाम और उपलब्ध उर्वरक की जांच की जा रही है। सहायक निदेशक डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि सभी दुकानों का निरीक्षण ऑनलाइन क्यूसी (क्वालिटी कंट्रोल) एप के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें यह जांचा जा रहा है कि संबंधित फर्म ने पिछले छह माह में कितनी यूरिया और डीएपी प्राप्त की तथा उसका वितरण किन-किन किसानों या अन्य लोगों को किया गया। उन्होंने बताया कि यूरिया का निर्धारित उपयोग के बजाय अन्यत्र डायवर्जन तो नहीं हुआ, इसकी भी जांच की जा रही है। इसके साथ ही फर्म के मूल रिकॉर्ड, गोदाम की स्थिति और उपलब्ध स्टॉक का मिलान किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डीएपी और यूरिया के स्टॉक की जांच कर उसका विवरण ऑनलाइन एप पर अपलोड किया जाएगा।

मिलावट पर वार: मौके पर होगी खाद्य पदार्थों की जांच

गांव-गांव पहुंचेगी मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिले में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने और मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब (एमएफटीएल) गांव-गांव और शहरों में पहुंचकर खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 से 30 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर लगाकर मौके पर ही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांची जाएगी। इस दौरान आमजन को खाद्य पदार्थों की खरीद और उपयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बोले

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि एमएफटीएल वाहन संख्या आरजे 14 जीए 4775 के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। इसका उद्देश्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता के प्रति आमजन को जागरूक करना और मिलावट की रोकथाम में सहयोग करना है। एमएफटीएल की ओर से 14 अक्टूबर को फतेहगढ़, 15 अक्टूबर को पल्लू, 16 अक्टूबर को नेठराना व भादरा, 21 अक्टूबर को गोलूवाला, 22 अक्टूबर को 2 केएनजी एवं मक्कासर, 23 अक्टूबर को टिब्बी, 26 अक्टूबर को सोनडी, 27 अक्टूबर को गांव कोहला, 28 अक्टूबर को सूरेवाला, 29 अक्टूबर को गांव गोरखाना एवं 30 अक्टूबर को धन्नासर एवं कैवियां में खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की कि वे विशेष रूप से दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच मोबाइल लैब के माध्यम से अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की जांच के प्रति जागरूकता बढ़ने से मिलावट पर नियंत्रण करने में मदद मिलेगी। खाद्य सामग्री से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 181 अथवा 0141-2225624 पर संपर्क किया जा सकता है।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स में जीती चैंपियनशिप



टोपरियां। हनुमानगढ़ जिले के नुकेरा में आयोजित 31वीं जिला स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चक 16-17 केएनएन की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। छात्राओं ने बेस्ट एथलीट का खिताब भी हासिल किया। इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों ने अपने कोच सरदार बलजिन्द्र सिंह की मेहनत और मार्गदर्शन को दिया।

पैदल यात्रियों की सेवा में जुटा सहारण परिवार

टोपरियां। गांव ढाणी लालखां वाली के सहारण परिवार की ओर से रावतसर-नोहर रोड पर सालासर और पल्लू जाने वाले पैदल यात्रियों की सेवा के लिए भंडारा शुरू किया गया है। प्रथम नवरात्र से शुरू हुआ यह भंडारा अंतिम नवरात्र तक चलेगा। ठेकेदार रविंद्र सहारण ने बताया कि भंडारे में यात्रियों के लिए चाय, दूध, नाश्ता, भोजन और दवाइयों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही रात में ठहरने, फल, स्नान और चिकित्सा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

रामलीला में हुआ सीता स्वयंवर, श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष

जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा रामलीला मैदान

सीमा सन्देश # रावतसर। स्थानीय रामलीला मैदान में सनातन धर्म नाट्य समिति के तत्वावधान में चल रही रामलीला में रात्रि सीता स्वयंवर एवं विवाह प्रसंग का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी शानदार अभिनय कला का प्रदर्शन किया। मंचन के दौरान सीता स्वयंवर का प्रसंग का मंचन किया गया। स्वयंवर में गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने जैसे ही शिव धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई तो धनुष टूटने के साथ ही पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।



श्रीराम-सीता विवाह का मनमोहक मंचन

माता सीता ने भगवान श्रीराम के गले में वरमाला पहनाई। इसके बाद श्रीराम और सीता विवाह का मनमोहक मंचन किया गया। धार्मिक प्रसंगों के माध्यम से मर्यादा, आदर्श, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष सार्दुलसिंह बिजारणियां ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर पार्षद चांद बत्रा,पतराम बसल, नरेंद्र सोमानी, सुभाष जोशी, एडवोकेट रामनिवास शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा,ने पार्षद चांद बत्रा को मंच पर स्वागत किया।

2003 से लगातार सालासर जा रहा श्रीराम पैदल यात्रा संघ

टोपरियां। गांव से श्रीराम पैदल यात्रा संघ सालासर धाम के लिए रवाना हुआ। हर साल की तरह इस बार भी गांव के युवा बालाजी महाराज के दर्शन के लिए पैदल यात्रा पर निकले हैं। श्रीराम भक्त आत्माराम सहारण ने बताया कि गांव के युवाओं की ओर से वर्ष 2003 से लगातार सालासर धाम के लिए पैदल संघ ले जाया जा रहा है। इस परंपरा की खास बात यह है कि संघ का अध्यक्ष किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि स्वयं बालाजी महाराज को माना जाता है। संघ के सदस्य मैनपाल सहू ने बताया कि पैदल यात्रा के पांचवें दिन श्रद्धालु सालासर धाम पहुंचकर बालाजी महाराज के चरणों में शीश नवाएंगे।

भूमि आवंटित की मांग

भादरा। राष्ट्रीय कुम्हार महासभा राजस्थान ने माटी कला संरक्षण के लिए प्रत्येक राजस्व ग्राम में पांच एक-ड़ पंचायती भूमि आवंटित करने की मांग की है। महासचिव सुशील खजोतिया ने श्री यादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक को ज्ञापन भेजकर हरियाणा की तर्ज पर नीति लागू करने का आग्रह किया।

शक्ति सुरक्षा अभियान के तहत किया जागरूक

रावतसर। नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग की ओर से शक्ति सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार एवं जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार संचालित इस अभियान के तहत रावतसर पुलिस थाने की कालिका यूनिट की महिला कांस्टेबल मोनिका, पूजा शर्मा ने स्थानीय रामदेव मंदिर में महिलाओं एवं युवतियों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबलों ने महिलाओं एवं युवतियों को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों, पुलिस सहायता सेवाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों की जानकारी दी। थाना प्रभारी मदन बिश्नोई के निर्देशन में आयोजित इस जागरूकता गतिविधि का उद्देश्य महिलाओं एवं युवतियों में सुरक्षा के प्रति विश्वास कायम करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना है।

पानी की कमी; सरसों बिजाई पर जोर



सीमा सन्देश # चारणवासी। ग्वार, बाजरा, मूंग, मोठ और मूंगफली की फसल समेटने के बाद किसान सरसों की बिजाई में जुट गए हैं। बाजार में भावों में तेजी और नहरी पानी की कमी की आशंका से सरसों का रकबा बढ़ने की संभावना है। क्षेत्र के किसान खेतों की जुताई और बिजाई में दिन-रात लगे हैं। करीब 50 प्रतिशत किसान नहरी पानी, जबकि शेष ट्यूबवेल के सहारे बिजाई कर रहे हैं। किसानों के अनुसार, गर्मी के कारण परेशानी हो रही है। वहीं, कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम सरसों की बिजाई के अनुकूल है, जिससे फसल का फुटाव और पैदावार बेहतर होने की उम्मीद है।

नोहर : एडीआरएम राजेन्द्र सिंह चौधरी का स्वागत, रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग

ट्रेनों की समय-सारिणी में सुधार, जयपुर व दिल्ली के लिए नई रेल सेवाएं शुरू हो

सीमा सन्देश # नोहर। उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के एडीआरएम राजेन्द्र सिंह चौधरी ने नोहर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं और रेलवे व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के बाद जिला रेल यात्री वेलफेयर एसोसिएशन एवं नोहर रेल विकास संघ के संयुक्त तत्वावधान में रेल विकास संघ कार्यालय में उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रेल विकास संघ के सदस्यों ने माल्यार्पण कर एडीआरएम चौधरी का स्वागत किया। इसके बाद संघ अध्यक्ष राजकुमार जोशी पत्रकार मोहर सिंह ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया। नोहर रेल विकास संघ के अध्यक्ष राजकुमार जोशी ने कहा कि राजेन्द्र सिंह चौधरी के एडीआरएम पद पर आने से क्षेत्र के रेल यात्रियों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने आशा जताई कि उनके प्रयासों से हनुमानगढ़-



सादुलपुर रेलखंड पर लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन श्रीराम व्यास ने भी रेलखंड की विभिन्न समस्याओं को एडीआरएम के समक्ष रखा। उन्होंने ट्रेनों की समय-सारिणी में सुधार, रेलवे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए आरपीएफ चौकी स्थापित करने तथा बीकानेर, जयपुर और दिल्ली के लिए नई ट्रेनों का संचालन शुरू करने की मांग उठाई।

अंडरब्रिज की समस्याओं के शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन

स्थानीय पुलिस थाने के पास स्थित अंडरब्रिज की स्थिति की ओर एडीआरएम का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने अंडरब्रिज से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने की आवश्यकता जताई, ताकि आमजन को राहत मिल सके। एडीआरएम राजेन्द्र सिंह चौधरी ने रेल विकास संघ एवं रेल यात्री संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से रखी गई समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना। उन्होंने इनके समाधान के लिए अपने स्तर पर पूरा प्रयास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रदीप शर्मा, श्रीराम व्यास, बसंत तिवाड़ी, मनोज कौशिक, सतीश चंद्र सोनी, रमेश कुमार सोनी, नरेंद्र सोनी, सुमेर सिंह, अवतार सिंह, मोनालिसा, लाभूराम जोशी, मुन्नालाल जोशी, सीताराम व्यास, सुरेश व्यास, नोहर रेलवे स्टेशन अधीक्षक राजेराम, वाणिज्य अधीक्षक सुशील आचार्य, अनिल कुमार, पंकज जोशी, भैरव करवा ,साजीद भाटी करवा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मेगा हाईवे पर भीड़ के बीच बेखौफ दौड़ रहे वाहन, प्रशासन मौन

लापरवाही : ओवरलोड वाहन व बेपरवाह ड्राइविंग से बढ़ रहा हादसों का खतरा

सीमा सन्देश # रावतसर। स्थानीय कस्बे में पिकअप गाड़ियों, जीपों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में क्षमता से अधिक ओवरलोड सामान भरकर सड़कों पर खुलेआम दौड़ाया जा रहा है, जिससे राहगीर लगातार दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार, यूरिया, डीएपी, बिनौला खल व अन्य सामग्री से ओवरलोड वाहन दिनभर सड़कों पर फरार्टा भर रहे हैं, लेकिन परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन इस पर पूरी तरह मौन है और कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वर्तमान में पल्लू मां बिरमाणी मेला और सालासर बालाजी मेला चलने के कारण मेगा हाईवे पर भारी भीड़ बनी हुई है। क्षेत्रपाल मंदिर से लेकर जाट कॉलोनी तक के मुख्य मार्गों पर जाम और भीड़भाड़ के बीच मोटरसाइकिल सवार तीन से चार लोग बैठकर बीच सड़क पर वाहन टेढ़े-मेढ़े ढंग से चला रहे हैं, जिससे



कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अनेक बार लोग इन बेलगाम वाहनों की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं। स्थानीय दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि मेलों के इस सीजन में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाए और इन ओवरलोड व खतरनाक तरीके से चलने वाले वाहनों पर तुरंत सख्त लगाम लगाई जाए।

अनदेखी

भादरा मोड़ पर सुरक्षा इंतजाम नाकाफी, हादसों को न्योता दे रहा जंक्शन

परेशानी : भादरा मोड़ के जंक्शन पर ना स्ट्रीट लाइटें, ना दिशा सूचक संकेतक

सीमा सन्देश # चारणवासी। भादरा मोड़ पर सार्वजनिक निर्माण विभाग ने सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर जंक्शन का निर्माण तो कर दिया, लेकिन सुरक्षा मानकों की अनदेखी से हादसों का खतरा बना हुआ है। नोहर-दिल्ली-सिरसा और नोहर-सिरसा-भूकरका बाइपास को जोड़ने वाले इन प्रमुख तिराहों से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। जंक्शन और घुमावदार हाईवे पर केवल स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं, लेकिन उन पर सफेद पट्टी और रिफ्लेक्टर नहीं होने से रात में वाहन चालकों को ये दिखाई नहीं देते। इससे तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होने का खतरा रहता है। भूकरका जाने वाली सड़क पर तिराहे से पहले स्पीड ब्रेकर भी नहीं बनाया गया है।



हाईमास्ट लाइट व दिशा-सूचक बोर्ड लगाने की मांग

वहीं, चेतावनी और दिशा-सूचक बोर्डों के अभाव में बाहरी राज्यों से आने वाले चालक रास्ता भटक जाते हैं या सड़क पर वाहन रोककर रास्ता पूछते हैं। जंक्शन पर रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से सूर्यास्त के बाद पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है। इससे राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने जंक्शन के केंद्र में हाईमास्ट लाइट लगाने, चारों दिशाओं में स्ट्रीट लाइटें लगाने तथा रिफ्लेक्टरयुक्त संकेतक बोर्ड और स्पीड ब्रेकरों पर सफेद पट्टियां अंकित करने की मांग की है। भादरा से हनुमानगढ़ जाने वाले वाहनों की सुविधा के लिए भूकरका बाइपास बनाया गया है। इसके जरिए वाहन नोहर शहर में प्रवेश किए बिना भादरा मोड़ से गंगानगर-हिसार हाईवे छोड़कर भूकरका की ओर जा सकते हैं। लेकिन बाइपास का दिशा-सूचक बोर्ड नहीं होने से अनजान वाहन चालक नोहर होकर गुजरते हैं। इससे उनका समय और ईंधन दोनों बर्बाद होते हैं। लोगों ने संबंधित विभाग से सुरक्षा इंतजाम और संकेतक बोर्ड जल्द लगाने की मांग की है।

न्यूज इन ब्रीफ

संगठन मजबूत करने का किया आह्वान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार का टाक मंजिल में प्रदेश कोऑर्डिनेटर जावेद अली के नेतृत्व में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सांसद कुलदीप इंदौरा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर और पूर्व प्रधान जयदेव भिड़ासरा सहित अन्य नेताओं का सम्मान किया गया। चोपदार ने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने, जनसमस्याएं सुनने और पार्टी की नीतियां आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी पंचायत एवं निकाय चुनावों में सफलता के लिए आपसी समन्वय, जनसंपर्क बढ़ाने और अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया।

बालाजी महाराज को लगे 17 सवामणी के भोग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित नगर परिषद रामलीला रंगमंच पर श्रीरामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के आठवें दिन दक्षिणमुखी बालाजी महाराज की संजीवन झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान 17 सवामणी के भोग अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं ने केले, सेब, चूरमा, पान और मिठाइयों का प्रसाद चढ़ाया, जिसे बाद में वितरित किया गया। मंच पर भगवान श्रीराम और हनुमान मिलाप तथा राम-सुग्रीव मित्रता के प्रसंगों का मंचन हुआ। समिति के अनुसार बालाजी महाराज के बाने की बुकिंग वर्ष 2036 तक पूरी हो चुकी है। 21 अक्टूबर की रात चांदी के सिक्के का लकी ड्रॉ निकाला जाएगा।

केवट प्रसंग और राम-भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन की भट्ठा कॉलोनी स्थित स्वामी विवेकानंद रंगमंच पर रामलीला के सातवें दिन केवट प्रसंग और राम-भरत मिलाप का मंचन किया गया। कलाकारों ने भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण को केवट द्वारा गंगा पार करवाने का दृश्य जीवंत किया। इसके बाद भरत द्वारा श्रीराम से अयोध्या लौटने का आग्रह करने के प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन में श्रद्धा, समर्पण, त्याग और पारिवारिक एकता का संदेश दिया गया। भरत की भूमिका अमित सैन, शत्रुघ्न की अंशित शर्मा तथा केवट की भूमिका समिति अध्यक्ष गौरव शर्मा ने निभाई। आयोजन में समिति सदस्यों और अतिथियों ने सहयोग किया।

आक्रोश : एफआईआर 666 को लेकर पुलिस पर बरसे माकपा नेता

पुलिस-प्रशासन पर लगाये गंभीर आरोप

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नगर परिषद चुनाव के बाद दर्ज हो रहे मुकदमों और पुलिस कार्रवाई के विरोध में माकपा कार्यकताओं ने बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने पुलिस प्रशासन पर राजनीतिक दबाव में काम करने और विपक्षी दलों के कार्यकताओं को मुकदमों व गिरफ्तारियों के जरिए डराने का आरोप लगाया। माकपा नेताओं ने टाउन थाने में पूर्व सभापति सुमित रणवां सहित अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर में माकपा नेता एवं अधिवक्ता रघुवीर सिंह वर्मा का नाम शामिल किए जाने पर विरोध जताया। उन्होंने एफआईआर संख्या 666 में लगाए गए आरोपों पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि नगर परिषद चुनाव का परिणाम 14 सितंबर को आने के बाद से जिले में करीब 30 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। उन्होंने कुछ मामलों में रात 11.30 बजे से सुबह 2 बजे के बीच एफआईआर दर्ज होने और इसके तुरंत बाद गिरफ्तारी की कार्रवाई शुरू होने का आरोप लगाते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।



पंचायत चुनाव में गड़बड़ी पर आंदोलन की चेतावनी

माकपा नेताओं ने आगामी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव निष्पक्ष तरीके से करवाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए मुकदमों का डर दिखाया जा रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि पुलिस को राजनीतिक पक्षपात से दूर रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखनी चाहिए और नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। मांगों पर ध्यान नहीं देने पर पार्टी ने बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी। सभा को रामेश्वर वर्मा, पूर्व विधायक बलवान पूनिया, रघुवीर वर्मा, शेरसिंह शाक्य और बसंत सिंह सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

रोड के निर्माण कार्य का सभापति ने किया निरीक्षण

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नगर परिषद सभापति मंजू रणवां एवं उपसभापति सोनू बंसल ने बुधवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चक ज्वाला सिंह वाला रोड पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि आमजन को लंबे समय तक इनका लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान सभापति मंजू रणवां ने कहा कि नगर परिषद का पैसा जनता का पैसा है और जनता के पैसे का उपयोग जनता के विकास के लिए ही होना चाहिए। विकास कार्य केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए नहीं, बल्कि आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए करवाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखना बेहद जरूरी है, ताकि सड़कें और अन्य सुविधाएं टिकाऊ हों तथा लोगों को बार-बार परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप करवाया जाए।

खेल : टाइम्स पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों का जलवा



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाइम्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 31वीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में छात्रा मनजोत ने दो स्वर्ण पदक जीते, जबकि राज्य स्तरीय एसजीएफआई कराटे प्रतियोगिता में धर्मवीर ने रजत पदक हासिल किया। जीआर ग्लोबल एके-डमी, हनुमानगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं की मनजोत ने अंडर-14 वर्ग की लंबी कूद और 80 मीटर हर्डल रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, सादुलशहर के जीटीबी स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में धर्मवीर ने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बुधवार को विद्यालय पहुंचने पर दोनों खिलाड़ियों का स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. सागर मल लड्ढा, डायरेक्टर गोपाल किशन लड्ढा, कपिल लड्ढा, प्रधानाचार्या नेहा शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। चेयरमैन डॉ. लड्ढा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डायरेक्टर गोपाल किशन लड्ढा और कपिल लड्ढा ने खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रधानाचार्या नेहा शर्मा ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस दौरान पीटीआई रियासत अली भी उपस्थित रहे।

प्रतिभाओं का सम्मान किया



सीमा सन्देश # रावतसर। राजकीय विद्यालय भैरूसरी में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में पहले तीन स्थानों पर रहने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 6से 8 में प्रथम राजीव द्वितीय हेमंत तृतीय कल्पना व मनीषा रही। कक्षा 9से 12 प्रथम रवीना द्वितीय रोशनी,पूजा तृतीय स्नेहा रही। विजेताओं को मोलिया परिवार दासुवाली द्वारा बैग भेंट किया गया। इस अवसर पर नरसी राम, बलराम, भंवरलाल, राजवीर, विमला, रवि मीणा, जगदीश, मुकेश, सतपाल लूणा, राकेश कुमार, रामकुमार, विजेन्द्र कुमार लालचंद उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सेंसकरण ने मौलिया परिवार की सराहना की। व.अ. किशन मोलिया का भामाशाह के रूप में प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। किशन मोलिया ने विद्यालय परिवार का आभार प्रकट करते हुए सामन्य ज्ञान, निबंध प्रतियोगिता जैसे इवेंट जारी रखने पर बल दिया।

विशाल जागरण में उमड़े श्रद्धालु

सीमा सन्देश # टोपरियां। गांव स्थित प्राचीन मेड़ी कान्हा दादा जी धाम पर जागरण का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। जागरण में लोक कलाकारों ने डेरुओं की थाप पर गोगाजी महाराज और पेमा दादा के भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यप्रकाश सहारण ने बताया कि कान्हा दादा जी की प्राचीन मेड़ी पर आयोजित जागरण में गायक कलाकार भागा एंड मगला पार्टी ने दादा के भजनों का गुणगान किया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्तिरस में डूबे रहे और डेरुओं की थाप पर झूमते नजर आए।

प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की विभूतियों का अभिनंदन

सिंधी समाज ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

सीमा सन्देश # नोहर। पूज्य सिंधी पंचायत, नोहर के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान एवं नागरिक अभिनंदन समारोह-2026 का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, सहशैक्षणिक गतिविधियों, सिंधी भाषा, सरकारी सेवा, प्रशासन एवं समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली 54 प्रतिभाओं एवं विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं और समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह का उद्देश्य प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ समाज में शिक्षा, संस्कार और सेवा की भावना को बढ़ावा देना रहा। विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में हाल ही में निर्वाचित पार्षद अभिषेक बच्चवानी एवं सुनील कुमार का विशेष नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह में सिंधी समाज के जिलाध्यक्ष हरीश वाधवानी, पूज्य सिंधी पंचायत नोहर के अध्यक्ष रमेश वाधवानी, बुलचंद भागवानी, मंदिर कमेटी अध्यक्ष टीकम मोटवानी, एसीबीओ महेश पेशवानी एवं शिक्षाविद् श्रीमती अनीता दरयानी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष राजकुमार बचवानी, सचिव विमल कुमार गुरनानी, राजकुमार मोटवानी, दलीप कुमार दरयानी, मुकेश पेशवानी, मुकेश गिदवानी, मुकेश वाधवानी, अमित धनवानी, कमल कुमार, खेमराज धर्मचंदानी, प्रशांत लालवानी उपस्थित रहे। मंच संचालन विमल कुमार गुरनानी ने किया।



शिक्षा और सामाजिक एकता का दिया संदेश

समारोह ने समाज की उपलब्धियों को सम्मान देने के साथ नई पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार और समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। आयोजन के माध्यम से प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, सामाजिक एकता मजबूत करने तथा समाज के विकास में सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया गया।

नोहर : स्मृति में गोशाला में बनेगा शेड, 5 लाख रुपए होंगे खर्च



सीमा सन्देश # नोहर। दिवंगत श्रीनिवास तिवाड़ी की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से उनके परिजनों ने श्री हरिकृष्ण टीले वाली गोशाला में गायों के लिए शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। करीब 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस शेड से गोशाला में रहने वाली गायों को धूप और बारिश से बचाव के लिए उचित आश्रय मिल सकेगा। तिवाड़ी परिवार की इस पहल को गोसेवा और गो संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम माना जा रहा है। परिजनों ने शेड निर्माण के माध्यम से दिवंगत श्रीनिवास तिवाड़ी की स्मृति को सेवा कार्य से जोड़ते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दुर्गादत्त तिवाड़ी, ओमप्रकाश तिवाड़ी, सुरेश पांडिया, मालाराम जोशी, चंपालाल तिवाड़ी, चौथमल पांडिया, निरंजन, सुरेश तिवाड़ी, महिपाल सैनी, मालाराम जोशी, रमेश बडसीवाल, संजय बाजीगर, सुमित हिसारीया, बालकृष्ण व्यास, रामू जोशी, सुंदर सैनी, महावीर पांडिया, अरविंद भाटिया, कबीर ज्याणी, हनुमान व्यास,रमेश तिवाडी, नरेंद्र तिवाड़ी, रमेश खटोतिय, मनोज चोटिया, सहित अनेक लोग मौजूद रहे। तिवाड़ी परिवार की ओर से किए जा रहे इस गोसेवा कार्य की सराहना की जा रही है। गौशाला परिवार द्वारा इस मौके पर तिवाडी परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

अमर गीत वंदना का विमोचन



रावतसर। स्थानीय गुरु जम्भेश्वर महाविद्यालय के सभागार में आज सुप्रसिद्ध कृति ह्लअमर गीत वंदनाह्व के छठे संस्करण का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भरतराम मेघवाल रहे, अध्यक्षता नगरपालिका रावतसर की सभापति नीलम हरवीर सहारण ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका उपाध्यक्ष गुरजीत बिड़ग एवं अतिथि के रूप में पृथ्वीराज राज बिश्नोई उपस्थित रहे। पुस्तक के लेखक अमर सिंह चौहान का महाविद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। पुस्तक सामाजिक जागरूकता एवं देशभक्ति गीतों का अनुपम संग्रह है। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित साहित्यकार, कवि एवं चित्रकार रंगलाल बिश्नोई, भरत ओला, डॉ. नीता अग्रवाल, दयाराम ढील, मदन पेन्टर, अजमेर सिंह प्रधानाचार्य ने पुस्तक की समीक्षा करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। संस्था निदेशक ओमप्रकाश सिहाग ने सभी अतिथियों को साल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

विद्यालयों का किया निरीक्षण

पीलीबंगा। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक च्यानण मल भार्गव ने बुधवार को प्रेमपुरा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रेमपुरा और राजकीय प्राथमिक विद्यालय 139 आरडी का निरीक्षण किया। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों, मिड-डे-मील, व्यावसायिक शिक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विद्यालयों में नॉलेज कॉर्नर, न्यूज कॉर्नर और प्रार्थना सभा के संचालन की सराहना की। भार्गव ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सकारात्मक वातावरण और विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा ने तेज की तैयारियां

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज चुनावों को लेकर भाजपा ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। पंचायत समितियों और जिला परिषद में पार्टी का बोर्ड बनाने के लक्ष्य के साथ बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि पंचायत चुनाव संभाग प्रभारी, किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी रहे। उन्होंने कार्यकताओं से चुनावी तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। चौधरी ने कहा कि चुनाव में सफलता के लिए कार्यकताओं की सक्रियता और संगठन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने वार्डवार जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन करने, आमजन से निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मतदाताओं तक पहुंचाने पर जोर दिया। जिला संगठन प्रभारी, सहप्रभारी, लोकसभा प्रत्याशी, जिला चुनाव प्रभारी, सहप्रभारी, प्रदेश कार्यकारिणी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

मटोरिया बोले- दुलमुल रवैया न रखें, पार्टी की खिलाफत करने वालों पर पैनी नजर

दावेदारों से लिए आवेदन, एकजुट होकर चुनाव लड़ने का आह्वान

सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत राज चुनाव की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक बुधवार को कस्बे के कस्वां मैरिज पैलेस में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न ब्लॉक व जोन के दावेदारों से अलग-अलग मुलाकात कर टिकट के लिए आवेदन लिए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में नोहर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने कहा कि कार्यकताओं को आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी की जीत के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि टिकट किसी एक व्यक्ति को ही मिलेगा, इसलिए दावेदार व्यक्तिगत द्वेष न रखें और पार्टी की भावना से चुनाव मैदान में उतरें। उन्होंने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों पर निगरानी रखने की बात भी कही। भादरा विधायक संजीव बेनीवाल ने कहा कि भाजपा सर्वे के आधार पर टिकाऊ और जीताऊ उम्मीदवारों को टिकट देगी। उन्होंने कार्यकताओं से आपसी सहमति से एक नाम तय करने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष प्रमोद डेलू ने संगठन की एकजुटता पर जोर दिया, जबकि पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्ण भाकर ने उम्मीदवार कोई भी हो, कमल के निशान को मजबूत करने की बात कही।



मिलकर काम करें

पूर्व राज्य मंत्री मेहरुन्निसा टाक ने भी संगठन को सर्वोपरि बताते हुए मिलकर काम करने का संदेश दिया। मटोरिया ने क्षेत्र में नहरों, खालों और पेयजल योजनाओं के कार्यों का उल्लेख करते हुए नोहर फीडर नहर के नवनिर्माण की डीपीआर स्वीकृत होने की जानकारी दी। बैठक में जिला प्रभारी दिनेश दाभाई, दीपक पारीक, काशीराम गोदारा, महंत गोपाल नाथ, चेतन राजपुरोहित, आशीष पारीक, उर्मिला बिजारणिया, प्रताप सिंवर, छोटू सेवग, राकेश पूनिया, ओम बिजारणिया और धर्मपाल सिहाग सहित अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पीएचसी को भेंट किया फ्रिज

सीमा सन्देश # टिब्बी। क्षेत्र में जनसेवा की भावना को बढ़ावा देते हुए सिलवाला खुर्द स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को भामाशाह राजू गोदारा पुत्र भगवंत गोदारा ने 23 हजार रुपए की लागत का 280 लीटर क्षमता वाला फ्रिज भेंट किया। राजू गोदारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के संस्थापक परिवार से हैं। उन्होंने यह सहयोग नर्सिंग ऑफिसर लीलाधर कस्वां की प्रेरणा से किया। फ्रिज मिलने से स्वास्थ्य केन्द्र की चिकित्सा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ ने भामाशाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की सुविधाओं में सुधार होता है और आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने में मदद मिलती है। इस मौके पर लीलाधर, स्वाति शर्मा, फार्मासिस्ट सुशील वर्मा, लैब टेक्नीशियन रमन कुमार, मुकेश, रामकुमार वर्मा, महेंद्र, बहादुर सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने राजू गोदारा का आभार जताया।



पालिकाध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन



सीमा सन्देश # भादरा। मंगलवार देर शाम नगर पालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने वार्ड नंबर 17 (मोतीपुरा बास) का दौरा कर वार्डवासियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। इस दौरान वार्डवासियों ने स्ट्रीट लाइट, नई पेयजल पाइपलाइन, अतिक्रमण, सीवर कनेक्शन, सड़क निर्माण, नाली निर्माण एवं साफ-सफाई सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से पालिकाध्यक्ष को अवगत करवाया। पालिकाध्यक्ष गोयल ने मौके पर ही समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर समस्याओं से अवगत करवाकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि वार्डवासियों को राहत मिल सके। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना नगर पालिका की प्राथमिकता है। वार्डवासियों को बिजली, पानी, सड़क, नाली, सीवरेज एवं स्वच्छता जैसी सुविधाओं के लिए परेशानी नहीं हो, इसके लिए आवश्यकतानुसार कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे स्वयं वार्डों का दौरा कर रहे हैं, ताकि मौके पर स्थिति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से समस्याओं का निस्तारण करवाया जा सके।

श्रीराम-भरत मिलाप ने किया भावुक



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। श्री महावीर ड्रामेटिक क्लब की रामलीला में भगवान श्रीराम की आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष संदीप पेड़ीवाल हैप्पी, पार्षद कपिल वधवा व पार्षद पति दीपांशु कालड़ा 'दिशू' का क्लब की ओर से स्वागत किया गया। लीला में राम-भरत मिलाप के भावुक दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वहीं शूर्पणखा और विद्युतजि की प्रेम कथा, रावण द्वारा विद्युतजि का वध व शूर्पणखा के प्रतिशोध का प्रसंग आकर्षण का केंद्र रहा। पंचवटी में राम-लक्ष्मण से संवाद और लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा की नाक काटने के दृश्य का प्रभावशाली मंचन किया गया। क्लब संरक्षक मंगतराय शर्मा ने रामलीला मंच व ग्राउंड के पुनर्निर्माण का आग्रह किया, जिस पर नगरपालिका अध्यक्ष और पार्षदों ने शीघ्र निर्माण करवाने का आश्वासन दिया।

17 एमडी-ए में युवा टीम का गठन



सीमा सन्देश # घड़साना। कस्बे के 17एमडी-ए गांव में स्वच्छता, जनसेवा और समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से 'युवा टीम 17एमडी-ए' का गठन किया गया है। टीम ने श्मसान भूमि से साफ-सफाई के कार्य की निरंतर शुरूआत की है। 'युवा एकता, स्वच्छ गांव और बेहतर भविष्य' के उद्देश्य के साथ युवाओं का यह दल गांव को सुंदर, स्वच्छ व व्यवस्थित बनाने में जुटा है। गठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष नंदलाल, उपाध्यक्ष चंद्रभान बिश्नोई, सचिव बलविंदर सिंह, सहसचिव सतनाम सिंह और कोषाध्यक्ष सुंदरलाल व हरविंदर सिंह धालीवाल बनाए गए हैं। इसके अलावा शिकायत प्रभारी अक्षय नायक व प्रमोद किरोड़ीवाल, सोशल मीडिया प्रभारी शंकर लाल कासनियां व अरविंद कुमार और खेल एवं युवा गतिविधि प्रभारी मांगीलाल बिश्नोई को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ग्रामीणों का मानना है कि इस एकजुटता से गांव में सकारात्मक बदलाव आएगा।

प्रीति शेखावत का राज्य स्तर पर चयन



सीमा संदेश # सरदारशहर। राजलदेसर में आयोजित चुरू जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग) में केकेसी इंटरनेशनल स्कूल, सरदारशहर की छात्रा प्रीति शेखावत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय और 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल करने पर उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य कोमल शेखावत और निदेशक डॉ. किशोर सिंह राठौड़ ने प्रीति व उनके पिता शिवपाल सिंह शेखावत का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ ने प्रीति की सफलता की सराहना करते हुए उन्हें राज्य स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं और अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

डाइट में कार्यशाला का समापन



सीमा सन्देश # चूनावढ़। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में पीएसटीई प्रभाग व डब्ल्यूई प्रभाग के संयुक्त समन्वय से आयोजित पांच दिवसीय शिक्षण-अधिगम सामग्री निर्माण मार्गदर्शन कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के डीएलएड विद्यार्थियों ने भाग लिया। डाइट प्राचार्य रचना मिढा, डब्ल्यूई प्रभागाध्यक्ष रेणु असीजा, पीएसटीई प्रभारी शिल्पी शर्मा, जैस्मीन बवेजा, संदीप बिश्नोई एवं दिलीप कुमार उपस्थित रहे। प्राचार्य रचना मिड्ढा ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई सामग्री की सराहना की।

शकुंतलम महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

सीमा सन्देश # रायसिंहनगर। शकुंतलम पी.जी. महाविद्यालय (22 पीएस) के छात्र-छात्राओं ने महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के बी.ए. व बी.एससी. छठे सेमेस्टर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रबंध समिति सचिव डॉ. गोपाल कृष्ण हांडा ने बताया कि बी.ए. में चाहत अग्रवाल (90.6%) ने प्रथम, सुहानी बजाज (80.2%) ने द्वितीय और आकाशदीप कौर (80%) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बी.एससी. में कोमल छिम्पा (85%) ने प्रथम, हरमन कौर (83.4%) ने द्वितीय तथा संदीप कुमार (77%) ने तृतीय स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के इस शानदार परीक्षा परिणाम पर निदेशक डॉ. नीना हांडा, सचिव डॉ. गोपाल कृष्ण हांडा और प्राचार्या डॉ. हरमीत कौर ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ भविष्य में भी ऐसी ही सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

इस उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धि से संपूर्ण महाविद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का माहौल है तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

गुरविंद्र सिंह की याद में चल रहे पांच दिवसीय ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने विजेता-उप विजेता टीम खिलाड़ियों को दिया पुरस्कार

सीमा सन्देश # सादुलशहर

शहीद भगत सिंह क्रिकेट क्लब द्वारा गांव बुधसिंहवाला के बाबा बुधसिंह खेल मैदान में स्व. गुरविंद्र सिंह सिधू की याद में चल रहे पांच दिवसीय ऑपन क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन भामाशाह रेशम सिंह सिधू की अध्यक्षता में मंगलवार शाम हुआ। मुख्य अतिथि सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड ने फाइनल मुकाबले में विजेता रही किलांवाली टीम को 51 हजार एवं उप विजेता श्रीगंगानगर की टीम को 31 हजार रूपए तथा ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अलावा तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पर रही टीम को 51-51 सौ रूपए का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। खास बात यह भी रही कि मैन ऑफ दी सीरिज रहने वाले खिलाडी को इनाम



स्वरूप बाइक प्रदान की गई। विधायक बराड ने खुशी जताते हुए कहा कि गांव में पांच दिवसीय ऑपन क्रिकेट टूर्नामेंट करवाया, जो आज के वक्त में बहुत बडी बात है। टूर्नामेंट में विभिन्न प्रदेशों से भी करीब 42 टीमें पहुंची। इनके लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था भी ग्रामीणों द्वारा की गई। इससे और युवा वर्ग खेल के प्रति आकर्षित होगा। छात्र-छात्राएं खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित होंगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार भी खेलों एवं खिलाड़ियों को बढावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उनकी भी मंषा है कि प्रत्येक गांव में खेल के मैदान, जिम आदि स्थापित हों। इस दिशा में भी लगातार कार्य किया जा रहा है।

स्टूडेंट्स नशे से बचें, खेलों से जुड़े : स्व. गुरविंद्र सिंह सिधू के माता-पिता भामाषाह रेषम सिंह सिधू एवं समाज सेविका कर्मजीत कौर सिधू ने बताया कि उनकी मंशा है कि क्षेत्र के स्टूडेंट्स एवं युवा वर्ग नषे की बढती प्रवृति से दूर रहे और खेलों से जुडे। उन्होंने यह भी बताया कि खिलाडियों के लिए गुरू के अटूट लंगर की व्यवस्था षुरू की गई है।

ये थे मौजूद : आयोजक मंडल के राजा सिधू, गुलशन बराड, जैकी हरौलही, तरसेम चहल, समाज सेविका एवं स्व. गुरविंद्र सिंह की माता कर्मजीत कौर, बलकरण सिंह बराड, हैड ग्रंथी लक्खासिंह मान, पूर्व सरपंच गुरसेवक सिंह बराड, जसविंद्र सिंह बराड, हरदीप सिंह, दर्शन सिंह बराड, जगसीर सिंह बराड, बूटा सिंह बराड, पूर्व पंच रामवीर अठवाल, एडवोकेट अमनदीप सिंह आदि मौजूद थे।

नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों का बलाना परिवार ने किया अभिनंदन



सीमा सन्देश # पदमपुर। नगर पालिका के नगर निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदो का धान मंडी में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ बलाना, सोहनलाल बलाना, केवल कृष्ण बलाना, निखिल बलाना परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह संधू एवं भाजपा नेता समनदीप वड़िंग, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी, राजकुमार मिगलानी, एडवोकेट मदन बंसल, हकीकत मखीजा, गौशाला अध्यक्ष प्रेम नारंग, निर्मल मांगट, अमृतपाल लाली, पार्षद राधेश्याम, पूर्ण भगत, राहुल मित्तल, संदीप सोनी, संदीप मिड्ढा, दिव्या अग्रवाल, अक्षय ढोली, मनोहर सोनी, महेश शर्मा, हैप्पी शर्मा, नमन जैन, राजन अग्रवाल, अमित बलाना सहित भाजपा कार्यकर्ताओं, प्रतिष्ठित व्यापारियों का सोहनलाल बलाना, दीनानाथ बलाना, केवल कृष्ण बलाना परिवार की ओर से फूलों की माला व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर अभिनंदन व सम्मान किया गया। जितेंद्र नारंग, परविंदर सिंह संधू ने उपस्थित जनों को विश्वास दिलाया कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार मुक्त शासन देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

प्रतिष्ठत व्यापारी विजय मित्तल द्वारा कविता के माध्यम से जनता का आभार व्यक्त किया गया।

रेलवे स्टेशन पर मिली बच्ची

सीमा सन्देश # चुरू। स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास गश्त के दौरान कालिका टीम को एक आठ वर्षीय रोती-बिलखती मासूम बच्ची मिली, जिसे टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द कर दिया। कांस्टेबल मंजू ने बताया कि प्रारंभिक काउंसलिंग में बच्ची ने खुद को सीकर जिले के रामगढ़ शेखावाटी की रहने वाली बताया और दो दिन पहले चुरू आने की बात कही। हालांकि, वह यहां कैसे और किसके साथ पहुंची, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। राजकीय डीबी अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के बाद बच्ची को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया गया। समिति के निर्देश पर उसे सखी सेंटर भेज दिया गया है।

देर रात बिकती है शराब, चलते हैं मयखाने



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर के वार्ड नं. 33 स्थित पीपल चौक मार्केट में देर रात तक होने वाली शराब बिक्री व परोसने पर रोक लगाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी भारत जयप्रकाश मीणा को ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा युवा नेता युवराज कल्याणा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया गया कि इस समस्या को लेकर 6 अक्टूबर को आबकारी थाना प्रभारी प्रशांत नैन को भी पत्र दिया गया था, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। जबकि शराब के ठेकेदारों व नशेड़ियों के कारण भय का माहौल बना हुआ है। प्रतिनिधि मंडल में अमित कल्याणा, अमरचंद नायक, महेंद्र भाटिया, विकास राजपूत, किशन सिंह, भरत राजपूत, हिमांशु, आशुतोष शर्मा, का. गुरुचरण सिंह आदि उपस्थित रहे।

हमारी लाडो फाउंडेशन के 'नींव' कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक समापन, बालिकाएं सम्मानित

सीमा सन्देश # रायसिंहनगर। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में हमारी लाडो फाउंडेशन द्वारा संचालित 'नींव' कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक समापन किया गया। समापन समारोह संगराना, लखाहाकम, ठाकरी, कीकरवाली और श्यामगढ़ आदि में पूरे जोश के साथ संपन्न हुए। फाउंडेशन की प्रतिनिधि और काकूसिंहवाला की उप प्रधानाचार्य रचना चौधरी ने बताया कि नींव कार्यक्रम किशोरी बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाने और स्वच्छ आदतों के विकास के लिए चलाया जा रहा है। फाउंडेशन की फाउंडर लिखमेवाला की बेटी प्रेमलता पूनिया हैं। संगराना में प्रधानाचार्य अर्चना शर्मा, उप प्रधानाचार्य रचना चौधरी,



रामनिवास भाम्भू तथा लखाहाकम में प्रधानाचार्य संदीप सिंह व सुमन बिश्नोई के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। इसी प्रकार ठाकरी में प्रधानाचार्य रोमल गोदारा व अनसूईया बाना तथा कीकरवाली में प्रधानाचार्य अमरीश कुमार आदि के निर्देशन में आयोजन संपन्न हुए। बालिकाओं की 5 किलोमीटर की दौड़ भी हुई। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के दौरान बालिकाओं द्वारा तैयार डायरियां, चार्ट तथा अन्य कलात्मक रचनाएं भी प्रदर्शित की गई।

चार विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर हुआ चयन

चूरू में जिला स्तरीय 'प्रबल' भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न

सीमा सन्देश # चुरू

शहर के पीएमश्री राजकीय बागला विद्यालय में जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सीडीईओ डॉ. संतोष महर्षि ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा और तार्किक क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम है। इस दौरान एडीपीसी सरिता आत्रेय, डीईओ ओमप्रकाश प्रजापत और



सहायक निदेशक शिवराज सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जलवायु परिवर्तन, एआई का प्रभाव, युवाओं के लिए रोजगार और पर्यावरण जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम प्रभारी विनय सोनी ने बताया कि छात्रा वर्ग में फलक अंसारी ने प्रथम तथा दीपिका शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्र वर्ग में सिकंदर सिंह प्रथम और जयकिशन स्वामी द्वितीय स्थान पर रहे। ये चारों विद्यार्थी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चूरू जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य बबीता सैनी, छात्रा प्रिया और छात्र अभिनव शामिल रहे। विद्यार्थियों के इस चयन से शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है।

आज चार घंटे बिजली बंद

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। 11 केवी मंडी फीडर पर अति-आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसके चलते बृहस्पतिवार को प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक नेहरू पार्क, दुर्गा मंदिर क्षेत्र, गांधी पार्क क्षेत्र व सीता राम माली क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। जोधपुर विद्युत वितरण नगम के कनिष्ठ अभियंता अवतार सिंह ने समस्त उपभोक्ता से इस दौरान सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

ढिल्लो बने कोर कमेटी में सह संयोजक

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंचायती राज चुनाव में अनूपगढ़ ब्लॉक में टिकट वितरण के लिए गठित कोर कमेटी में विरेन्द्र सिंह ढिल्लों को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। भाजपा संगठन ने कोर कमेटी में सहसंयोजक के रूप में ढिल्लो को बड़ी जिम्मेदारी दी है। गौरतलब है कि बरिंदर सिंह ढिल्लो पिछले 30 वर्षों से क्षेत्र में सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय है और भाजपा से जुड़े हुए हैं।



बर्थ-डे सेलिब्रेशन



अनूपगढ़। अभय तंवर के जन्मदिन पर दादा-दादी कृष्ण लाल - द्रोपदी देवी, पापा-मम्मी डॉ बलराम तंवर-सुमन, ताया- ताई सहित भाई, बहन एवं परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं।



सरदारशहर। एसबीआई एसए जयपुर सर्कल के महासचिव भवानी सिंह सोलंकी के जन्मदिवस पर अभिषेक पारीक, उप महासचिव एनसीबीई, ने गोवंश को चारा एवं हरा गुड़ खिलाकर उनके सुखी, स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की मंगलकामना की।



श्रीगंगानगर। सीमा सन्देश के प्रसार प्रभारी ओमप्रकाश भाटी के पोते प्रिंस के जन्मदिन पर दादा-दादी पर मो श्वरी, मम्मी ममता-पापा महेश, चाचा-चाची, दीपू, उमेश, भाई बहिन गेरिश(गोलू), पारस, गौरव, नेहा, स्नेहा, बुआ-फुफा, पुष्पा, सुमन, सन्नी, कंचन, एडवोकेट अमरचंद की ओर से हार्दिक बधाई।

रामसरा जाखड़ान स्कूल के तीन खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन



सीमा सन्देश # मानकसर। राउमा विद्यालय रामसरा जाखड़ान के तीन विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इनमें 14 वर्षीय वॉलीबाल में राहुल, 19 वर्षीय वॉलीबाल में आर्यन और 19 वर्षीय कबड्डी में चंद्रभान ने राज्य स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 19 वर्षीय कबड्डी प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर जिले की टीम ने राजस्थान में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि में विद्यालय के खिलाड़ी चंद्रभान की भी भागीदारी रही। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय पहुंचने पर तीनों खिलाड़ियों का कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनुज बेनीवाल और कृष्णलाल नेहरा सहित विद्यालय स्टाफ ने खिलाड़ियों को माला पहनाकर सम्मानित किया, शारीरिक शिक्षक राजकुमार बिश्नोई ने बताया कि विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होना गर्व की बात है।

न्यायाधीशों ने स्कूली बच्चों को शिक्षा अधिकार के प्रति किया जागरूक



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे के तत्वावधान में प्रत्येक न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा विद्यालयों में विभिन्न विषयों पर जागरूकता शिविर लगाना निश्चित किया, जिससे बालकों में समाज में चल रही कुरीतियों को प्रति जागरूकता फैलाई जा सके। इसी क्रम में तालुका विधिक सेवा समिति सचिव शुभम कुमार ने बताया कि एडीजे श्याम कुमार व्यास द्वारा एचएस स्कूल में छात्र-छात्राओं से संवाद किया और शिक्षा के अधिकार से अवगत करवाया। साथ ही स्कूल के भवन का निरीक्षण किया ताकि छात्र-छात्राओं के लिए उपयुक्त सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं। एसीजेएम महेश्वरी बरोड़ द्वारा पीएम श्री महात्मा गांधी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के अधिकार के बारे में अवगत करवाया। महिमा दूगड़ ने 39 एच के उमा विद्यालय पर जागरूकता शिविर आयोजित कर बालकों को जागरूक किया गया। अधिकार मित्र प्रवीण कुमार, कृष्ण सिंह व गौरव शर्मा के सहयोग से जागरूकता शिविर पूर्ण किया गया।

रामलीला मैदान में हर्षोल्लास संग मनाया श्रीराम-माता सीता का विवाह



सीमा सन्देश # चूनावढ़। कस्बे के रामलीला मैदान में श्रीराम नाटक क्लब की ओर से आयोजित रामलीला में मंगलवार रात्रि तीसरे दिन भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग का मंचन किया गया। इसके बाद भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह विधि-विधान के साथ संपन्न कराया जाता है। पंडित ने विवाह की रस्में अदा करवाईं। राम का किरदार दीपक शर्मा, लक्ष्मण का संजीव कालड़ा, सीता का किरदार लविश पोपली, राजा दशरथ का रोबिन गुंबर तथा राजा जनक का किरदार पंकज गुंबर ने निभाया। इस अवसर पर श्रीराम नाटक क्लब के अध्यक्ष सहित कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र चाहर, उपाध्यक्ष अनिल बेदी, सचिव नरेश बजाज, कोषाध्यक्ष सुनील तुतलानी, डायरेक्टर धर्मवीर वर्मा, मीडिया प्रभारी हिमांशु पोपली, पूर्व अध्यक्ष पवन चावला, कमेटी के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

CLASSIFIED
Email : adst.seemasandesh@gmail.com
99280-38379, 95095-96000

■ मैं Indrapal Singh पिताजी नं. 14689821P NK Amul Malik, निवासी Bhadaura, Rasulpur Rohta, Meerut (UP)-250502, अपना नाम Indra Pal Singh से Indrapal Singh व जन्मतिथि 01/01/1959 से 10/02/1943 करवाना चाहता हूं शपथपत्र-INRJ15015204816274Y दिनांक-13/10/2026 बीकानेर कोर्ट

■ मैं Omwati माताजी न. 14689821P NK Amul Malik, निवासी Bhadaura, Rasulpur Rohta, Meerut (UP)-250502, अपना नाम Om Devi से Omwati व जन्मतिथि 01/01/1964 से 01/01/1965 करवाना चाहती हूं शपथपत्र-INRJ15014645692361Y दिनांक-13/10/2026 बीकानेर कोर्ट

■ I, VALLABH BHAI Father of JC-424392L Rank-SUB KHALASI SHAILESH KUMAR VALLABH BHAI have changed my name from VALLABH BHAI to KHALASI VALLABHBHAI and DOB from 01/07/1956 to 01/06/1952 vide affidavit dated-14/10/2026 before Bikaner Court

■ I, SARITA Spouse of No.JC NAY 15707954M Rank-NB SUB MAHENDRA SINGH have changed my name from SARITA to SARITA KUMARI vide affidavit dated-14/10/2026 before Bikaner Court

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

✷ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

25 साल के युवक ने छोड़ी माइक्रोसॉफ्ट में 2 करोड़ की नौकरी, बोला- मजा नहीं आ रहा था



माइक्रोसॉफ्ट की 2 करोड़/वर्ष की नौकरी छोड़कर अपना एआई-स्टार्टअप शुरू करने वाले 25-वर्षीय जुनैद खान ने बताया है कि उन्हें नौकरी में कम मजा आने लगा था। यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना से कंप्यूटर-साइंस में बैचलर डिग्री करने वाले जुनैद के अनुसार, वह बिजनेस से होने वाली कमाई कंपनी में ही रखते हैं और अपनी बचत से गुजारा कर रहे हैं।

सर्दियों में कॉफी की चुस्की होगी सस्ती! पूरी दुनिया में कम हुए दाम; जानिए कारण



वैश्विक बाजार में खपत की तुलना में उत्पादन अधिक होने से कॉफी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। इंटरनैशनल कॉफी ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कॉफी की कीमत 8.7% कम हुई। ऐसे में आगामी दिनों में भारत समेत अन्य देशों में भी कॉफी की कीमतें कम होने की संभावना जताई जा रही है।

ओपन एआई के ऑफिस में मिला जासूसी का सामान, टीवी के पीछे रिकॉर्डर; सऊदी इंजीनियर गिरफ्तार



सैन फ्रांसिस्को में ओपन एआई के कॉन्फ्रेंस रूम में 30 सितंबर को टीवी के पीछे वरइ से जुड़ा सीक्रेट रिकॉर्डिंग डिवाइस मिला। मामले में ओपनएआई के एक सऊदी इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया है। कंपनी ने जांच के लिए एफबीआई से संपर्क किया और इंजीनियर को नौकरी से निकाल दिया है। बकौल ओपनएआई, डेटा चोरी के कोई सबूत नहीं मिले हैं।

16 साल के लड़के ने तौलिया बेचने के लिए छोड़ा कॉलेज, अब कमा रहा है सालाना 8 करोड़



ब्रिटेन के 16-वर्षीय हैरिसन नॉट ने पढ़ाई छोड़ अपने बेडरूम से 'CoolTowel' नाम का स्टार्टअप शुरू किया। उनका कूलिंग टॉवल ब्रांड आज £750,000 (लगभग 8 करोड़) का सालाना टर्नओवर कर रहा है। अलीबाबा कॉम्पिटिशन जीतने के बाद दिग्गज फुटबॉलर रियो फर्डीनैंड इसमें मुख्य निवेशक बने। भीषण गर्मी के दौरान टिकटॉक और Shopify पर भारी मांग से ब्रांड को सफलता मिली।

ट्रंप ने शख्स की जान लेने वाले बाघ के साथ खेलते हुए अपना एआई वीडियो किया शेयर, हुई आलोचना



यूके में बाघ के हमले में एक शख्स की मौत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एआई वीडियो शेयर किया है जिसमें वह उसी बाघ संग खेलते दिख रहे हैं। इसे लेकर ट्रंप की आलोचना हो रही है। एक यूजर ने कहा, इनका...दिमाग खराब है। यूके पुलिस ने हमले का फुटेज शेयर न करने की अपील की थी।

इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास ने पेश किया एआई अवतार 'देवी'



इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास ने 'देवी' नाम का एआई अवतार पेश किया है। यह भारतीय संस्कृति, पर्यटन, छात्रवृत्ति, व्यापार, निवेश के अवसरों और कांसुलर सेवाओं से जुड़ी जानकारी देगा। यह कदम इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद उठाया गया है। दूतावास ने कहा, हम भारत-इंडोनेशिया साझेदारी से जुड़ी जानकारियां आप तक पहुंचाएंगे।

सऊदी अरब में ईशनिंदा के आरोपी हिंदू व्यक्ति को नहीं होगी फांसी, कोर्ट ने पलटा फैसला



सऊदी अरब के सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई हिंदू प्रवासी मजदूर अनोजन शिवरासा को सुनाई गई मौत की सजा रद्द कर दी है। उन्हें फेसबुक पर इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने वाली टिप्पणी के मामले में मौत की सजा सुनाई गई थी। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने इस फैसले का स्वागत किया है।

आईसीसी रैंकिंग ● बॉलिंग में अफगानिस्तान के राशिद खान 720 पॉइंट्स के साथ पहले नम्बर पर, एडम दूसरे व तीसरे पर आदिल

कप्तान श्रेयस अय्यर टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में चौथे नंबर पर आए : शानदार शतक लगाने का फायदा मिला, अब टॉप-4 में 3 भारतीय; पाकिस्तानी कप्तान नंबर-3 पर

भारतीय टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर आईसीसी की ताजा टी-20 बैटर्स रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 3 स्थान की छलांग लगाई है। 31 साल के अय्यर वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में शतक लगाने का फायदा मिला। अय्यर ने लखनऊ में टी-20 इंटरनेशनल करियर का पहला शतक लगाया था। वहीं, ईशान किशन रैंकिंग में पहले और अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे स्थान पर हैं। इस तरह टॉप-4 में भारत के 3 बल्लेबाज शामिल हैं।



श्रेयस अय्यर

बॉलिंग रैंकिंग में अक्षर पटेल 649 पॉइंट्स के साथ 9वें नंबर पर

टी-20 बॉलिंग रैंकिंग में भारत के अक्षर पटेल 649 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 9वें नंबर पर हैं। वे टॉप-10 में शामिल इकलौते भारतीय गेंदबाज हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान 720 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा 700 पॉइंट्स के साथ दूसरे और इंग्लैंड के आदिल राशिद 695 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर हैं। पाकिस्तान के अबरार अहमद भी 695 पॉइंट्स के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

चेज टी-20 ऑलराउंडर्स में तीसरे नंबर पर

वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज को टी-20 इंटरनेशनल गेंदबाजों और ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में फायदा हुआ है। वे गेंदबाजों की रैंकिंग में 24 स्थान ऊपर चढ़कर 23वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में 2 स्थान की छलांग लगाकर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। भारत के हार्दिक पंड्या 204 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर हैं।

रवीन्द्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडरों में नंबर-1

भारत के रवींद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। साउथ अफ्रीका के वियान मुल्डर एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं।

हेजलवुड 7वें नंबर पर पहुंचे

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी फायदा हुआ है। उन्होंने दूसरी पारी में 49 रन देकर 6 विकेट लिए। इसके बाद वह 2 स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गए। मिचेल स्टार्क गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर बने हुए हैं।

चौथा टी20 ● कीमो पॉल की घातक गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने भारत को हराया

शाई होप का नाबाद शतक

हैदराबाद।

वेस्टइंडीज ने चौथे टी-20 में भारत को 24 रन से हरा दिया। इसी के साथ 5 मैच की सीरीज 2-2 से बराबर हो गई है। आखिरी मुकाबला 17 अगस्त को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 247 रन बनाए। कप्तान शाई होप ने 50 बॉल पर नाबाद 102 रन बनाए। उन्होंने 4 चौके और 9 छक्के लगाए। होप ने सीरीज में दूसरा शतक लगाया। इससे पहले उन्होंने रांची में खेले गए दूसरे मैच में सेंचुरी लगाई थी। उनके अलावा शेरफेन रदरफोर्ड ने नाबाद 49 रन बनाए। भारत से प्रिंस यादव, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को एक-एक विकेट मिले।

जवाब में भारत 20 ओवर 223 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। संजू सैमसन ने 23 बॉल पर 56 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 4 छक्के लगाए।

होप की शतकीय पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने एक बल्लेबाजी वाली सतह पर भारत के सामने 248 का लक्ष्य रखा । होप ने इस दौरे का अपना चौथा शतक बनाया। टी 20 में होप का यह तीसरा शतक है और ऐसा करते हुए वह वेस्टइंडीज की ओर इस प्रारूप में सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने वाले बल्लेबाज हो गए हैं और उन्होंने एविन लुईस और क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया है। होप ने 50 गेंदों में नाबाद 102 रन में चार चौके और नौ छक्के लगाए। उन्होंने पारी की आखिरी दो गेंदों में छक्के मारकर अपना रिकॉर्डतोड़ शतक पूरा किया।

टॉस के दौरान दोनों ही कप्तान पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थे कि यह पिच कैसा खेलेगी लेकिन पिच अब तक बल्लेबाजी के लिए काफी अनुकूल नजर आई है। होप शुरू से लेकर अंत तक डटे रहे। होप ने पहले ऐंड्रयू और फिर हेटमायर के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की, इसके बाद पॉवेल के साथ उन्होंने 46 रनों की साझेदारी की और अंत में शरफेन रदरफोर्ड के साथ उन्होंने 91 रनों की साझेदारी की। वेस्टइंडीज ने 12वें ओवर में ही 150 के आंकड़े को छू लिया था लेकिन बाद में भारतीय गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी को धीमा किया। हालांकि वे बहुत देर तक वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को बांधे नहीं रख सके। आखिरी पांच ओवरों में वेस्ट इंडीज ने 70 रन ठोके। रदरफोर्ड ने 26 गेंदों पर नाबाद 49 रन में चार चौके और तीन छक्के लगाए।



स्कोर कार्ड >>

वेस्टइंडीज 247/3(20)	रन	गेंद	4/6
शाइ होप नाबाद	102	50	4/9
जेवेल एलबीडब्ल्यू बो अक्षर	21	16	2/1
हेटमायर कॉ एंड बो प्रिंस	33	12	4/2
पॉवेल कॉ संजू बो सिंह	24	17	2/1
रदरफोर्ड नाबाद	49	26	4/3

अतिरिक्त रन : 18, **गेंदबाज** : मयंक यादव 4-0-52-0, अर्शदीप सिंह 4-0-52-1, प्रिंस यादव 4-0-36-1, अक्षर पटेल 4-0-45-1, नमन धीर 1-0-19-0, नीतीश कुमार रेड्डी 3-0-39-0

भारत 223/10(19.3)	रन	गेंद	4/6
संजू कॉट हेटमायर बो पॉल	56	23	6/4
अभिषेक कॉ शमर बो मोती	29	24	3/1
ईशान कॉ जेवेल बो पॉल	6	3	0/1
श्रेयस कॉ जेवेल बो शमर	16	11	2/0
तिलक कॉ पॉवेल बो शेफर्ड	43	25	2/2
नमन धीर स्टंप होप बो मोती	0	1	0/0
नीतीश कॉ पॉवेल बो पॉल	41	20	1/3
अक्षर कॉ शरफेन बो कीमो	3	5	0/0
प्रिंस यादव बोल्ड कीमो पॉल	0	1	0/0
अर्शदीप सिंह रिटायर्ड हर्ट	5	4	1/0
मयंक यादव*	0	1	0/0

अतिरिक्त रन : 24
गेंदबाज : रॉस्टन चेज 4-0-43-0, शमर जोसेफ 2.3-0-47-0, रोमारियो शेफर्ड 3-0-32-1, कीमो पॉल 4-0-41-5, शमर स्प्रिंगर 4-0-40-1, गुडाकेश मोती 2-0-13-2

डेनमार्क ओपन ● युगल जोड़ी टूर्नामेंट से बाहर

सात्विक-चिराग व आयुष शेट्टी पहले ही दौर में हारे



कोपेनहेगन। डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत को बड़ा झटका लगा है। विश्व की 5वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले ही दौर में उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गए। चीनी जोड़ी हे जिटिंग और रेन जियांगयु (रैंकिंग 37) ने कड़े मुकाबले में भारतीय जोड़ी को 12-21, 21-15, 21-19 से हराया। चीनी जोड़ी के खिलाफ चार मुकाबलों में सात्विक-चिराग की यह पहली हार है। इनसे पहले मंगलवार को स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन भी अपने शुरूआती मैच हारकर बाहर हो चुके हैं। पुरुष सिंगल्स में युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी भी पहले राउंड की बाधा पार नहीं कर सके।

उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान ने 21-11, 13-21, 21-10 से मात दी। अब पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत ही एकमात्र भारतीय उम्मीद बचे हैं। वहीं महिला वर्ग में अश्मिता चालिहा, देविका सिहाग, उन्नति हुड्डा और त्रिषा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी से बेहतर प्रदर्शन की आस है।

नटराजन सनराइजर्स हैदराबाद में लौटे

आईपीएल 2027 के ऑक्शन से पहले



सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स ने ट्रेड किया है। इस सौदे में टी नटराजन हैदराबाद में वापस लौटे हैं, जबकि उनके बदले लेग स्पिनर जीशान अंसारी दिल्ली से जुड़ गए हैं। नटराजन को 5 करोड़ रुपए की राशि पर टीम में शामिल किया। जीशान अंसारी मौजूदा 40 लाख की फीस पर ही दिल्ली से खेलेंगे।

रबाडा की वापसी से मिलेगी मजबूती

डरबन (वार्ता) दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को होने वाले दूसरे आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप मैच में तेज गेंदबाज कगीसो रबाडा के खेलने की संभावना है। मई में इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के लिए खेलने के बाद से रबाडा ने कोई क्रिकेट नहीं खेला है। ट्रेनिंग के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने के कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे।

श्राप, साधना और श्रीराम-रुद्र के मिलन की दिव्य गाथा

नवरात्र शृंखला-6

अहिल्या/ अंजनी

गहरे घने वन में गौतम ऋषि का आश्रम था। यह आश्रम, श्री राम कथा के तीन महत्त्वपूर्ण उपक्रमों का केन्द्र बिन्दु है, जिनमें से पहला यह कि ऋषि गौतम के बड़े पुत्र शतानंद जी, आगे चल कर मिथिला के राजपुरोहित बने। उन्हें सीता जी अपना भाई मानती थीं। सीता स्वयंवर में भाई की सारी विधियां शतानंद जी ही ने निभाईं।

आश्रम वन के जिस शांत और सुरम्य भाग में था, वहां एक धर्म परायण और भक्ति युक्त जीवन के लिए सर्वथा उपयुक्त वातावरण था। गौतम-अहिल्या के जीवन में भी जप, तप, यज्ञ, और भगवान का भजन नित्य नियम थे। परन्तु ऋषि गौतम की पुत्री पुंजिकस्थला, स्वभाव से थोड़ी चंचल थीं। अत्यंत सुन्दरी, और भगवान की भक्त भी थीं। माता-पिता और बड़े भाई शतानंद के दुलार में कभी-कभी कुछ बचपना भी कर जातीं। पर किसी ऋषि के आश्रम के लिए उनका यह व्यवहार तनिक मेल न खाता था। इस दुविधा का हल यह निकला कि कालान्तर में पुंजिकस्थला स्वर्ग की अप्सरा नियुक्त हुईं। सम्भवतः उनका अप्रतिम सौंदर्य और सोलह कलाओं में निपुणता इसके लिए बने ही थे।

खैर, पुंजिकस्थला अपनी सखियों समेत अक्सर अपने माता-पिता से मिलने धरती पर आती रहतीं। आश्रम जीवन में तो पहले उन पर कुछ अंकुश थे भी, पर स्वर्ग में रह कर उनकी चंचलता और भी बढ़ गई थी। इसी क्रम में उन्होंने एक दिन किसी ऋषि की तपस्या में विघ्न डाल दिया। ऋषि अति क्रोधित हुए और उन स्वर्ग की अप्सरा को धरती पर वानरी के रूप में जन्म का श्राप दे डाला। पुंजिकस्थला रोते बिलखते क्षमा याचना करती रहीं। श्राप टल नहीं सकता था। अतः ऋषि ने उस श्राप को सौभाग्य में बदल दिया और कहा कि स्वयं रुद्र के अंश तुम्हारे पुत्र होकर जन्मेंगे। भविष्य अपना मार्ग बना रहा था।





समय आगे बढ़ा। पुंजिकस्थला ने धरती पर वानरराज कुंजर की पुत्री अंजनी के रूप में जन्म लिया। पूर्व जन्म उन्हें याद था, इसलिए वानर राज केसरी से विवाह के बाद बड़ी व्यग्रता से पुत्र आगमन की प्रतीक्षा में थीं। पर रुद्र अवतार सरल नहीं था। कई वर्षों की प्रतीक्षा चली और अंततः शिव को प्रसन्न करने के लिए अंजनी को घोर तप करनी पड़ी। शिव प्रसन्न हुए पर रुद्रांश को वानरी की देह में स्थापित होना था। इसमें पवनदेव ने सहायता की। अंजनी की देह के भीतर उपस्थित वायु के समीकरण व्यवस्थित किए। अंजनी को इस योग्य बनाया कि वह इस दिव्य बालक को धारण कर सकें। और फिर चैत्र मास पूर्णिमा की महामंगला तिथि पर प्रागट्य हुआ केसरी नन्दन हनुमान का।

हनुमान जन्म के बाद, माता अंजनी को और पांच पुत्र - गतिमान, श्रुतिमान, धृतिमान, मतिमान, और केतुमान प्राप्त हुए। पर जीवन सौभाग्य तो पहले ही जागृत हो चुका था। आञ्जनेय हनुमान ने माता-पिता के सैंकड़ों जन्म सुफल कर दिए थे। धन्य हैं वे माता अंजना, जिनका पुत्र साक्षात् भक्ति भी है, और मुक्ति भी। और उन्हीं भक्तराज के साथ श्री राम-चरण-प्रीति लिए हम चलते हैं इस प्रसंग के अगले भाग में।



आकांक्षा प्रफुल्ल पाण्डेय (मुम्बई)

पर इसके लिए हमें एक पीढ़ी पीछे जाना होगा, जिनका यह आश्रम है, स्वयं उन गौतम ऋषि और अहिल्या का प्रसंग। स्वर्ग लोक में परमपिता ब्रह्मा जी की मानस पुत्री थीं अहिल्या। रूप और गुणों से अलंकृत अहिल्या परम सुलक्षणा थीं। देवराज इन्द्र और स्वर्ग के अनेक देवता उनसे विवाह के इच्छुक थे। एक से बढ़ कर एक वर, पंक्ति में लगे थे। पिता को असमंजस था. इसका हल निकालने के लिए उन्होंने प्रतियोगिता रख दी - ब्रह्माण्ड में तीन लोकों की परिक्रमा, जो पुरुष-श्रेष्ठ सबसे पहले पूरी करने में सक्षम होंगे, वही अहिल्या के लिए उपयुक्त वर होंगे। हर जगह होड़ मच गई। इंद्र ने माया से अन्य सब का समय धीमा किया और सबसे पहले परिक्रमा पूरी की। पर इस छल को लेकर सभा में थोड़ा वाद विवाद शुरू हुआ। आखिर नारद जी सामने आए और कहा -आप सब आज एक की परिक्रमा को लेकर, स्वयं को पराक्रमी बता रहे हैं। धरती पर गौतम ऋषि, बड़ी सहजता से करते हैं, और वह भी हर दिन ग्यारह बार। आज भी आप सब से पहले उन्हीं ने यह कार्य पूर्ण किया है।(गौतम हर दिन, नित्यपूजा में गो माता की परिक्रमा करते। यह कर्म, तीन लोकों की प्रदक्षिणा के तुल्य माना जाता है)। देव सभा में तर्क सिद्ध हुआ और गौतम अहिल्या का ब्याह सम्पन्न हुआ।

लेकिन इन्द्र ने इस पूरी घटना को अपना अपमान माना। प्रेमी पुरुष, यदि अपमानित हो, तो वह सारी मर्यादाएं तोड़ने पर उतर आता है। अहिल्या परम पतिव्रता थीं। उनका पति के लिए एकनिष्ठ प्रेम और सतीत्व प्रखर था। उसे किसी प्रलोभन या भय से तोड़ा नहीं जा सकता, लेकिन इन्द्र ने फिर छल किया। गौतम ऋषि के भेस में, अहिल्या का मान भंग कर दिया। भोली अहिल्या कुछ समझ पातीं, उससे पहले ही अपने पति गौतम के क्रोध की भागी बन गईं। ऋषि ने उन्हें युगों तक पत्थर की शिला बन जाने का श्राप दे दिया। पति के अविश्वास, झूठे लांछन, और दुख ने उन्हें वैसे भी जड़ कर दिया था। धीरे-धीरे शरीर पत्थर में बदल रहा था। किसी तरह अहिल्या ने रो-रो कर अपने निर्दोष होने की आपबीती कह सुनाई। ऋषि को अपनी भूल का बोध हुआ। उन्होंने अहिल्या को आश्वस्त किया - हे देवी, अब तो श्री राम की चरण धूलि से ही आपको मुक्ति मिलेगी. आप निर्दोष थीं, फिर भी मैने आप पर संदेह किया। परन्तु श्री राम की इस कृपा से आप संसार में सबसे पवित्र नारियों में गिनी जायेंगी। कुलीन स्त्रियां, अपने सतीत्व के रक्षा के लिए, पंचकन्याओं में आपका नाम सबसे पहले लेंगी।

ऋषि का यह आश्वासन कई वर्षों बाद जा कर पूरा हुआ। राम नाम जपती अहिल्या पत्थर बनी राह निहारती रहीं। और आखिर श्री राम की चरण रज से मुक्त हुईं अहिल्या पति लोक की ओर गईं। आज भी उन माता अहिल्या का नाम संसार आदर पूर्वक लेता है।

'अहिल्या द्रौपदी तारा, कुंती मंदोदरी तथा. पञ्च कन्याः स्मरेनित्यं महापातक नाशनम्'

मन, वचन और कर्म की पवित्रता में निहित वह दुर्गा तत्व हम सब में भी स्थायी प्रगट हों। इन्हीं भावों के साथ।

जय सियाराम

(क्रमशः)

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 15 अक्टूबर, 2026

कैबिनेट में पीएम मोदी के अभिनंदन का प्रस्ताव मंजूरः सीएम भजनलाल बोले- राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करवाई, राजस्थान के दशकों से लंबित समझौते आगे बढ़े

आज सिंचाई चीफ से वार्ता करेंगे किसान नेता, इसके बाद तय होगी अगली रणनीति

सिंचाई पानी की मांग को लेकर घड़साना, खाजूवाला, रावला में चक्का जाम : आश्वासन पर शाम 5 बजे खुला

सीमा सन्देश # घड़साना।

अनूपगढ़ शाखा में 4 में से 2 समूह (ग्रुप) में सिंचाई पानी दिए जाने तथा इस शाखा के पानी को रिजर्व करने की पुरजोर मांग को लेकर 'खेत बचाओ, किसानी बचाओ संघर्ष समिति' के आह्वान पर बुधवार को किया गया अनिश्चितकालीन चक्का जाम पूरी तरह सफल रहा। सुबह 7 बजे से ही आंदोलनकारी किसानों ने अनूपगढ़ शाखा के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख मार्गों व राष्ट्रीय-राज्य राजमार्गों पर मोर्चा संभाल लिया।

पहिये थमे, बाजारों में पसरा सन्नाटा

किसानों के आक्रोश के चलते समूचे क्षेत्र में चक्का जाम का व्यापक असर देखा गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, वहीं कस्बे के बाजार खुले होने के बावजूद ग्राहकों की गैर-मौजूदगी से पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। संघर्ष समिति ने मानवीय संवेदना और अनुशासन का परिचय देते हुए एम्बुलेंस, प्रेस, पुलिस, सेना, शादी-ब्याह की गाड़ियों तथा अन्य आपातकालीन सेवाओं को पूरी तरह जाम से मुक्त रखा।

दूरभाष पर बनी सहमति, प्रस्ताव भेजा

दिनभर चले शांतिपूर्ण और प्रभावी गतिरोध के बाद बुधवार शाम प्रशासन की ओर से गतिरोध सुलझाने की पहल की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने संघर्ष समिति के शीर्ष पदाधिकारियों से फोन पर अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता की। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी जायज मांगों का प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को प्रेषित कर दिया गया है। प्रशासन ने जानकारी दी कि मामले के स्थायी समाधान के लिए सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता (चीफ इंजीनियर) गुरुवार को स्वयं घड़साना पहुंच रहे हैं, जहां वे किसानों के साथ सीधे वार्ता की मेज पर बैठेंगे। प्रशासन के इस ठोस और सकारात्मक रुख को देखते हुए संघर्ष समिति ने शाम ठीक 5 बजे चक्का जाम को स्थगित करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया।

पड़ाव स्थल पर जुटने का आह्वान

संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारी गुरभेज सिंह ने विभिन्न संचार माध्यमों से सभी नाकों पर मौजूद किसानों को वार्ता की जानकारी दी और जाम खोलने का आग्रह किया। गुरभेज सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है; गुरुवार सुबह अधिक से अधिक संख्या में उप जिला कलेक्टर (एसडीएम) कार्यालय के समक्ष चल रहे महापड़ाव स्थल पर पहुंचें। वहां सिंचाई चीफ व प्रशासनिक अमले के साथ निर्णायक वार्ता होगी और यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन की अगली तीखी रणनीति का एलान वहीं किया जाएगा।



किसान बोले – हक लेकर रहेंगे



रावलामण्डी। 35 दिनों से चल रहे किसान आंदोलन के तहत आज किया गया अनिश्चितकालीन चक्का जाम देर शाम स्थगित कर दिया गया है। किसानों ने प्रशासन के आश्वासन पर यह फैसला लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 सितंबर से किसान अनूपगढ़ शाखा के स्थाई समाधान और सिंचाई पानी की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। आज सुबह से अनूपगढ़ शाखा की सभी मंडियों सहित रावला तहसील के 9 पीएसडी, 4 केपीडी, 7 केएनडी, 13 वाली पुली, सेखड़ा 365 हैड सहित सभी मुख्य सड़कें पूरी तरह बंद रही। इससे आमजन बुरी तरह प्रभावित हुआ। वही चक्का जाम के चलते जिले के पुलिस का अमला पूरी तरह से क्षेत्र में सक्रिय रहा जिले के कई आल्हा अधिकारी पल पल की रिपोर्ट सरकार को भेजते रहे। देर शाम प्रशासनिक अधिकारियों ने किसान नेताओं से वार्ता कर चक्का जाम स्थगित करने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि आज सुबह चीफ इंजीनियर के साथ किसानों की वार्ता करवाई जाएगी। किसान नेताओं ने बताया कि कल सुबह 10 बजे चीफ इंजीनियर के साथ महत्वपूर्ण वार्ता होगी, अब सबकी नजर कल की वार्ता पर टिकी है।

खाजूवाला; आवागमन बाधित होने से परेशानी



सीमा सन्देश # खाजूवाला।

सीमावर्ती क्षेत्र में सिंचाई पानी की मांग को लेकर पिछले एक महीने से आंदोलनरत किसानों ने 14 अक्तूबर को कमेटी के आह्वान पर अनिश्चितकालीन चक्का जाम शुरू किया। सुबह 8 बजे से खाजूवाला से अनूपगढ़ मार्ग पर 17 केवाईडी सहित कई स्थानों पर किसानों ने सड़कें जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने स्पष्ट किया था कि सिंचाई पानी की समस्या का स्थायी समाधान होने तक चुनाव बहिष्कार और चक्का जाम जारी रहेगा। इसी बीच शाम करीब 4 बजे सरकार ने किसानों की मांगों पर सहमति जताई। किसान पक्ष के अनुसार, सरकार ने छह बारी पानी देने तथा एक समीक्षा के दौरान अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसके साथ ही वर्ष 2004 के समझौते को लागू करने का आश्वासन भी दिया गया। सरकार ने मांगों की समीक्षा के लिए आगामी दो माह में कमेटी गठित करने की बात कही है। इसके बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त करने पर सहमति जताई। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दो माह के भीतर मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो धरना और आंदोलन दोबारा शुरू किया जाएगा। आंदोलन के दौरान खेत बचाओ किसान बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में सिंचाई पानी का स्थायी समाधान आवश्यक है।

ग्वार 15 हजार रु. पहुंचने की चर्चा से मंडी में थमी आवक

तेजी की आस में किसानों ने रोकी उपज

हनुमानगढ़। ग्वार के भावों में भारी तेजी आने की संभावनाओं के बीच कृषि उपज मंडी में ग्वार की आवक सुस्त पड़ गई है। इस बार अनुकूल मौसम के चलते पैदावार बेहतर बताई जा रही है, लेकिन बाजार व सोशल मीडिया पर भाव 15 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचने की चर्चाओं के चलते किसान फसल बेचने से परहेज कर रहे हैं।

मंडी आंकड़ों के अनुसार, इस सीजन अप्रैल से सितंबर तक 4,518 क्विंटल ग्वार पहुंचा, जिसमें सितंबर माह में केवल 1,952 क्विंटल आवक हुई। पिछले साल इसी छह माह की अवधि में 3,535 क्विंटल की आवक हुई थी। हालांकि पिछले वर्ष के मुकाबले आवक 983



क्विंटल अधिक है, पर मौजूदा बंपर पैदावार के मुकाबले यह आंकड़ा काफी कम है। वर्तमान में ग्वार 6,500 से 7,000 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है, जो नरमा (7,000-8,000 रुपये) के करीब है।

पुराने रिकॉर्ड से जगी उम्मीद : किसानों की इस उम्मीद को वर्ष 2011 का ऐतिहासिक उछाल हवा दे रहा है, जब ग्वार 30 हजार रुपये प्रति क्विंटल पार कर गया था।

रिश्वत मांगने पर तूल पकड़ा : बार संघ ने एसडीएम कार्यालय पर दिया धरना



सादुलशहर। उपखंड कार्यालय (एसडीएम कोर्ट) में शांति भंग के मामले में जमानत तस्दीक करने की एवज में रिश्वत मांगने का प्रकरण गरमा गया है। आरोप है कि कार्यालय के कर्मचारी विकास मीणा ने परिवादी और बार संघ सदस्य एडवोकेट अमन बराड़ से एक हजार रुपये की घूस मांगी और विरोध करने पर अभद्रता की। इसके विरोध में गुस्साए अधिवक्ता उपखंड कार्यालय के समक्ष सांकेतिक धरने पर बैठ गए और राजस्व न्यायालय के कार्य का बहिष्कार कर दिया। बार संघ अध्यक्ष सुभाष पटीर, पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, रविंद्र मोदी और सचिव राकेश गुरिया के नेतृत्व में वकीलों ने जोरदार नारेबाजी की। पूर्व अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि 12 अक्टूबर के इस मामले में बाबू ने वकील लाने पर प्रति व्यक्ति दो हजार रुपये लेने की धमकी तक दी थी। 13 अक्टूबर को जब शिष्टमंडल एसडीएम से मिला, तो कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन व एसीबी को ज्ञापन भेजकर आरोपी लिपिक को तत्काल निलंबित कर अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। एसडीएम संजय अग्रवाल ने बताया कि 12 अक्टूबर को वे मीटिंग के सिलसिले में श्रीगंगानगर में थे। कर्मचारी विकास मीणा ने रिश्वत के आरोपों को निराधार बताया है। पूरा मामला जिला कलेक्टर को भेजा जा रहा है; वहां से मिलने वाले निदेशों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528